सुनहरा संसार ग्रुप न्यूज़ नेटवर्क

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र, भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

सुनहरा संसार

DAVP No. 0810F21125/005 RNI No. UPHIN/2005/24731 Email. sunahara.sansar@gmail.com

वर्ष 19, अंक-365, बुधवार , 18 नवंबर 2026, पृष्ठ - 12, मूल्य - 5 रुपए, आगरा एवं गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

प्रयागराज, लखनऊ, आगरा, संस्करण उत्तर प्रदेश, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड, राजस्थान में पढ़े जाने वाला समाचार पत्र



राघवेंद्र सिंह चौहान
प्रधान संपादक सुनहरा संसार
9412162614

यदि कोई अधिकारी/ सरकारी कर्मचारी आपका संवैधानिक दोहन करता है। या रिश्वत की मांग करता है बार-बार ऑफिस के चक्कर लगवाता है। तो आप सुनहरा संसार को बताएं हम आपकी बात प्रदेश के मुखिया / देश के मुखिया भारत के मुख्य न्यायाधीश महोदय तक पहुंचाएंगे। सुनहरा संसार उस भ्रष्टाचारी के काले कारनामे जनता के सामने उजागर करेंगे न्याय की दहलीज तक पहुंचाएंगे अंतिम छोर तक संघर्ष करेंगे

सुनहरा संसार ग्रुप न्यूज़ नेटवर्क
नई दिल्ली भारत

'हमारे पास सामर्थ्य भी और संकल्प भी': आसियान समिट में बोले पीएम मोदी; अस्थिरता खत्म करने पर भी दिया जोर

मनीला



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आसियान-भारत शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में दुनिया ने लगातार कई संकटों का सामना किया है। आज दुनिया को सबसे ज्यादा शांति, स्थिरता और भरोसेमंद माहौल की जरूरत है। ऐसे में इस वर्ष की थीम 'हम सब मिलकर अपने भविष्य की राह तय करें' विशेष महत्व रखती है। आने वाले वर्षों में आसियान कम्युनिटी विजन 2045 और विकसित भारत 2047 हमारी साझा आकांक्षाओं को पूरा करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा "हमारे पास सामर्थ्य भी है और संकल्प भी जिससे हम आपसी भागीदारी को नई दिशा दे सकते हैं।" हमारा मानना है कि भारत का विकास और आसियान की समृद्धि एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। उन्होंने आगे कहा कि पिछले 12 वर्षों में हमने अपनी साझेदारी को नई गति दी है। अब हमें मिलकर अपने क्षेत्र के भविष्य के लिए नई दिशा तय करनी होगी। आसियान की एकता और इस साझेदारी में उसकी केंद्रीय भूमिका के प्रति भारत की प्रतिबद्धता अटूट है और आगे भी बनी रहेगी। मुझे विश्वास है कि आज की यह बैठक हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी और एक सुरक्षित, समावेशी तथा समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के निर्माण में योगदान देगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत की एक्ट ईस्ट नीति ने भारत-आसियान संबंधों को नई गति और गहराई दी है। हमारी साझेदारी अब साझा संस्कृति और विरासत से आगे बढ़कर डिजिटल, रक्षा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में भी नए आयाम हासिल कर चुकी है। वर्ष 2014 से अब तक लोगों के बीच संपर्क मजबूत करने के लिए 100 से अधिक पहल की गई हैं, करीब 250 क्विक इंपैक्ट प्रोजेक्ट शुरू किए गए हैं और कौशल विकास के लिए 10 हजार से अधिक छात्रवृत्तियां दी गई हैं। आज भारत और आसियान के नौ देशों के बीच सीधी उड़ानें और बढ़ता पर्यटन हमारे मजबूत संबंधों का प्रमाण हैं। अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत के इस समूह (क्वाड) की ये बैठक डोनाल्ड ट्रंप के लिए पहली होगी। ये बैठक इस समूह के पिछले सम्मेलन के दो साल बाद हो रही है, जिसे उनके पूर्ववर्ती जो बाइडेन अपनी विदेश नीति की एक बड़ी उपलब्धि मानते थे। फिलीपींस दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मनीला स्थित खालसा दीवान गुरुद्वारे पहुंचकर मत्था टेका और यहां उन्होंने ग्राउंडब्रेकिंग सेरेमनी में हिस्सा लिया और स्थानीय सिख समुदाय के लोगों से मुलाकात की।

पीएम मोदी की बड़ी पहलः आसियान देशों के युवाओं को नालंदा में पढ़ने के मिलेंगे अधिक अवसर, मनीला में रखा प्रस्ताव

पटना

फिलीपींस की राजधानी मनीला में आयोजित 23वें भारत-आसियान शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आसियान देशों के विद्यार्थियों के लिए नालंदा विश्वविद्यालय में छात्रवृत्तियों का विस्तार करने का प्रस्ताव रखा। नालंदा विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रधानमंत्री की इस पहल का स्वागत करते हुए इसे दक्षिण-पूर्व एशिया के साथ भारत के ऐतिहासिक और शैक्षणिक संबंधों को मजबूत करने वाला कदम बताया है। शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने शांत, स्थिर और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के निर्माण में आपसी सहयोग और साझा सांस्कृतिक मूल्यों के महत्व पर जोर दिया। इसी क्रम में उन्होंने आसियान देशों के युवाओं को भारत की उच्च शिक्षा से जोड़ने के लिए नालंदा विश्वविद्यालय में छात्रवृत्तियों की संख्या बढ़ाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री की इस पहल पर आभार व्यक्त करते हुए नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने कहा कि भारत-आसियान साझेदारी में नालंदा को महत्वपूर्ण आधार के रूप में पहचान देने के लिए विश्वविद्यालय प्रधानमंत्री का आभारी है। उन्होंने कहा, "युवा इस साझेदारी को आगे बढ़ाने की मुख्य कड़ी हैं। छात्रवृत्तियों के विस्तार से आसियान देशों के युवा भारत के 'विकास' और 'विरासत' के दृष्टिकोण से जुड़ सकेंगे।

ईरान के हमलों पर अमेरिका सख्तः रूबियो ने दी बहरीन को सुरक्षा की गारंटी

वॉशिंगटन



अमेरिका ने बहरीन पर ईरान के हमलों की कड़ी निंदा की है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने सोमवार को बहरीन के विदेश मंत्री अब्दुल्लातिफ बिन राशिद अल जायानी से फोन पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने बहरीन और खाड़ी क्षेत्र के अन्य सहयोगी देशों की सुरक्षा के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता दोहराई। अमेरिकी विदेश विभाग की ओर से जारी बयान के मुताबिक, रूबियो ने बातचीत में ईरान के हमलों की निंदा की। दोनों नेताओं ने अमेरिका और बहरीन के बीच लंबे समय से चले आ रहे रणनीतिक संबंधों को भी दोहराया।

नाटो का सदस्य नहीं, फिर भी अमेरिका का खास सहयोगी है बहरीन

अमेरिका और बहरीन की साझेदारी को मेजर नॉन-नाटो एलाय का दर्जा और व्यापक सुरक्षा एकीकरण एवं समृद्धि समझौता (C-SIPA) मजबूती देता है। इस समझौते के तहत दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग को अहम माना जाता है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि दोनों नेताओं ने इस रणनीतिक साझेदारी को आगे भी मजबूत बनाए रखने पर जोर दिया।

जेडी वेंस बोले- ईरान के साथ लंबी जंग नहीं चाहता अमेरिका

इस बीच, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान के साथ जारी संघर्ष को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका इस युद्ध को लंबे समय तक चलने वाला सैन्य अभियान नहीं बनाना चाहता। फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, वेंस ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को अमेरिका के लिए खतरा बताया। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेरिका इस संघर्ष में 10 या 15 साल तक शामिल नहीं रहेगा। यहां तक कि दो साल तक भी सैन्य प्रतिबद्धता बनाए रखने का उसका इरादा नहीं है। वेंस ने भरोसा जताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस संघर्ष को अमेरिका के अनुकूल नतीजों के साथ समाप्त करेंगे।

इराक में ईरान समर्थित संगठन को अल्टीमेटम, सेना करेगी कार्रवाई

दूसरी ओर, इराक ने ईरान समर्थित सशस्त्र संगठन काताइब हिजबुल्ला के गढ़ जर्फ अल-नस्र में सेना तैनात करने का आदेश दिया है। यह कार्रवाई कथित तेल तस्करी की जांच के बीच की जा रही है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, इराक के प्रधानमंत्री अली अल जैदी ने सेना को इस इलाके में प्रवेश करने का निर्देश दिया है। साथ ही, तेल तस्करी की जांच में कथित रूप से शामिल सशस्त्र गुट को क्षेत्र छोड़ने के लिए समयसीमा दी गई है। सरकारी प्रवक्ता हैदर अल-अबौदी ने सोमवार को इस आदेश की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि दी गई समयसीमा ज्यादा दूर नहीं है। प्रधानमंत्री ने सैन्य और सुरक्षा अधिकारियों को इलाके के आसपास अतिरिक्त बल तैनात करने और सरकारी सैनिकों के प्रवेश की तैयारी करने को कहा है। इससे इराकी सेना और काताइब हिजबुल्ला के बीच सीधा टकराव होने की आशंका है।

गोंडाः रामकथा के लिए पहुंचे धीरेंद्र शास्त्री, बोले- आपस की तनातनी खत्म कर सच्चे सनातनी बनो

गोंडा



नौ दिवसीय रामकथा के आयोजन के लिए गोंडा पहुंचे बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि राम अब फिर से आ रहे हैं। नौ दिनों तक रामकथा होगी। उन्होंने "और गोंडा के पागलों..." के साथ पांडाल में मौजूद जनता को संबोधित करना शुरू किया। कहा कि देश का हिंदू जाग रहा है। जो राम का नहीं वो किसी काम का नहीं। हमारा सनातन अब आगे बढ़ रहा है। सनातन अब नित नई ऊंचाइयां छू रहा है। हमारा संत समाज अब सिर्फ मांगने वाला नहीं बल्कि देने वाला दाता बन गया है। साधु संतों का भी अब दबदबा है। उन्होंने जो राम का नहीं वो किसी काम का नहीं के नारे लगवाए। उन्होंने हम सब हिंदू भाई-भाई के नारे लगवाए और कहा कि आपस की तनातनी खत्म कर सच्चे सनातनी बनो। गोंडा के जयप्रभा ग्राम स्थित चिन्मय ग्रामोदय विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मंगलवार से नौ दिवसीय श्रीराम कथा और दो दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव शुरू होगा। कथा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री और योगगुरु स्वामी रामदेव पहले दिन शामिल होंगे। अयोध्या धाम के राजकुमार दास महाराज समेत देशभर के संत-महात्मा भी आयोजन में पहुंचेंगे।

क्वाड बैठकः ट्रंप ने की पीएम मोदी की तारीफ, बताया बहुत सख्त इंसान

मनीला



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक बार फिर तारीफ की। ट्रंप ने उन्हें 'बहुत सख्त इंसान' बताया। इसके साथ उन्होंने यह भी कहा कि जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची उनसे भी ज्यादा सख्त हो सकती हैं। ट्रंप ने कहा कि हम भी ठीक हैं। ट्रंप ने यह बात क्वाड देशों के नेताओं के साथ बैठक से मीडिया से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने कहा, इन नेताओं और उनके देशों के साथ अमेरिका के अच्छे संबंध हैं। ये संबंध शुरूआत से ही अच्छे रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि वह इन तीनों नेताओं को लंबे समय से जानते हैं। वे शानदार लोग हैं। वे उनके दोस्त हैं। ट्रंप ने कहा, पिछला साल हमारे लिए काफी अच्छा रहा। क्वाड को फिर से सक्रिय करने और आपसी सहयोग की दिशा में लगातार काम हुआ है। हमारी दोस्ती भी पहले से कहीं ज्यादा गहरी हुई है। हम सभी दोस्त हैं। इस तरह काम करना काफी आसान हो जाता है। उन्होंने कहा, ये देश पूरी दुनिया की सबसे अहम साझेदारों में शामिल हैं। हम दुनिया के सबसे सफल देशों में से हैं। कुछ मामलों में हम दुनिया के सबसे सफल देशों में शामिल हैं। वहीं, कुछ मामलों में दुनिया के सबसे शक्तिशाली देशों में भी गिने जाते हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने आगे कहा, हमारे देश एक स्वतंत्र, खुले, स्थिर और सबसे समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के चार मजबूत स्तंभ हैं। हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। क्षेत्रीय सुरक्षा और आर्थिक कूटनीति से जुड़े मुद्दों पर हम एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करते हैं। क्वाड देशों के नेताओं को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा, हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। हम एक-दूसरे के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्वाड समूह दुनिया की सबसे सफल साझेदारियों में से एक है। ट्रंप मंगलवार को फिलीपींस की राजधानी मनीला पहुंचे। वह यहां 49वें आसियान शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। इस दौरान उनकी क्षेत्रीय नेताओं से मुलाकात होगी।

रूस का दावाः यूक्रेन के 1441 ड्रोन मार गिराए, जवाब में कीव पर मिसाइल हमला

मॉस्को



रूस और यूक्रेन के बीच हवाई हमले तेज हो गए हैं। रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को दावा किया कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने 1,441 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए। यह लगातार दूसरी रात हुआ बड़ा हमला था। वहीं, यूक्रेन की सेना ने लगातार दूसरे दिन रूस को क्रीमिया से जोड़ने वाले अहम पुल पर हमला किया। इस पुल से रेल और सड़क के जरिये आवाजाही होती है। दूसरी ओर, रूसी सेना ने भी यूक्रेन की राजधानी कीव पर बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया। इस हमले में राजधानी के दो प्रमुख पुलों को निशाना बनाया गया।

दो लोगों की मौत हुई। हवाई हमलों में यह बढ़ोतरी ऐसे समय हुई है, जब रूस और यूक्रेन अमेरिका की मध्यस्थता में होने वाली अगली वार्ता की तारीख का इंतजार कर रहे हैं। इस बातचीत का मकसद युद्ध खत्म करना है। यह युद्ध 24 फरवरी 2022 को शुरू हुआ था। उस दिन रूस ने पड़ोसी देश यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर हमला किया था। रूस ने सोमवार को दावा किया था कि उसने यूक्रेन के 1,336 ड्रोन मार गिराए। युद्ध शुरू होने के बाद रूस ने पहली बार एक दिन में इतने ज्यादा यूक्रेनी ड्रोन मार गिराने का दावा किया था। मंगलवार को रूस ने इससे भी ज्यादा ड्रोन गिराने की बात कही। उसके मुताबिक, उसने यूक्रेन के 1,441 ड्रोन मार गिराए। सोमवार को यूक्रेन ने विशाल केर्च पुल को निशाना बनाया था। यह पुल रूस को क्रीमिया प्रायद्वीप से जोड़ता है। सैन्य और आम नागरिकों से जुड़ी जरूरी चीजों की आवाजाही के लिए यह पुल बेहद अहम है। यह पुल रूस के लिए प्रतीकात्मक रूप से भी बहुत अहम है। साल 2014 में रूस ने क्रीमिया पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया था। इसके बाद यह पुल उस कब्जे का एक बड़ा प्रतीक बन गया। अधिकारियों ने सोमवार को कहा था कि पुल को मामूली नुकसान हुआ था। लेकिन मीडिया की कुछ अपुष्ट रिपोर्ट्स में मंगलवार के हमले को लेकर बड़ा दावा किया गया। इन खबरों के मुताबिक, दूसरे दिन के हमले में पुल के दो मेहराबों में से एक को गंभीर नुकसान पहुंचा है। एसोसिएटेड प्रेस इन खबरों की तुरंत पुष्टि नहीं कर सका कि पुल का कोई हिस्सा ढह गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बताया कि इस हमले की तैयारी कई हफ्तों से चल रही थी। इसमें ड्रोन और मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया। निशाने पर रूस का एक बेहद अहम रेल और सड़क पुल था। करीब पांच साल से चल रहे युद्ध के बीच यह रूस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। जेलेंस्की ने केर्च पुल पर हुए इस हमले को 'अभूतपूर्व' ऑपरेशन बताया। उन्होंने इसे यूक्रेन की बड़ी कामयाबी बताया। उन्होंने कहा कि यूक्रेनी सेना ने पहले धीरे-धीरे रूस की वायु रक्षा प्रणाली को कमजोर किया। इसके बाद रात में मिसाइलों और ड्रोन से पुल पर हमला किया। रूस की ओर से नियुक्त क्रीमिया के गवर्नर सर्गेई अक्स्योनोव ने बताया कि पुल पर यातायात रोक दिया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे पुल की दिशा में यात्रा करने से बचें।

हालांकि, उन्होंने पुल को हुए किसी नुकसान का जिक्र नहीं किया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि उसकी सेना ने रात में बड़ा हमला किया। इसमें जमीन और हवा से दागे जाने वाले सटीक निशाना लगाने वाले हथियारों और ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। मंत्रालय के मुताबिक, यूक्रेन के सैन्य और औद्योगिक ठिकानों को निशाना बनाया गया।

जनता के लिए खुलेगा 'शीशमहल': जल्द शुरू होगी घूमने की व्यवस्था, टिकट लेकर मिलेगी एंट्री; सरकार का बड़ा फैसला

नई दिल्ली



दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास को लेकर एक बार फिर सियासत तेज हो गई है। दिल्ली सरकार ने अब इस शीशमहल को आम जनता के लिए खोलने का फैसला किया है। लोक निर्माण मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि पहले कैबिनेट की बैठक में शीशमहल को राज्य अतिथि गृह में बदलने का निर्णय लिया गया था, लेकिन जनता की मांग को देखते हुए अब इसे आम लोगों के लिए खोलने का फैसला किया गया है। यहां आने-जाने, टिकट बुकिंग और आरक्षण की व्यवस्था से जुड़ी विस्तृत जानकारी जल्द साझा की जाएगी। मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि पहले देश के मीडिया को शीशमहल का दौरा कराया जाएगा। इसके बाद आम जनता को भी पूरे परिसर को देखने का मौका मिलेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस व्यक्ति ने कभी सरकारी गाड़ी और सरकारी बंगला नहीं लेने की बात कही थी, उसी ने कई पुराने बंगलों, सर्वेंट क्वार्टर और गैराज को तुड़वाकर इस भव्य परिसर का निर्माण कराया। उन्होंने शीशमहल में स्मार्ट लाइटिंग, महंगे पर्दों और वियतनाम से मंगवाए गए संगमरमर जैसी सुविधाओं का जिक्र करते हुए कहा कि जनता खुद यहां आकर इन चीजों को देख सकेगी।

रायपुरः बरी होने के बाद भी 7 साल जेल में रहा देवीलाल, सुप्रीम कोर्ट ने 30 लाख मुआवजे का दिया आदेश

रायपुर



हत्या के मामले में उच्च न्यायालय से बरी होने के बावजूद सात साल तीन महीने और 29 दिन तक अतिरिक्त जेल में बंद रहे छत्तीसगढ़ के देवीलाल गोंड को उच्चतम न्यायालय ने 30 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है। शीर्ष अदालत ने पहले से तय दो लाख रुपये के मुआवजे को अपर्याप्त मानते हुए राज्य सरकार को बढ़ी हुई राशि का भुगतान चार सप्ताह के भीतर करने का निर्देश जारी किया है। न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा की पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि यह मामला केवल प्रशासनिक लापरवाही का नहीं, बल्कि संस्थागत समन्वय की गंभीर विफलता का प्रतीक है। न्यायालय ने निर्दोष नागरिक की इस लंबी कैद को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्राप्त व्यक्तिगत स्वतंत्रता के सांविधानिक अधिकार का सीधा उल्लंघन माना है। देवीलाल गोंड को हत्या के एक मामले में 7 दिसंबर 2012 को गिरफ्तार किया गया था। राजनांदगांव के सत्र न्यायालय ने मामले की सुनवाई करते हुए 14 अगस्त 2013 को उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई थी। इस फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय ने 20 जनवरी 2018 को उनकी दोषसिद्धि तथा सजा को पूरी तरह रद्द करते हुए उन्हें बरी कर दिया था। राज्य सरकार ने भी उच्च न्यायालय के इस निर्णय के विरुद्ध कोई अपील दायर नहीं की थी। इसके बावजूद उच्च न्यायालय के फैसले की जानकारी केंद्रीय जेल प्रशासन तक नहीं पहुंच पाई और देवीलाल लगातार जेल में ही बंद रहे। जेल अधीक्षक ने 3 अप्रैल 2018 और 18 जून 2018 को विधिक सहायता पैनल के संबंधित अधिवक्ता को पत्र लिखकर अपील की अद्यतन स्थिति के बारे में जानकारी मांगी थी लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिला। अंततः 15 मई 2025 को जब केंद्रीय जेल में बंद सजायाफ्ता कैदियों की अपीलों के रिकॉर्ड का नियमित सत्यापन किया जा रहा था, तब देवीलाल गोंड के बरी होने का सच उजागर हुआ। इसके पश्चात प्रशासनिक कार्रवाई पूरी कर 19 मई 2025 को उन्हें जेल से मुक्त कर दिया गया। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा ने टिप्पणी की कि किसी व्यक्ति की जिंदगी के सात से अधिक महत्वपूर्ण साल जेल में बेकार चले जाना बेहद गंभीर चिंता का विषय है। इस अवैध कैद के कारण देवीलाल की आजीविका, कमाई की क्षमता, शिक्षा, कौशल विकास और भविष्य की सभी संभावनाएं प्रभावित हुईं।

'दो साल तक भी युद्ध में नहीं रहेगा अमेरिका': ईरान संघर्ष पर बोले जेडी वेंस

वॉशिंगटन



अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के साथ चल रहे संघर्ष को कभी भी लंबे समय तक चलने वाला युद्ध नहीं बनने देंगे। उन्होंने दोहराया कि अमेरिका इस संघर्ष में 10 या 15 साल तो दूर दो साल तक भी सैन्य रूप से शामिल रहने की प्रतिबद्धता नहीं जताएगा। हालांकि, वेंस ने अमेरिकी सेना की वापसी के लिए कोई निश्चित तारीख नहीं बताई। सोमवार को फॉक्स न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में वेंस ने भरोसा जताया कि ट्रंप इस संघर्ष को सफलतापूर्वक समाप्त करेंगे। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने कहा, 'वह इसे कभी भी अंतहीन युद्ध नहीं बनने देंगे। हमने अमेरिकी जनता से वादा किया था कि हम अब और अंतहीन युद्ध नहीं लड़ेंगे।' वेंस ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने के ट्रंप के घोषित उद्देश्य का बचाव किया। उन्होंने कहा कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम अमेरिका के लिए खतरा है और इसके खिलाफ कार्रवाई जरूरी थी। हालांकि, उन्होंने इस अभियान को लंबे समय तक जारी रखने की संभावना को खारिज किया। वेंस ने उन नव-रूढ़िवादी विचारधारा (नियो-कंजरवेटिव) के समर्थकों और अन्य लोगों की भी आलोचना की, जो चाहते हैं कि अमेरिका इस संघर्ष में अनिश्चितकाल तक शामिल रहे। उन्होंने कहा कि उन्हें ट्रंप पर भरोसा है कि वह इस युद्ध को उचित अंजाम तक पहुंचाएंगे।

गलती या कोई साजिशः बीएसएफ जवान ने पार की सीमा, बांग्लादेश ने हिरासत में लिया; वापस लाने की कोशिशें जारी

नई दिल्ली



बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) ने मंगलवार को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान को हिरासत में लिया है। जो अनजाने में दूसरी तरफ चला गया था। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। उन्होंने बताया कि जवान को वापस लाया जा रहा है। अधिकारियों ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि बीएसएफ का यह जवान अनजाने में बांग्लादेश की सीमा में दाखिल हो गया था। जिसे सिलहट के बिचानाकांडी में बांग्लादेशी क्षेत्र में पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि उसे वापस लाने के लिए एक 'फ्लैग मीटिंग' की जा रही है। बता दें कि बीएसएफ देश के पूर्वी हिस्से में 4,096 किलोमीटर लंबी भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) की सुरक्षा करती है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार मंगलवार को दोपहर करीब 12:30 बजे, बीएसएफ का एक जवान गोवाइनघाट उपजिला के बिचानाकांडी इलाके में लगभग 200 गज अंदर बांग्लादेश की सीमा में चला गया।

सम्पादकीय

जलवायु परिवर्तन का बढ़ता खतरा, गर्भ में पल रहे बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए क्यों बन रहा है नासूर



जलवायु परिवर्तन की मार अब गर्भवती महिलाओं और अजन्मे बच्चों पर पड़ रही है। भीषण गर्मी और लू से प्री-मैच्योर डिलीवरी का खतरा बढ़ गया है। मातृ-शिशु सुरक्षा आज की सबसे बड़ी जरूरत है। जलवायु परिवर्तन से उपजे हालात की चिंता अब मौसम, खेती और समुद्र के बढ़ते स्तर तक सीमित नहीं रह सकती। इसकी तपिश गर्भवती महिलाओं और गर्भस्थ शिशुओं के स्वास्थ्य पर भी पड़ रही है। अत्यधिक गर्मी से समयपूर्व प्रसव, मृत शिशु के जन्म और कम वजन के साथ जन्म का जोखिम बढ़ सकता है। जलवायु सम्मेलन यानी सीओपी 31 में विशेषज्ञों ने इसी संकट पर ध्यान खींचा है। गर्भावस्था में शरीर पर अतिरिक्त दबाव रहता है। लू, निर्जलीकरण और अत्यधिक तापमान इसे बढ़ा सकते हैं। खेतों, निर्माण स्थलों और खुले में दिहाड़ी करने वाली गर्भवती महिलाओं को काम रोकने पर आमदनी गंवाने का डर रहता है। झुग्गियों व कम हवादार घरों में रहने वाली महिलाओं के पास ठंडक व स्वच्छ पानी के साधन सीमित होते हैं। हालांकि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष ने मई 2026 में गर्भावस्था के दौरान गर्मी से बचाव के लिए स्वास्थ्यकर्मियों तथा समुदाय के वास्ते दिशा-निर्देश जारी किए थे। अब असली चुनौती उन पर अमल की है। फिलहाल जरूरत इस बात की है कि कामकाजी महिलाओं के लिए विश्राम, छाया, पानी और भीषण गर्मी में काम से राहत सुनिश्चित हो। गर्भावस्था, प्रसव और नवजात के स्वास्थ्य के आंकड़ों का तापमान संबंधी आंकड़ों से मिलान हो, ताकि जोखिम की पहचान हो सके। जलवायु वित्त का पर्याप्त हिस्सा मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मिलना चाहिए। गर्भधारण से बच्चे के दो वर्ष तक के शुरूआती एक हजार दिन भविष्य की नींव हैं। जलवायु अनुकूलन की सफलता का पैमाना केवल बुनियादी ढांचा नहीं, मां और बच्चे की सुरक्षा भी होनी चाहिए। अजन्मे जीवन को बचाना पर्यावरण नीति नहीं, सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय की जिम्मेदारी है। यह चेतावनी है और प्रमाण भी, मगर कमी इच्छाशक्ति और धन की है। देशों को गर्भवती महिलाओं पर गर्मी के असर का रिकार्ड रखना, स्वास्थ्यकर्मियों के लिए दिशा-निर्देश बनाना और जलवायु वित्त में स्वास्थ्य का हिस्सा बढ़ाने की जरूरत है। जलवायु की फिक्र के बीच अनुकूलन का मतलब केवल बांध और तटबंध नहीं, उस मां की सुरक्षा भी है जो तपते दिन में काम पर निकलती है। जो पीढ़ी अभी गर्भ में है, उसका भविष्य आज की तैयारी पर टिका है। पिछले कई सालों से लगातार इस मौसम में प्रदूषण एक संकट के रूप में खड़ा हो जाता है। यह एक खुला तथ्य है कि इसके बावजूद न तो सरकार को एहतियाती कदमों को लेकर गंभीर होना जरूरी लगता है, न ही आम लोग अपने स्तर पर इस समस्या के कारणों पर नियंत्रण की कोशिश करते हैं। खासतौर पर दिवाली के त्योहार के मौके पर लोगों के भीतर जिस तरह की लापरवाही देखी जाती है, वह हैरान करने वाली होती है।

भाजपा लगातार कहती रही है कि आम आदमी पार्टी एवं अरविंद केजरीवाल अराजक हैं एवं किसी भी न्यायिक व्यवस्था अथवा संवैधानिक संस्था का सम्मान नहीं करते हैं

न्यायालय की आज की टिप्पणी ने भाजपा के कथन की सत्यता को स्थापित कर दिया है -- हर्ष मल्होत्रा

- **भाजपा की हमेशा से यह नीति रही है कि न्यायपालिका का सम्मान सर्वोपरि है और हम मानते हैं कि न्यायालय के आदेश का अक्षरशः पालन होना चाहिए -- हर्ष मल्होत्रा**

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



नई दिल्ली, 17 नवम्बर 2026 : दिल्ली भाजपा अध्यक्ष श्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा है कि आज दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक अवमानना याचिका की सुनवाई के दौरान जो टिप्पणी की है, वह बेहद गंभीर और चिंताजनक है। न्यायालय ने स्पष्ट कहा है कि उनके आदेश के बाद भी संबंधित पक्ष, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल आदि शामिल हैं, द्वारा जवाब दाखिल न करना न्यायालय की अवमानना की श्रेणी में आता है।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा लगातार कहती रही है कि आम आदमी पार्टी एवं अरविंद केजरीवाल अराजक हैं एवं किसी भी न्यायिक व्यवस्था अथवा संवैधानिक संस्था का सम्मान नहीं करते हैं। न्यायालय की आज की टिप्पणी ने भाजपा के इस कथन की सत्यता को स्थापित कर दिया है। दिल्ली की जनता न्यायपालिका का सम्मान करती है और संविधान के राज में किसी को भी न्यायालय के आदेश को हल्के में लेने की छूट नहीं दी जा सकती। यदि सरकार के अलावा कोई अधिकारी, राजनीतिक दल या नेता न्यायालय के निदेशों का पालन समय पर नहीं करेगा तो जनता का न्यायिक व्यवस्था पर से भरोसा उठ जाएगा।

भाजपा की हमेशा से यह नीति रही है कि न्यायपालिका का सम्मान सर्वोपरि है और हम मानते हैं कि न्यायालय के आदेश का अक्षरशः पालन होना चाहिए। आज की टिप्पणी इस बात का संकेत है कि जवाबदेही तय करनी होगी। दिल्ली की जनता के हित और कानून के सम्मान के लिए पारदर्शिता और समयबद्धता जरूरी है।

दिल्ली के शाहदरा में मकान ढहने से बच्चे समेत दो की मौत, कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका



अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली दिल्ली के शाहदरा स्थित ज्वाला नगर इलाके में एक बहुमंजिला मकान अचानक ढह गया। इस दर्दनाक हादसे में एक बच्चे समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही राहत और बचाव दल मौके पर पहुंच गया। मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल है। फिलहाल राहत एवं बचाव कार्य जारी है और प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

पूर्वी जिला पुलिस ने सशक्ति पहल के तहत छात्राओं को दिया आत्मरक्षा और सुरक्षा का प्रशिक्षण, प्रीत विहार स्कूल में हुआ कार्यक्रम

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली नई दिल्ली। पूर्वी जिला पुलिस के सामुदायिक पुलिसिंग सेल ने थाना प्रीत विहार के सहयोग से को-एड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, प्रीत विहार में सशक्ति



पहल के तहत आत्मरक्षा और सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में छात्राओं को व्यावहारिक आत्मरक्षा तकनीकों के साथ-साथ गुड टच-बैड टच, पॉक्सो अधिनियम, बदमाशी, मानव तस्करी, नशा, साइबर सुरक्षा और नए आपराधिक कानूनों के बारे में जागरूक किया गया। छात्राओं को खतरनाक परिस्थितियों को पहचानने, खुद को बचाने और बिना डर के आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग, व्यक्तिगत सुरक्षा, आपातकालीन हेल्पलाइन और बसों में लगे एसओएस बटन के बारे में भी विशेष जानकारी दी गई। छात्राओं को 112 आपातकालीन सहायता, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1091 महिला हेल्पलाइन और 1930 साइबर वित्तीय धोखाधड़ी हेल्पलाइन के बारे में बताया गया। पूर्वी जिला पुलिस का उद्देश्य ऐसी पहलों से युवा छात्राओं में जागरूकता, आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना पैदा करना है, ताकि वे जोखिम को पहचान सकें, खुद की रक्षा कर सकें और जरूरत पड़ने पर मदद मांग सकें।

गाजियाबाद के MMG अस्पताल बना नशेड़ियों का अड्डा, खौफ में मरीज और तीमारदार, सवालों के घेरे में सुरक्षा व्यवस्था

- **गाजियाबाद का जिला एमएमजी अस्पताल नशेड़ियों का अड्डा बन गया है, जहां ओपीडी के बाद असामाजिक तत्व घूमते हैं और शराब की बोतलें व सिरिंज मिलती हैं अस्पताल प्रबंधन ने सुरक्षा व्यवस्था में कमी स्वीकार करते हुए जांच और सख्त कदम उठाने का आश्वासन दिया है**
- **ओपीडी के बाद अस्पताल में नशेड़ियों का जमावड़ा**
- **वेटिंग रूम में शराब की बोतलें, परिसर में सिरिंज मिलीं**
- **सीएमएस ने सुरक्षा कड़ी करने, जांच का आश्वासन दिया**

गाजियाबाद आशीष गौतम



गाजियाबाद। जिला एमएमजी अस्पताल इन दिनों नशेड़ियों का अड्डा बना हुआ है। ओपीडी खत्म होने के बाद नशेड़ी घूमने लगते हैं। इससे सुरक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में आ रही है।

सोमवार को ओपीडी से पहले अस्पताल परिसर की सफाई करने पर सफाई कर्मियों को वेटिंग रूम में शराब की खाली बोतल पड़ी हुई मिलीं। इसके अलावा अस्पताल परिसर में जगह जगह सिरींज भी पड़ी हुई मिलीं।

अस्पताल परिसर नशे संबंधित सामाग्री मिली..

इस संबंध में सफाई कर्मियों ने अस्पताल प्रबंधन को बता दिया है। इससे पहले भी बाथरूम के आसपास नशे से जुड़ी सामग्री मिल चुकी है। खास बात यह है कि 24 घंटे शिफ्टों में 17 सुरक्षाकर्मी अस्पताल के चप्पे चप्पे पर तैनात रहते हैं। फिर भी अस्पताल परिसर में असामाजिक तत्व घूमते रहते हैं। इतना ही नहीं इमरजेंसी में आये दिन मरीजों के तीमारदार हंगामा करते रहते हैं। कई बार दरवाजे एवं मेडिकल उपकरण तक टूटे हैं। सोमवार को भी अस्पताल प्रबंधन ने ऐसी ही दो पुलिस सूचना भेजी हैं।

असामाजिक तत्व करने लगे हंगामा...

अस्पताल परिसर में असामाजिक तत्व शाम को बैठकर हंगामा करते हैं। शराब पीने की बात भी संज्ञान में आई है। सीसीटीवी फुटेज की जांच कराने के बाद संबंधित सुरक्षाकर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा जायेगा। इस संबंध में जांच कराई जायेगी। सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा किया जायेगा।-- डॉ राकेश कुमार, सीएमएस जिला एमएमजी अस्पताल

ग्रेटर नोएडा में महिला सब इंस्पेक्टर रश्मि गौतम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, बाथरूम में मिला शव; पुलिस विभाग में मचा हड़कंप

सुनहरा संसार ग्रेटर नोएडा के जारचा थाना क्षेत्र में तैनात महिला सब इंस्पेक्टर रश्मि गौतम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। 2023 बैच की महिला दरोगा का शव बाथरूम में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे के वरिष्ठ अधिकारियों में हलचल मच गई और एडीसीपी समेत कई पुलिस अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, महिला सब इंस्पेक्टर रश्मि गौतम का शव बाथरूम में मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। शुरूआती जांच में शव पर चोट के कोई स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं। ऐसे में हार्ट अटैक से मौत होने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि मौत की वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है।



घटना के बाद पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों की निगरानी में मामले की जांच की जा रही है और मौत के कारणों का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं को ध्यान में रखा जा रहा है। फिलहाल महिला दरोगा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर पुलिस विभाग में शोक और चिंता का माहौल है। पुलिस जांच पूरी होने और अन्य आवश्यक तथ्यों के सामने आने के बाद ही मौत की असली वजह स्पष्ट हो सकेगी।

रोहतक से दुष्कर्म, रंगदारी और आपराधिक धमकी के मामले में वांछित घोषित अपराधी अरुण डबास उर्फ बिट्टू गिरफ्तार, पटेल नगर पुलिस ने दबोचा

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



दिल्ली पुलिस के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट की थाना पटेल नगर पुलिस ने दुष्कर्म, रंगदारी और आपराधिक धमकी के मामले में वांछित घोषित अपराधी अरुण डबास उर्फ बिट्टू (37) को हरियाणा के रोहतक से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ थाना पटेल नगर में एफआईआर नंबर 244/25 दर्ज है। पुलिस के अनुसार, आरोपी मामला दर्ज होने के बाद से लगातार गिरफ्तारी से बच रहा था और अपनी लोकेशन बदलकर छिपता फिर रहा था। उसे 13 अगस्त 2026 को तीस हजारी कोर्ट की एसीजेएम सुश्री श्रुति चौधरी की अदालत ने घोषित अपराधी करार दिया था।

पुलिस के मुताबिक, पीड़िता ने शिकायत में आरोप लगाया था कि आरोपी ने खुद को उसका भाई बताकर उसका विश्वास जीता और उसे नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर दिया। इसके बाद उसके साथ कथित रूप से दुष्कर्म किया तथा अश्लील फोटो और वीडियो बना लिए। बाद में इन्हीं फोटो और वीडियो को सार्वजनिक करने की धमकी देकर उससे पैसे वसूलने का प्रयास किया।

आरोपी की तलाश के लिए थाना पटेल नगर के एसएचओ इंस्पेक्टर नवीन कुमार के नेतृत्व में एसीपी पटेल नगर सुनील कुमार की निगरानी में विशेष टीम गठित की गई थी। टीम में महिला सब-इंस्पेक्टर सिमरन (जांच अधिकारी), हेड कांस्टेबल योगेश, हेड कांस्टेबल नरेंद्र और कांस्टेबल नरेंद्र शामिल थे। पुलिस टीम को 16 नवंबर 2026 को सूचना मिली कि आरोपी रोहतक स्थित सनसिटी टावर्स में मौजूद है। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने हत्या, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और प्रिजन एक्ट से जुड़े अन्य मामलों में भी अपनी संलिप्तता की बात बताई है। पुलिस उसके आपराधिक रिकॉर्ड का सत्यापन कर रही है। उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी के खिलाफ गुरुग्राम, झज्जर और करनाल सहित हरियाणा के विभिन्न थानों में आर्म्स एक्ट, हत्या, आपराधिक साजिश और अन्य धाराओं के तहत पहले भी मामले दर्ज हैं।

डीसीपी सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि दिल्ली पुलिस घोषित अपराधियों और कानून की प्रक्रिया से बचने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चला रही है।

ईस्ट जिला पुलिस ने शकरपुर के जीबीबीएसएस स्कूल में छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक, साइबर बुलिंग, फर्जी प्रोफाइल, ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग और फोटो के दुरुपयोग से बचाव के दिए टिप्स

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली दिल्ली के ईस्ट जिला पुलिस की साइबर थाना टीम ने थाना शकरपुर के सहयोग से जीबीबीएसएस, शकरपुर में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान छात्राओं को इंटरनेट और सोशल मीडिया के बढ़ते इस्तेमाल के बीच ऑनलाइन सुरक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में छात्राओं को साइबर बुलिंग, साइबर स्टॉकिंग, फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल, ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग,



तस्वीरों के दुरुपयोग और व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से होने वाले खतरों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही सोशल मीडिया की प्राइवेसी सेटिंग सुरक्षित रखने, संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधियों की पहचान करने और किसी भी तरह की धमकी या असहज ऑनलाइन बातचीत का सुरक्षित तरीके से जवाब देने के बारे में समझाया गया। पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को सलाह दी कि वे ऑनलाइन धमकियों से डरें नहीं और न ही किसी दबाव में आएं। साइबर अपराध होने की स्थिति में संबंधित सबूत सुरक्षित रखें तथा बिना किसी झिझक के पुलिस को शिकायत दें। छात्राओं को साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और आपातकालीन सहायता के लिए 112 की जानकारी दी गई। इसके अलावा साइबर अपराध की शिकायत के लिए www.cybercrime.gov.in पोर्टल के बारे में भी बताया गया। ईस्ट जिला पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार (आईपीएस) ने अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों से बच्चों के लिए सुरक्षित डिजिटल वातावरण बनाने में मिलकर सहयोग करने की अपील की। पुलिस ने संदेश दिया कि कुछ भी ऑनलाइन साझा करने से पहले सोचें, किसी अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचें और साइबर सुरक्षा को अपनी आदत बनाएं।

छठ पूजा के बाद श्याम घाट की सफाई में जुटी नॉर्थ जिला पुलिस और यूथ स्टैंड्स फॉर सोसाइटी, मां यमुना के घाटों को स्वच्छ रखने का दिया संदेश

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली दिल्ली के वजीराबाद स्थित श्याम घाट पर छठ पूजा के समापन के बाद नॉर्थ जिला पुलिस और यूथ स्टैंड्स फॉर सोसाइटी (YSS) ने संयुक्त रूप से स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान पुलिसकर्मियों और युवा स्वयंसेवकों ने मिलकर घाट की सफाई की और लोगों को सार्वजनिक स्थलों के साथ-साथ मां यमुना के घाटों को स्वच्छ रखने के प्रति जागरूक किया। करीब 2.5 किलोमीटर क्षेत्र में फैले श्याम घाट पर छठ पूजा के दौरान व्यस्त समय में लगभग एक लाख श्रद्धालु एकत्र हुए थे। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति के बाद घाट की साफ-सफाई और पर्यावरण संरक्षण को लेकर इस अभियान का आयोजन किया गया।



इस पहल का उद्देश्य लोगों को यह संदेश देना था कि धार्मिक आस्था के साथ स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभानी जरूरी है। अभियान के माध्यम से नागरिकों से अपील की गई कि वे घाटों पर कूड़ा न फैलाएं और कचरे का उचित निस्तारण करें। नॉर्थ जिला पुलिस की डीसीपी निहारिका भट्ट ने यूथ स्टैंड्स फॉर सोसाइटी के स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस और आम नागरिकों के आपसी सहयोग से सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ एवं बेहतर बनाया जा सकता है। इस अभियान ने युवाओं की सामाजिक भागीदारी और पुलिस-पब्लिक सहयोग को भी रेखांकित किया।

इंडिया आर्ट, आर्किटेक्चर एंड डिजाइन बिएननेल 2026 में 22 फीट ऊंची भव्य कलाकृति ह्यद मिरर विदिन प्रदर्शित करेंगे प्रसिद्ध मूर्तिकार नरेश कुमार कुमावत, उपनिषदों के तत्त्वमसि दर्शन को आधुनिक कला के माध्यम से देंगे अभिव्यक्ति

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



नई दिल्ली, 17 नवंबर। प्रसिद्ध भारतीय मूर्तिकार नरेश कुमार कुमावत इंडिया आर्ट, आर्किटेक्चर एंड डिजाइन बिएननेल 2026 में अपनी विशाल कलाकृति ह्यद मिरर विदिनह्ल प्रदर्शित करेंगे। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित यह बिएननेल 4 दिसंबर 2026 से 21 मार्च 2027 तक आयोजित होगा। लगभग 22 फीट ऊंची और 14 फीट चौड़ी यह आकर्षक मूर्ति मिरर-फिनिश स्टेनलेस स्टील और कांस्य रंगों से तैयार की गई है। इस कलाकृति की प्रेरणा उपनिषदों के प्रसिद्ध दर्शन ह्यतत्त्वमसिह्ल अर्थात ह्यतुम वही होह्ल से ली गई है, जो मनुष्य और संपूर्ण ब्रह्मांड के एक ही स्वरूप होने का संदेश देता है। मूर्ति के सीने में बनाया गया खुला स्थान आंतरिक चेतना का प्रतीक है, जबकि इसकी चमकदार सतह पर दर्शकों, आकाश और आसपास के वातावरण की छवि दिखाई देती है। इस प्रकार दर्शक केवल कलाकृति को देखते ही नहीं, बल्कि अपने प्रतिबिंब के माध्यम से स्वयं भी उसका हिस्सा बन जाते हैं। मूर्ति का ऊपर की ओर उठा सिर जागरूकता और सत्य की खोज का प्रतीक है। दिल्ली की ऐतिहासिक वास्तुकला की पृष्ठभूमि में यह कलाकृति प्राचीन भारतीय दर्शन को आधुनिक सार्वजनिक कला के रूप में प्रस्तुत करेगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 20 नवंबर 2026 को आयोजन स्थल पर प्रस्तावित दौरे को लेकर भी तैयारियां की जा रही हैं। इस दौरान नरेश कुमार कुमावत की एक अन्य विशिष्ट कलाकृति स्थापित किए जाने की भी संभावना है, हालांकि इसकी पुष्टि अंतिम कार्यक्रम के अनुसार होगी। नरेश कुमार कुमावत ने कहा कि इस मूर्ति के माध्यम से उन्होंने यह विचार प्रस्तुत करने का प्रयास किया है कि मनुष्य स्वयं को अपने आसपास की दुनिया से किस प्रकार जोड़कर देखता है। उन्होंने बताया कि खुले सीने और दर्पण जैसी सतह के जरिए दर्शकों को इस विचार का प्रत्यक्ष अनुभव कराने का प्रयास किया गया है। नरेश कुमार कुमावत मातूराम आर्ट सेंटर्स प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक हैं और मूर्तिकारों के परिवार की तीसरी पीढ़ी से जुड़े हैं। उनकी कलाकृतियां भारत सहित दुनिया के 40 देशों में स्थापित की जा चुकी हैं। उनकी कला भारतीय संस्कृति, इतिहास और मानवीय चेतना से जुड़े विचारों पर आधारित है। ह्यद मिरर विदिनह्ल के माध्यम से वे दर्शकों को कला के साथ संवाद करने और अपने भीतर झांकने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेंगे।

दिल्ली बनेगी कला, संस्कृति और वैश्विक रचनात्मकता का जीवंत केंद्र, 4 दिसंबर 2026 से 21 मार्च 2027 तक आयोजित होगा 108 दिवसीय इंडिया बिएननेल, पुराना किला होगा मुख्य आकर्षण

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली को कला, विरासत और वैश्विक रचनात्मकता के एक बड़े केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में इंडिया बिएननेल 2026 के दूसरे संस्करण का आयोजन किया जाएगा। तत त्वम् असि (Tat Tvam Asi) थीम पर आधारित यह आयोजन 4 दिसंबर 2026 से 21 मार्च 2027 तक कुल 108 दिनों तक चलेगा। इस दौरान दिल्ली के ऐतिहासिक स्मारकों, संग्रहालयों और सार्वजनिक स्थलों को कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से एक व्यापक मंच के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। इस भव्य सांस्कृतिक आयोजन का प्रमुख केंद्र ऐतिहासिक पुराना किला होगा।



इंडिया बिएननेल 2026 की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने की। इस अवसर पर दिल्ली सरकार में मंत्री श्री कपिल मिश्रा सहित केंद्र और दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में आयोजन की तैयारियों, विभिन्न स्थलों के चयन और कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से आयोजित करने से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। इस बार इंडिया बिएननेल की थीम तत त्वम् असि भारतीय दर्शन और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी अवधारणा को सामने रखेगी। 108 दिनों तक चलने वाले इस आयोजन के माध्यम से देश-विदेश के कलाकारों, कला प्रेमियों और संस्कृति से जुड़े लोगों को दिल्ली की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पहचान से जोड़ने का अवसर मिलेगा। आयोजन के अंतर्गत राजधानी के प्रतिष्ठित ऐतिहासिक स्मारकों, संग्रहालयों और सार्वजनिक स्थानों को कला की अभिव्यक्ति का मंच बनाया जाएगा। पुराना किला इस सांस्कृतिक महोत्सव का मुख्य केंद्र रहेगा। इसके माध्यम से दिल्ली की ऐतिहासिक धरोहर और समकालीन कला के बीच एक अनूठा जुड़ाव स्थापित करने की परिकल्पना की गई है। इंडिया बिएननेल 2026 के दूसरे संस्करण से दिल्ली को अंतरराष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के मानचित्र पर नई पहचान दिलाने की दिशा में प्रयास किया जाएगा। यह आयोजन राजधानी की समृद्ध विरासत, भारतीय कला परंपरा और वैश्विक रचनात्मकता को एक मंच पर लाने का अवसर प्रदान करेगा।

द्वारका के बिंदापुर में दो शातिर झपटमार गिरफ्तार, 250 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर पुलिस ने सुलझाए चोरी व झपटमारी के छह मामले, चार मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



दिल्ली के द्वारका जिले की बिंदापुर थाना पुलिस ने झपटमारी और चोरी की वारदातों में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर छह मामलों का खुलासा किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बिंदापुर की जेजे कॉलोनी निवासी 26 वर्षीय फरकान अली और उत्तम नगर के इंद्रा पार्क स्थित कुम्हार कॉलोनी निवासी 19 वर्षीय गौरव के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार चोरी व झपटमारी के मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल की गई एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, 11 नवंबर 2026 की रात बिंदापुर थाना क्षेत्र में मोबाइल फोन झपटमारी की पीसीआर कॉल मिली थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक उसका मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। मामले की जांच के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के 250 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी निगरानी और गुप्त सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

पूछताछ में आरोपियों ने बिंदापुर इलाके में हुई झपटमारी की वारदात में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उनकी निशानदेही पर एक झपटा हुआ मोबाइल फोन, तीन अन्य चोरी के मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस के मुताबिक, दोनों आरोपी नशे की लत पूरी करने के लिए चोरी और झपटमारी की वारदातों को अंजाम देते थे। फरकान अली के खिलाफ पहले से तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि गौरव का कोई पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है। पुलिस दोनों आरोपियों की अन्य वारदातों में संलिप्तता की भी जांच कर रही है।

यह कार्रवाई डीसीपी द्वारका जिला कुशल पाल सिंह के निर्देश पर बिंदापुर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर वेद प्रकाश के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने एसीपी डाबड़ी हरनीत सिंह सूडान की निगरानी में की। मामले में आगे की जांच जारी है।

गोपालापुर में पशु आरोग्य मेला लगा: 73 पशुपालकों के 492 पशुओं का उपचार, गर्भ परीक्षण और कृत्रिम गभार्धान किया गया

सुनहरा संसार ब्यूरो प्रमुख जियाउल्ला खान लखीमपुर खीरी के न्याय पंचायत गोपालापुर के ग्राम सभा गोपालापुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला लगा। पशुपालन विभाग ने मेले का आयोजन किया। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश सचान के निदेशन में हुए मेले का शुभारंभ लखीमपुर ब्लॉक प्रमुख श्रीमती दिव्या सिंह और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्री रमेश कुमार ने किया। उन्होंने गौपूजन किया और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण किया। बेहजम के पशु चिकित्सा आअधिकारी डॉ. अनिरुद्ध कुमार पटेल ने पशुओं की बीमारियों और टीकाकरण की जानकारी दी। उन्होंने खुरपका-मुंहपका, गलाघोंटू, एलएसडी और बकरियों में होने वाली एलएसडी और बकरियों में होने वाली पीपीआर बीमारी के बारे में बताया। पशुपालकों को सरकार की योजनाओं, बकरी पालन, भेड पालन और कुक्कुट नीति 2022 की जानकारी भी दी गई। पशुधन प्रसार अधिकारी डॉ. अनिल दुबे ने पशुओं की देखभाल, कृमिनाशक दवा पिलाने और सहभागिता योजना के बारे में बताया शिविर में 73 पशुपालकों की 492 गायों, भैंसों और बकरियों का उपचार किया गया। पशुओं का गर्भ परीक्षण, कृमिनाशक दवा पिलाने और कृत्रिम गभार्धान का काम भी हुआ। इस मौक पर पशुधन प्रसार अधिकारी डॉ. अनिल दुबे, गिरीश कुमार, एसपी सिंह, वेटरनरी फार्मासिस्ट वीरेंद्र सिंह, पशु ड्रेसर जयशंकर तिवारी और पशु मैत्री व पैरावेट अच्छेलाल, सरोज, मांगू लाल, राहुल, मुकेश, राजकुमार और नईम मौजूद रहे। बड़ी संख्या में पशुपालक भी मेले में पहुंचे।



कामां में अक्षय नवमी पर आज 18 नवंबर को निकलेगी सप्तकोसी परिक्रमा पदयात्रा, विमला देवी मंदिर से होगी शुरूआत



दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी कामां - आदि वृन्दावन कामवन धाम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अक्षय नवमी के अवसर पर सप्तकोसी परिक्रमा पदयात्रा निकाली जाएगी। यह पदयात्रा आज 18 नवंबर को सुबह 8.30 बजे कस्बे के तीर्थराज विमल कुंड स्थित विमला देवी मंदिर से शुरू होगी।

ठाकुर दास महाराज के सानिध्य में निकलेगी यात्रा

पदयात्रा मंदिर महंत ठाकुर दास महाराज के सानिध्य में शुरू होगी।

यह रहेगा परिक्रमा का रूट

विमला देवी मंदिर से शुरू होकर यह यात्रा -चामुंडा देवी ? सेतुबंध रामेश्वरम ? अशोक वाटिका ? गया कुंड ? लुकलुक कुंड ? चरन पहाड़ी ? घेरे वाली चामण ? फिसलनी शिला ? व्योमासुर ? भोजन थाली* होती हुई वापस विमला देवी मंदिर पर संपन्न होगी।

आयोजकों का आह्वान

आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर परिक्रमा को सफल बनाने का आह्वान किया है।

ग्राम पंचायत 12ह से राधा देवी मेघवाल ने सरपंच पद पर दर्ज की शानदार जीत



महेन्द्र पाल मेघवाल घड़साना ग्राम पंचायत 12H में सरपंच पद के चुनाव में श्रीमती राधा देवी मेघवाल ने जीत हासिल कर सरपंच पद पर विजय प्राप्त की है उनकी जीत से समर्थकों एवं ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई

चुनाव परिणाम घोषित होते ही समर्थकों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती राधा देवी मेघवाल ने ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे ग्राम पंचायत के सर्वांगीण विकास, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करेंगी।

उनकी जीत पर ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं

सरपंच चुनाव : खेड़ा ब्राह्मण से महिमा शर्मा बनीं सरपंच, गौड़-सनाढ्य ब्राह्मण समाज कामवन ने दी हार्दिक बधाई



दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी कामवन - यह बहुत ही गौरव और हर्ष का विषय है कि कस्बा कामवन एवं गौड़-सनाढ्य ब्राह्मण समाज कामवन के सदस्य नंद किशोर शर्मा (डीजे वाले) की सुपुत्री महिमा शर्मा डीग पंचायत समिति की ग्राम पंचायत खेड़ा ब्राह्मण से सरपंच निर्वाचित हुई हैं।

महिमा शर्मा के सरपंच निर्वाचित होने पर गौड़-सनाढ्य ब्राह्मण समाज कामवन (कामां) की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं दी गई हैं।

समाज के अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी ने कहा कि निश्चित ही उनकी यह जीत समाज और क्षेत्र दोनों के लिए गर्व का क्षण है। हम उनके उज्ज्वल भविष्य और सफल कार्यकाल की कामना करते हैं।

ग्राम पंचायत खेड़ा ब्राह्मण में महिमा शर्मा की जीत से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। समाज के लोगों ने कहा कि युवा नेतृत्व से गांव में विकास, शिक्षा, स्वच्छता और जनकल्याण के कार्यों को नई गति मिलेगी।

भाजपा नेता अनिल यादव का कमासिन में भव्य स्वागत, आधा सैकड़ा वाहनों के काफिले के साथ पहुंचे समर्थक

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा जनपद के बबेरू विधानसभा क्षेत्र के कस्बा कमासिन में प्रथम आगमन पर भाजपा नेता अनिल यादव का पार्टी कार्यकताओं एवं समर्थकों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। लगभग आधा सैकड़ा वाहनों के काफिले के साथ पहुंचे समर्थकों ने नारे लगाकर उनका स्वागत किया। कमासिन मंडल अध्यक्ष इंद्रेश द्विवेदी, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, रेवती रमण मिश्रा, भाजपा नेता मनोज द्विवेदी एवं बूथ अध्यक्ष अमित कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य कार्यकताओं ने अनिल यादव का हल्दी-चावल से तिलक कर तथा पटका और फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया।



कस्बे के दांदो तिराहे के समीप मनोज द्विवेदी के आवास के सामने भाजपा कार्यकताओं ने अनिल यादव का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। इस दौरान काफिले में शामिल समर्थकों ने उत्साहपूर्वक 'हम तुम्हारे साथ हैं, अनिल तुम संघर्ष करो' और 'भाजपा जिंदाबाद' के नारे लगाए। इसके बाद वाहनों का काफिला ओझा नगर स्थित वीर बाबा के दर्शन के लिए रवाना हुआ। वहां भी भाजपा समर्थकों ने अनिल यादव को फूल-मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया। स्वागत समारोह से अभिभूत भाजपा नेता अनिल यादव ने सभी कार्यकताओं एवं समर्थकों का हाथ जोड़कर अभिवादन किया और उनके स्वागत के प्रति आभार व्यक्त किया।

झाबुआ के शारदा समूह ने रचा नया इतिहास

आधा गिलास पानी अभियान' के तहत हजारों प्रतिभागियों की सामूहिक जल शपथ,

गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ नाम

रहीम शेरानी झाबुआ



जनजातीय नायक, स्वतंत्रता सेनानी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के "जल, जंगल, जमीन हमारा है, हम ही इसकी रक्षा करेंगे!" के अमर संदेश को चरितार्थ करते हुए उनकी पावन धरा झाबुआ के शारदा समूह ने सोमवार को जल संरक्षण के क्षेत्र में एक नया विश्व इतिहास रच दिया है। कार्तिक शुक्ल पक्ष सप्तमी, विक्रम संवत 2083 (युगाब्द संवत 5128) के पावन अवसर पर शारदा समूह, झाबुआ एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में केशव इंटरनेशनल स्कूल, बाडकुआँ प्रांगण में ह्आधा गिलास पानी झ जल संरक्षण अभियानह्न का भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन संपन्न हुआ। पानी की बबार्दी रोकने, विद्यार्थियों में जल संरक्षण की जिम्मेदारी विकसित करने, परिवार और समाज में जागरूकता बढ़ाने तथा आवश्यकता अनुसार पानी लेने की आदत बनाने के मुख्य उद्देश्यों को लेकर आयोजित इस अनूठे कार्यक्रम में हजारों प्रतिभागियों, विद्यार्थियों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने एक साथ सामूहिक जल शपथ लेकर अपना नाम ह्यगोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्डह्न में दर्ज कराया।

विशिष्ट अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति ,पवित्र नदियों के जल संगम और प्रस्तावना के साथ हुआ भव्य शुभारंभ

इस ऐतिहासिक आयोजन में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश की महिला एवं बाल विकास कैबिनेट मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया , रतलाम-झाबुआ-अलीराजपुर सांसद श्रीमती अनिता नागर सिंह चौहान , शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी , दाहोद विधायक * कन्हैया किशोरी शिवगंगा झाबुआ के राजाराम कटारा , गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के एशिया हेड * मनीष विश्नोई* , बुंदेलखंड में 'वाटर मैन' के नाम से प्रसिद्ध रामबाबू तिवारी , झाबुआ कलेक्टर डॉ. योगेश भरसट तथा पुलिस अधीक्षक (एसपी) देवेंद्र पाटीदार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ सामान्य परिचय के साथ हुआ, जिसके पश्चात मंचासीन विशिष्ट अतिथियों द्वारा देश की विभिन्न पवित्र नदियों से लाए गए जल का एक कलश में संगम कर जल संरक्षण और राष्ट्रीय एकात्मता का संदेश दिया गया। इसके उपरांत आयोजक संस्थाओं के पदाधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। स्वागत की इसी कड़ी में ओम प्रकाश शर्मा ने कार्यक्रम की विस्तृत प्रस्तावना प्रस्तुत की। उन्होंने अभियान के मुख्य उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शारदा समूह द्वारा 'आधा गिलास पानी अभियान' वर्ष 2012 से निरंतर चलाया जा रहा है, जिसे अब व्यापक सामाजिक स्तर तक ले जाने की यह एक बड़ी मुहिम है। उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन में अक्सर हम पूरा गिलास पानी लेते हैं और आधा पीकर शेष फेंक देते हैं, जिससे प्रतिदिन लाखों लीटर स्वच्छ जल व्यर्थ बह जाता है; आवश्यकतानुसार आधा गिलास पानी लेने की यह छोटी-सी आदत आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करेगी। श्री शर्मा ने विश्वास व्यक्त किया कि जल संरक्षण का यह अनूठा अभियान केवल झाबुआ तक सीमित नहीं रहेगा, वरन विश्व पटल पर अपनी अमिट छाप छोड़ेगा।

अतिथियों ने की पहल की सराहना, जल संरक्षण को बताया समय की सबसे बड़ी जरूरत

उद्बोधन की श्रृंखला में सर्वप्रथम सांसद श्रीमती अनिता नागर सिंह चौहान ने अपने विचार व्यक्त करते हुए शारदा समूह की इस अभिनव पहल के लिए आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने "जल, जंगल और जमीन" की रक्षा का जो संकल्प लिया था, आज झाबुआ की धरा से यह अभियान उसी संकल्प को साकार कर रहा है और यह संदेश पूरे देश के लिए प्रेरणादायी बनेगा। मुख्य वक्ता के रूप में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी ने जल संरक्षण के महत्व और 'आधा गिलास पानी अभियान' की प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में जल को जीवन और देवता का स्वरूप माना गया है, लेकिन आधुनिक जीवनशैली में पानी की बबार्दी एक गंभीर चिंता का विषय बन गई है। डॉ. अतुल कोठारी ने 'आधा गिलास पानी अभियान ' को एक क्रांतिकारी व्यवहारिक पहल बताते हुए कहा कि 'आधा गिलास' की परंपरा अपनाने से हर घर, विद्यालय और सार्वजनिक कार्यक्रमों में करोड़ों लीटर पानी बचाया जा सकता है। उन्होंने "देश को बदलना है, तो शिक्षा को बदलो" के ध्येय वाक्य को दोहराते हुए कहा कि जल संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं से नहीं, बल्कि संस्कार और शिक्षा से संभव है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस अभियान से जुड़कर विद्यार्थी न केवल स्वयं पानी की एक-एक बूँद सहेजेंगे, बल्कि अपने परिवार और पूरे समाज में जल संरक्षण के संवाहक बनकर इस मुहिम को जन-आंदोलन का रूप देंगे।

इसके पश्चात कलेक्टर * योगेश भरसट ने अपने उद्बोधन में प्रशासन की ओर से इस अभियान को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जल संकट आज की सबसे बड़ी चुनौती है और इसका समाधान जनभागीदारी से ही संभव है। कलेक्टर महोदय ने विशेष रूप से विद्यार्थियों में बचपन से ही पानी के महत्व और संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

' जल की बूँद' की आकृति और सामूहिक शपथ से गूँजा प्रांगण

आयोजन का सबसे आकर्षक और विहंगम दृश्य वह रहा, जब केशव इंटरनेशनल स्कूल के मैदान में हजारों प्रतिभागियों और बच्चों ने अत्यंत अनुशासित ढंग से बैठकर ह्यजल की बूँद की एक विशाल और मनमोहक आकृति का निर्माण किया, जिसका ड्रोन व कैमरों के माध्यम से विशेष छायाचित्रण किया गया।

डीएम ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक, कलैक्ट्रेट सभागार में

सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ विक्रम सिंह



मैनपुरी, में भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिले में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (रस्फ) अभियान के अंतर्गत आज मतदाता सूची के आलेख्य प्रकाशन के अवसर पर जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंजनी कुमार सिंह (डी.एम. त्रिपाठी) ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित इस बैठक में सभी दलों को ड्राफ्ट मतदाता सूची की प्रतियां उपलब्ध कराई गईं।

पारदर्शी और त्रुटिरहित मतदाता सूची सर्वोच्च प्राथमिकता

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में त्रुटिरहित और समावेशी मतदाता सूची तैयार करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसमें सभी राजनीतिक दलों का सक्रिय सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने जानकारी दी कि जनपद के 1782 मतदान स्थलों और 1277 मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन कर दिया गया है, जिसे बीएलओ (इछड) द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों और मतदाताओं की उपस्थिति में पढ़कर सुनाया गया है। मतदेय स्थलों के संभाजन के बाद जनपद में अब कुल 1782 मतदेय स्थल रह गए हैं (पहले 1808 थे)।

पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रमुख तिथियां:

* दावे और आपत्तियां दाखिल करने की तिथि: 17 नवंबर से 16 दिसंबर 2026 तक।
* दावे और आपत्तियों का निस्तारण: 28 दिसंबर 2026 तक।
* मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन: 04 जनवरी 2027 को।
* विशेष अभियान दिवस: 21, 22, 28 एवं 29 नवंबर 2026 (इन तिथियों पर सभी बीएलओ अपने बूथों पर मौजूद रहेंगे)।

जनपद में मतदाताओं की वर्तमान स्थिति

जिलाधिकारी ने बताया कि 16 अप्रैल 2026 के अंतिम प्रकाशन के बाद से अब तक जनपद में कुल 17,412 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। वर्तमान आलेख्य प्रकाशन के अनुसार जनपद की चारों विधानसभाओं में कुल 12,76,375 मतदाता पंजीकृत हैं (7,00,853 पुरुष, 5,75,497 महिलाएं एवं 25 थर्ड जेंडर)।

* 107-मैनपुरी: कुल 3,07,264 मतदाता (1,66,468 पुरुष, 1,40,786 महिलाएं, 10 थर्ड जेंडर)।
* 108-भोगांव: कुल 3,17,352 मतदाता (1,74,371 पुरुष, 1,42,977 महिलाएं, 04 थर्ड जेंडर)।
* 109-किशनी: कुल 2,92,920 मतदाता (1,61,932 पुरुष, 1,30,982 महिलाएं, 06 थर्ड जेंडर)।
* 110-करहल: कुल 3,58,839 मतदाता (1,98,082 पुरुष, 1,60,752 महिलाएं, 05 थर्ड जेंडर)।

ईपी रेशियो और जेंडर रेशियो सुधारने के निर्देश

डीएम ने बताया कि जनपद का औसत ईपी (एढ) रेशियो 61.35 है और जेंडर रेशियो वर्तमान में 821 है, जिसे बढ़ाकर 881 तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सभी बीएलओ को 01 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा मतदाताओं (अनुमानित 13,359 लक्ष्य) तथा छूटी हुई महिला मतदाताओं के नाम प्राथमिकता से जोड़ने के निर्देश दिए गए हैं।

घर-घर सत्यापन और नाम जोड़ने-हटाने के कड़े नियम

* घर-घर सर्वे: बीएलओ घर-घर जाकर परिवार रजिस्टर तैयार करेंगे, परिवार के मुखिया से सत्यापन प्रपत्र भरवाएंगे और दीवार पर चॉक/मार्कर से विजिट की तिथि अंकित करेंगे।
* पदाभिहित अधिकारी: प्रत्येक मतदान केंद्र पर एक पदाभिहित अधिकारी तैनात किया गया है, जो शाम 5 बजे तक प्राप्त फॉर्मों की रिपोर्ट ईआरओ को सौंपेगा।
* नाम काटने पर सख्ती: किसी भी दशा में बल्क (सामूहिक) में नाम काटने के आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। नाम विलोपन (ऋ्रपे-7) के लिए आवेदक की स्वयं उपस्थिति या मृतक/स्थानांतरित व्यक्ति के परिजन का आवेदन अनिवार्य होगा। भौतिक सत्यापन और सुनवाई के बाद ही नाम काटा जाएगा।
* दस्तावेजों में सरलता: 18-19 वर्ष के युवाओं के लिए आधार कार्ड मान्य होगा। नव-विवाहित महिलाओं के नाम जोड़ने के लिए मायके से 'बापस' की बाध्यता समाप्त कर दी गई है; अब वे पति के दस्तावेज, ग्राम प्रधान या सभासद द्वारा जारी निवास व आयु प्रमाण पत्र के आधार पर नाम जुड़वा सकती हैं।

राजनीतिक दलों से अपील और हेल्पलाइन नंबर

जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों से 19 नवंबर 2026 तक अपने बूथ लेवल एजेंट (इछअ) की संशोधित सूची मोबाइल नंबर सहित उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। एक बीएलए प्रतिदिन अधिकतम 10 फॉर्म-6 ही जमा कर सकेगा। अभियान की निगरानी के लिए तहसील स्तर पर कंट्रोल रूम बनाए गए हैं और प्रत्येक मंगलवार दोपहर 12 बजे राजनीतिक दलों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक होगी। मतदाता सूची से संबंधित किसी भी जानकारी या शिकायत के लिए नागरिक टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1950 अथवा 18001801950 पर संपर्क कर सकते हैं।

बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक में अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्यामलता आनंद के अलावा सपा जिलाध्यक्ष आलोक कुमार शाक्य, कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोपाल कुलश्रेष्ठ, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव, भाजपा से विमल पाण्डेय, अभय भदौरिया, पंकज भदौरिया, बसपा से दुर्गेश चन्द्रा, कांग्रेस से नवीन शर्मा, सीपीआईएम से यतेन्द्र यादव, अपना दल से सुरजन सिंह पाल, सपा से रामनरायन बाथम आदि उपस्थित रहे।

डीएम ने पीएम श्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया

सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ विक्रम सिंह



मैनपुरी, में भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत मंगलवार को जनपद के सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन किया गया। मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने पीएम श्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम का निरीक्षण किया और छात्राओं से सीधा संवाद किया।

युवा मतदाताओं से फॉर्म-6 भरने का आह्वान

छात्राओं को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिनकी आयु 01 जनवरी 2027 को 18 वर्ष पूरी हो रही है, वे तत्काल फॉर्म-6 भरकर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (इछड) को उपलब्ध कराएं। इससे उनका नाम मतदाता सूची में शामिल हो सकेगा और वे आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगी।

उन्होंने बालिकाओं से अपील की कि वे मतदाता सूची को अद्यतन (अपडेट) करने में सक्रिय योगदान दें। छात्राएं अपने परिजनों और आस-पड़ोस के ऐसे पात्र नागरिकों, जिनके नाम अभी तक सूची में शामिल नहीं हैं, उनके भी फॉर्म-6 भरवाकर नाम जुड़वाएं। डीएम ने जोर देते हुए कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम सूची में होना जरूरी है। मतदाता सूची जितनी त्रुटिरहित होगी, मतदान प्रक्रिया उतनी ही सुगम होगी।

30 नवंबर तक पूरा करें जनगणना का स्व-गणना कार्य

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी कि मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण के साथ-साथ देश में जनगणना का महत्वपूर्ण कार्य भी चल रहा है, जिसके अंतर्गत 30 नवंबर तक स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी की जानी है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे निर्धारित पोर्टल या वेबसाइट पर जाकर अपने परिजनों की स्व-गणना का कार्य स्वयं पूरा करें। यदि किसी नागरिक को ऑनलाइन स्व-गणना करने में कोई असुविधा होती है, तो वे संबंधित प्रगणक से समन्वय स्थापित कर यह कार्य पूर्ण करा सकते हैं। उन्होंने जनगणना को राष्ट्र निर्माण की एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया बताते हुए इसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता को अनिवार्य बताया।

कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर श्याम प्रताप सिंह, तहसीलदार सदर प्रकाश चौधरी, सौम्य वर्धन तथा विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

पर्यटकों की पलटी बस : आगरा-जयपुर हाईवे पर भवनपुरा के पास यूके पर्यटकों की बस पलटी, 8 सैलानी घायल, सभी खतरे से बाहर

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी



भरतपुर - भरतपुर जिले में आगरा-जयपुर नेशनल हाईवे पर सेवर क्षेत्र में स्थित भवनपुरा गांव के पास यूनाइटेड किंगडम (यूके) के पर्यटकों से भरी एक टूरिस्ट बस अनियंत्रित होकर पलट गई।

प्राप्त जानकारी अनुसार करीब 20 ब्रिटिश सैलानियों का यह दल अलवर के सरिस्का में भ्रमण करने के बाद भरतपुर के कदमकुंज होटल में ठहरने के लिए आ रहा था कि इसी दौरान भवनपुरा गांव के समीप अचानक बस का स्टीयरिंग लॉक होने से चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और तेज रफ्तार बस डिवाइडर से टकराकर सड़क पर पलट गई।हादसे के तुरंत बाद मौके पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई, साथ ही कुछ देर के लिए हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लगने से यातायात बाधित हो गया।

पुलिस और राहगीरों ने निकाला सुरक्षित बाहर

दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय राहगीरों की मदद से पलटी हुई बस में फंसे हुए बस सवार पर्यटकों को सुरक्षित बाहर निकाला।



8 पर्यटकों को आई मामूली चोटें

उक्त सड़क हादसे में विदेशी पर्यटकों शैली ढिल्लों, फ्रांसिस, देवा (जबलपुर, मध्यप्रदेश), डायना, फेडरिका, क्रिस्टोफर, स्टीफन, एवं मार्क को मामूली चोटें आई हैं, जिन्हें एंबुलेंस की सहायता से उपचार के लिए भरतपुर के आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सकों ने सभी की हालत खतरे से बाहर बताई है।

सामान निकलवाकर दूसरी गाड़ी से भेजा होटल

पुलिस प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य के बाद हाईवे पर पलटी हुई क्षतिग्रस्त बस से पर्यटकों का सामान निकलवाने सहित दूसरी गाड़ी की व्यवस्था की, साथ ही उन्हें सुरक्षित तरीके से उनके गंतव्य होटल तक पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू की।

बांदा के मर्दन नाका निवासी डॉ. मंतशा कातिब की पुस्तक संत सौरभ : चराग-ए-इंसानियत का कवर लोकार्पित

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



विश्व रिकॉर्ड साहित्यिक अभियान के 69वें दिन बांदा की साहित्यकार एवं समाजसेविका डॉ. मंतशा कातिब की पुस्तक संत सौरभ : चराग-ए-इंसानियत के कवर का लोकार्पण पूर्व चेयरमैन मोहन साहू जी एवं उद्योग व्यापार मंडल के संस्थापक अमित गुप्ता जी के शुभ कर-कमलों से किया गया। यह पुस्तक सौहार्द शिरोमणि एवं जगत धर्म चक्रवर्ती संत डॉ. सौरभ पाण्डेय महाराज के जीवन-दर्शन, व्यक्तित्व एवं मानवीय चिंतन पर आधारित है। इसमें इंसानियत, मोहब्बत, करुणा, सेवा, धार्मिक सद्भाव और विश्वशांति जैसे महत्वपूर्ण विषयों को साहित्यिक अभिव्यक्ति प्रदान की गई है।

गोरखपुर के भस्मा गांव में जन्मे संत सौरभ धरा धाम इंटरनेशनल के संस्थापक एवं प्रमुख हैं। वे ह्यवसुधैव कुटुम्बकम्ह्न की भावना के साथ वैश्विक स्तर पर मानवता, प्रेम और सद्भाव का संदेश प्रसारित कर रहे हैं। लेखिका डॉ. मंतशा कातिब बांदा के मर्दन नाका की निवासी हैं। वे ड्रीम्स ऑफ लाइफ फाउंडेशन, बांदा की संस्थापिका एवं अध्यक्ष हैं। उनकी पुस्तक अब तलक महफूज है उत्तराखंड से प्रकाशित हो चुकी है।

साहित्य, शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय डॉ. मंतशा निर्धन एवं जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ बेजुबान पशु-पक्षियों के संरक्षण, उनकी सेवा तथा विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास कर रही हैं। उनके साहित्यिक एवं सामाजिक योगदान के लिए उन्हें अब तक कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है तथा विभिन्न मानद उपाधियाँ भी प्राप्त हुई हैं।

इस अवसर पर डॉ. मंतशा कातिब ने संत डॉ. सौरभ पाण्डेय महाराज के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा, मैं संत सौरभ जी की बहुत-बहुत शुक्रगुजार हूँ, जिन्होंने मुझे इस योग्य समझा और उनके जीवन-दर्शन, व्यक्तित्व एवं मानवतावादी विचारों को अपनी लेखनी के माध्यम से अभिव्यक्त करने का अवसर दिया। विश्व रिकॉर्ड साहित्यिक अभियान से जुड़कर एक नई पहचान बनाने का अवसर मिलना हम सभी के लिए सौभाग्य और गर्व की बात है। मेरा प्रयास रहेगा कि मेरी कलम के माध्यम से इंसानियत, मोहब्बत, आपसी भाईचारे और विश्वशांति का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचता रहे।

इस अवसर पर सत्येंद्र गुप्ता, सिराज, राजू, पप्पू, राजेंद्र सिंह, मुकेश श्रीवास्तव, आलोक मिश्रा, अरुण निगम, मोहम्मद नसीम, मोहम्मद शफीक एवं मोहम्मद जुबैर सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विश्व रिकॉर्ड साहित्यिक अभियान का उद्देश्य साहित्य के माध्यम से मानवता, विश्वशांति और सार्वभौमिक सद्भाव का संदेश वैश्विक स्तर पर पहुँचाना है। पुस्तक का प्रकाशन गीता ज्ञान इंटरनेशनल पब्लिकेशन्स एवं दिव्य प्रेरक कहानियां ई-पब्लिकेशन सेंटर, भारत द्वारा किया जा रहा है।

ग्राम पंचायत नाहारावाली से सरपंच पद पर साहबराम कुकणा विजयी

महेन्द्र पाल मेघवाल घड़साना अनूपगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत नाहारावाली में सरपंच पद के चुनाव में श्री साहबराम कुकणा ने जीत दर्ज की है। उनकी जीत की खबर से समर्थकों एवं ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। सरपंच पद पर निर्वाचित होने पर श्री साहबराम कुकणा को ग्रामीणों एवं शुभचिंतकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर समर्थकों ने खुशी जाहिर करते हुए उनके उज्वल कार्यकाल की कामना की। नवनिर्वाचित सरपंच श्री साहबराम कुकणा ने ग्रामीणों के विश्वास पर खरा उतरने तथा ग्राम पंचायत नाहारावाली के विकास, जनसमस्याओं के समाधान और गांव में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।



ग्राम पंचायत नाहारावाली के सरपंच बनने पर श्री साहबराम कुकणा को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

ग्राम पंचायत 12 केडी से सरपंच पद पर एडवोकेट सुभाष कटारिया मेघवाल विजयी

महेन्द्र पाल मेघवाल घड़साना घड़साना पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 12 केडी में सरपंच पद के चुनाव में एडवोकेट सुभाष कटारिया मेघवाल ने जीत दर्ज की है। उनकी जीत के बाद समर्थकों एवं ग्रामीणों में खुशी का माहौल है एडवोकेट सुभाष कटारिया मेघवाल के सरपंच निर्वाचित होने पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, समर्थकों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं



नवनिर्वाचित सरपंच से ग्रामीणों को गांव के विकास, शिक्षा, सड़क, पेयजल, स्वच्छता एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं में सुधार की उम्मीदें हैं। ग्रामीणों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में ग्राम पंचायत 12 केडी में विकास कार्यों को गति मिलेगी

एडवोकेट सुभाष कटारिया मेघवाल को सरपंच पद पर विजय प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं

बांकेगंज में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण

पूराः समावेशी शिक्षा पर 13, 14और 16 नवंबर को तीन दिन चला प्रशिक्षण

सुनहरा संसार सिकंदर आजम गोल गोकर्णनाथ बांकेगंज ब्लॉक संसाधन केंद्र पर को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकत्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण पूरा हुआ। प्रशिक्षण 13, 14 और 16 नवंबर 2026 को हुआ। संदर्भदाता सूरजपाल ने बच्चों के विकास में अलग-अलग संस्थाओं के योगदान और दिव्यांगता के शुरूआती लक्षण, कारण व निदान की जानकारी दी। संदर्भदाता आर्चना शुक्ला ने समावेशी आंगनबाड़ी केंद्रों की अवधारणा, रेफरल आंगनबाड़ी केंद्र की भूमिका और बच्चों की स्क्रीनिंग पर बात की प्रशिक्षण में आंगनबाड़ी केंद्रों को समावेशी बनाने में सीडीपीओ, जिला प्रशासन, प्रशासन और समुदाय की भूमिका पर भी चर्चा हुई। इसमें गारिमा देवी, रजिया परवीन, सरिता चौधरी, नेहा भारती, कुसुमलता, रुपा रानी, कुसुमा देवी, मंजू रानी, आर्चना देवी, प्रतिभा वर्मा, सुनीता वर्मा, ललित वम्मा, सुनैना मौर्या, अनुराधा मिश्र, सरिता, बबिता और सुरुचि सहित कार्यकत्रियां मौजूद रहीं। प्रशिक्षण में समस्त बीआरसी स्टाफ ने सहयोग किया।

लखीमपुर खीरी पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल: 2 निरीक्षक और 65 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले, कई चौकी प्रभारी भी प्रभावित

सुनहरा संसार मंडल ब्यूरो प्रमुख शीरी जैदी लखीमपुर खीरी: जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। दिनांक 16 नवंबर 2026 को जारी स्थानांतरण सूची के तहत कुल 67 पुलिस अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। इसमें 2 निरीक्षक (इंस्पेक्टर) और 65 उपनिरीक्षक (सब-इंस्पेक्टर) शामिल हैं, जिनमें बड़ी संख्या में विभिन्न पुलिस चौकियों के प्रभारी भी बदले गए हैं।

निरीक्षकों (इंस्पेक्टर) के तबादले:

शशि शेखर यादव: थाना उचौलिया से स्थानांतरित कर अतिरिक्त निरीक्षक, थाना गोला बनाया गया है

गंगा प्रसाद यादव: थाना गोला से स्थानांतरित कर अतिरिक्त निरीक्षक, थाना उचौलिया भेजा गया है।

प्रमुख चौकी प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव:

कोतवाली सदर क्षेत्र: संकटादेवी चौकी प्रभारी गौरव कुमार को चौकी अजान (थाना हैदराबाद) का प्रभारी बनाया गया है। उनकी जगह गोला महिला रिपोर्टिंग चौकी प्रभारी सुश्री अपूर्वा शर्मा को संकटादेवी चौकी का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है।

सेठघाट चौकी प्रभारी विक्रान्त चौधरी को नानक गोला (थाना गोला) और नानक गोला चौकी प्रभारी संजीत तिवारी को सेठघाट चौकी की जिम्मेदारी सौंपी गई है

राजापुर व अन्य चौकियां: राजापुर चौकी प्रभारी तेज सिंह को जे०बी० गंज (थाना पसगवाँ) भेजा गया है, जबकि कोतवाली सदर में तैनात प्रवीण कुमार को राजापुर चौकी का नया प्रभारी बनाया गया है। मिश्राना चौकी प्रभारी श्रीमती शिल्पी शुक्ला को थाना मितौली, रोडवेज चौकी प्रभारी संचित यादव को थाना पढुआ और रामापुर चौकी प्रभारी अवलीश कुमार को थाना खीरी भेजा गया है

गोला, हैदराबाद व मैलानी व

सब्जी मंडी जाने वाले रास्ते पर धंसा नाले का पत्थर, हादसों को दे रहा दावत

व्यस्ततम मार्ग पर आवागमन बाधित, देसी शराब की दुकान के पास बने गड्ढे में गिरकर लोग हो रहे चोटिल; नगर पालिका से तत्काल मरम्मत कराने की मांग

सुनहरा संसार मंडल ब्यूरो प्रमुख शीरी जैदी लखीमपुर-खीरी। शहर की व्यस्ततम सब्जी मंडी और मछली मंडी जाने वाले रास्ते पर नाले का पत्थर टूटकर धंस जाने से राहगीरों के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया है।

मार्ग पर बने नाले को ढकने के लिए रखा पत्थर ईंट ढोने वाली ट्रॉली के गुजरने के दौरान टूटकर नीचे धंस गया। इसके चलते रास्ते पर गहरा गड्ढा बन गया है, जिससे लोगों का आवागमन बाधित हो रहा है। खासकर पैदल आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, क्षतिग्रस्त नाले के पास ही देसी शराब की दुकान है। यहां दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रहती है। रास्ते में बने गड्ढे के कारण कई लोग गिरकर चोटिल हो चुके हैं। रात के अंधेरे में यह स्थान और भी खतरनाक हो जाता है। जरा सी चूक किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। आसपास रहने वाले परिवारों और मंडी आने-जाने वाले लोगों को भी इस समस्या से जूझना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सब्जी मंडी और मछली मंडी की ओर जाने वाला यह प्रमुख रास्ता है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में व्यापारी, खरीदार और राहगीर आते-जाते हैं। इसके बावजूद क्षतिग्रस्त नाले की मरम्मत न होना जिम्मेदार विभागों की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा है।

लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार किए बिना तत्काल क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत कराई जाए और नाले पर मजबूत ढक्कन या पत्थर लगवाया जाए। साथ ही मरम्मत होने तक सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग और चेतावनी संकेत लगाए जाएं, ताकि किसी राहगीर के साथ अनहोनी न हो। नागरिकों न?

संसारपुर में सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया गया

सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ विक्रम सिंह





मैनपुरी। के ग्राम संसारपुर में आयोजित सात दिवसीय भगवान बुद्ध कथा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा के दौरान बुद्ध कथा वाचक सम्राट श्यामसुंदर बौद्ध एवं राजेश्वरी बौद्ध ने भगवान गौतम बुद्ध के परी निर्माण दिवस पर विस्तार से चर्चा की जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं का विस्तार से वर्णन किया।

उन्होंने बुद्ध भगवान का परिनिर्वाण दिवस सुनाते हुए उनके बचपन,से लेकर अंत तक करुणा, दया, प्रेम और मानवता के प्रति समर्पण को भावपूर्ण तरीके से प्रस्तुत किया।

इस मार्मिक प्रसंग ने उपस्थित श्रोताओं को भावुक कर दिया।

वक्ताओं ने बच्चों की शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शिक्षा शेरनी का दूध है, जो इसे पिएगा वह दहाड़ेगा और जो शिक्षा से दूर रहेगा, उसे जीवन में पछताना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि गरीबी का एक बड़ा कारण अशिक्षा भी है। यदि समाज को आगे बढ़ाना है और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य उज्ज्वल बनाना है तो बच्चों को शिक्षित करना बेहद जरूरी है। माता-पिता का दायित्व है कि वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा और संस्कार प्रदान करें।

उन्होंने कहा कि अभाव और दुखों से मुक्ति का मार्ग ज्ञान, शिक्षा और विवेक से होकर गुजरता है। भगवान बुद्ध ने मनुष्य को अंधविश्वास और अज्ञानता से बाहर निकलकर विवेक के आधार पर जीवन जीने की प्रेरणा दी। जो व्यक्ति बुद्ध के विचारों और विवेक की शरण में आता है, उसका जीवन कल्याणकारी बन सकता है।

कथावाचकों ने कहा कि अच्छी मां ही अच्छे संस्कारों वाले बच्चों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मां बच्चों की पहली गुरु होती है। इसलिए परिवार में शिक्षा, संस्कार, प्रेम और नैतिकता का वातावरण होना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि सच्चा धर्म वही है जो समाज को जोड़ने का काम करे, न कि लोगों को आपस में बांटने का। भगवान गौतम बुद्ध ने अपने विचारों के माध्यम से मानवता, समानता, करुणा और भाईचारे का संदेश देकर समाज को जोड़ने का महान कार्य किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित, आलेख्य मतदाता सूची की बूथवार मुद्रित एवं डिजिटल प्रतियां कराई गई उपलब्ध

17 नवंबर से 16 दिसंबर तक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, नाम अपमार्जित कराने एवं संशोधन के लिए दर्ज करा सकेंगे दावे एवं आपत्तियां



21, 22, 28 एवं 29 नवंबर को विशेष अभियान दिवसों पर मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहेंगे बीएलओ

दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसंबर तक तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 04 जनवरी 2027 को होगा

निर्वाचन संबंधी जानकारी एवं सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 एवं

0120-2978702 की सुविधा उपलब्ध

रामकिशोर अवस्थी

गौतमबुद्धनगर 17 नवंबर, 2026 मा० भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के क्रम में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आज जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में आलेख्य निर्वाचक नामावली के प्रकाशन के उपरांत राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार मतदाता सूची की बूथवार मुद्रित एवं डिजिटल प्रतियां उपलब्ध कराई गईं। साथ ही मा० भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी समय-सारिणी के अनुसार पुनरीक्षण कार्यक्रम के विभिन्न चरणों एवं निर्धारित गतिविधियों की जानकारी दी गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 17 नवंबर 2026 को प्रकाशित आलेख्य निर्वाचक नामावली जनपद के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय (तहसील), पदाभिहित स्थलों एवं मतदान केंद्रों पर आमजन के अवलोकन के लिए उपलब्ध रहेगी। जनसामान्य अपने संबंधित मतदान केंद्र पर जाकर मतदाता सूची में अपना तथा अपने परिवार के सदस्यों का नाम देख सकते हैं। आलेख्य मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ ही 17 नवंबर से 16 दिसंबर 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। इस अवधि में पात्र मतदाता, मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने, अपात्र नामों को अपमार्जित कराने तथा किसी प्रविष्टि में संशोधन के लिए निर्धारित प्रपत्रों में आवेदन कर सकेंगे। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा तथा निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 04 जनवरी 2027 को किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने के लिए 21 नवंबर (शनिवार), 22 नवंबर (रविवार), 28 नवंबर (शनिवार) एवं 29 नवंबर (रविवार) को विशेष अभियान दिवस आयोजित किए जाएंगे। इन तिथियों पर जनपद के संबंधित मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) उपस्थित रहकर मतदाताओं को आवश्यक जानकारी एवं सहयोग प्रदान करेंगे। मतदाता सूची में नया नाम सम्मिलित कराने के लिए फार्म-6, नाम अपमार्जित कराने के लिए फार्म-7 तथा निर्वाचक नामावली में किसी प्रविष्टि में संशोधन, मतदाता फोटो पहचान पत्र के प्रतिस्थापन, दिव्यांग मतदाता के रूप में चिन्हांकन अथवा निवास परिवर्तन के लिए फार्म-8 भरकर संबंधित बीएलओ, पदाभिहित अधिकारी अथवा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में जमा किया जा सकता है।

मां मनकामनेश्वरी माताजी के अन्नकूट महोत्सव में उमड़ा आस्था का जन सैलाब, 7 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने ग्रहण की महाप्रसादी

30 क्विंटल सब्जी प्रसादी का वितरण, आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल, विधायक सेना महेश पटेल एवं पूर्व विधायक मुकेश पटेल ने स्वयं अपने हाथों से बांटी प्रसादी

सुनहरा संसार





रहीम शेरानी हिन्दुस्तानी झाबुआ नगर के अलिराजपुर बोरखड़ स्थित मां मनकामनेश्वरी माताजी मंदिर में मंगलवार को प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भव्य अन्नकूट महोत्सव का आयोजन पूरी श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ किया गया। मां मनकामनेश्वरी माताजी के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का नजारा उस समय देखने को मिला, जब सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। देखते ही देखते हजारों की संख्या में श्रद्धालु अन्नकूट महोत्सव में शामिल होने पहुंचे। इस धार्मिक आयोजन में 7 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मां की महाप्रसादी ग्रहण की।

अन्नकूट महोत्सव के अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ मां मनकामनेश्वरी माताजी की भोग आरती की गई। भोग आरती संपन्न होने के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी वितरण प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर करीब 30 क्विंटल सब्जी प्रसादी तैयार की गई, जिसका हजारों श्रद्धालुओं के बीच वितरण हुआ। आलीराजपुर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने प्रसादी ग्रहण कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बना रहा।

जनप्रतिनिधियों ने स्वयं अपने हाथों से किया प्रसादी वितरण

अन्नकूट महोत्सव में मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल, जोबट विधायक सेना महेश पटेल एवं आलीराजपुर के पूर्व विधायक मुकेश पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

तीनों जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धालुओं के बीच पहुंचकर स्वयं अपने हाथों से सब्जी प्रसादी वितरित की और सेवा कार्य में सहभागिता निभाई। जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वयं प्रसादी वितरण किए जाने के दौरान श्रद्धालुओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला।

पटेल फार्म हाउस बोरखड़ में भोजन की व्यवस्था

महोत्सव के दौरान धार्मिक आयोजन में शामिल होने आए अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों के लिए बोरखड़ स्थित पटेल फार्म हाउस में भोजन की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम के पश्चात महेश पटेल, विधायक सेना महेश पटेल एवं पूर्व विधायक मुकेश पटेल सहित उपस्थित अतिथियों ने पटेल फार्म हाउस में भोजन ग्रहण किया।

हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता से आयोजन बना यादगार

मां मनकामनेश्वरी माताजी के अन्नकूट महोत्सव में 7 हजार से अधिक श्रद्धालुओं की सहभागिता और 30 क्विंटल सब्जी प्रसादी का वितरण आयोजन की भव्यता का प्रतीक रहा। इस आयोजन में पटेल परिवार, मंदिर समिति के सदस्यों एवं सहयोगियों ने व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी के सहयोग एवं सहभागिता से महोत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

अंत में आयोजकों ने महोत्सव में पधारे सभी श्रद्धालुओं, क्षेत्रवासियों एवं प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। साथ ही मां मनकामनेश्वरी माताजी से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली बनाए रखने की मंगलकामना की।

गुरु भक्ति के साथ मनाया परिषद संस्थापक गुरुदेव का 144 वां जन्मोत्सव

रहीम शेरानी झाबुआ



मेघनगर में अष्टप्रकारी पूजन, गुरु आरती, अन्नदान, वस्त्र एवं मिष्ठान वितरण सहित विविध आयोजन संपन्न, मानवसेवा और जीवदया के कार्यों से दी गुरुदेव को भावांजलि विश्वपूज्य दादा गुरुदेव श्रीमद् विजय राजेन्द्र सूरीश्वरजी महाराज साहब के शिष्य एवं पुण्यसम्राट, युगप्रभावक श्रीमद् विजय जयन्तसेन सूरीश्वरजी महाराज साहब के संयम प्रदाता गुरुदेव, अखिल भारतीय श्री राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद के संस्थापक, पीताम्बर विजेता, व्याख्यान वाचस्पति आचार्यदेव श्रीमद् विजय यतीन्द्र सूरीश्वरजी महाराज साहब का 144 वां जन्मोत्सव बुधवार को मेघनगर में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति, उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर परिषद परिवार द्वारा धार्मिक आराधना के साथ मानवसेवा, जीवदया एवं परोपकार के विविध कार्यक्रम आयोजित कर गुरुदेव के आदर्शों को आत्मसात करने का प्रेरणादायी संदेश दिया गया।

अन्नदान, वस्त्र वितरण एवं जीवदया के कार्यों से मनाया जन्मोत्सव

जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय श्री राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद एवं परिषद परिवार द्वारा सेवा कार्यों की श्रृंखला आयोजित की गई। इसके अंतर्गत जरूरतमंदों को अन्न एवं भोजन वितरण कर मानवसेवा का पुण्यलाभ अर्जित किया गया। वहीं जीवदया के कार्यों के माध्यम से समस्त जीवों के प्रति करुणा एवं मैत्री का संदेश दिया गया।

परिषद परिवार द्वारा वस्त्र एवं मिष्ठान वितरण के कार्यक्रम भी संपन्न किए गए। नवयुवक परिषद के सदस्यों द्वारा विद्यालय के बच्चों को चॉकलेट वितरित कर उनके साथ गुरुदेव का जन्मोत्सव मनाया गया। सेवा और समर्पण से ओतप्रोत इन आयोजनों में परिषद सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

महिला परिषद द्वारा अष्टप्रकारी पूजन एवं गुरु आराधना

जन्मोत्सव के अवसर पर दोपहर में अखिल भारतीय श्री राजेन्द्र जैन महिला परिषद मेघनगर द्वारा आचार्यदेव श्रीमद् विजय यतीन्द्र सूरीश्वरजी महाराज साहब की अष्टप्रकारी पूजन का भक्तिभावपूर्वक आयोजन किया गया। पूजन के दौरान गुरुदेव के महान व्यक्तित्व, संयममय जीवन, शासन प्रभावना एवं धर्म के प्रति उनके अनुपम योगदान का स्मरण किया गया।

गुरु आरती एवं स्तुति के माध्यम से उपस्थित गुरुभक्तों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि परिषद संस्थापक गुरुदेव का संपूर्ण जीवन धर्म, संयम, संगठन, सेवा एवं समाज उत्थान के लिए समर्पित रहा। उनके द्वारा स्थापित परिषद संगठन आज भी धार्मिक संस्कारों के संरक्षण, युवा जागरण, मानवसेवा एवं जीवदया के कार्यों के माध्यम से उनके आदर्शों को आगे बढ़ा रहा है।

परिषद परिवार की रही उल्लेखनीय उपस्थिति

इस अवसर पर अखिल भारतीय श्री राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद के मध्यप्रदेश अध्यक्ष रजत कावड़िया, राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री राकेश लोढ़ा, स्थानीय परिषद अध्यक्ष एवं प्रदेश पर्यावरण मंत्री देवेन्द्र जैन, स्थानीय महामंत्री राहुल लोढ़ा, मध्यप्रदेश परिषद के विशेष आमंत्रित सदस्य राजेश भंडारी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राहुल रांका, मेघनगर परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शीतल कावड़िया, नीलेश कोठारी, कमलेश कोठारी, अर्चित मूथा, गौरव कोठारी एवं मनीष लोढ़ा सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

महिला परिषद की अध्यक्ष श्रीमती स्नेहलता कावड़िया, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती विमला कोठारी, प्रेमलता रांका, सुमन भंडारी, राखी लोढ़ा, रुचिता कावड़िया, वर्षा जैन एवं सपना भंडारी सहित बड़ी संख्या में महिला परिषद की सदस्याओं एवं गुरुभक्तों ने धार्मिक एवं सेवाभावी आयोजनों में सहभागिता की।

गुरुदेव के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

जन्मोत्सव के अवसर पर परिषद पदाधिकारियों ने गुरुदेव के चरणों में भावपूर्ण वंदना करते हुए कहा कि गुरुदेव के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि उनके बताए धर्म, सेवा, संयम, करुणा और संगठन के मार्ग पर चलने में ही निहित है। परिषद परिवार भविष्य में भी मानवसेवा, जीवदया, धार्मिक संस्कारों के संवर्धन एवं समाजहित के कार्यों को निरंतर गति प्रदान करता रहेगा।

इस प्रकार मेघनगर में परिषद संस्थापक गुरुदेव का 144 वां जन्मोत्सव धार्मिक आराधना, गुरुभक्ति, सेवा एवं समर्पण के वातावरण में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।

झाबुआ का तीरंदाज विराट डोडियार अब राष्ट्रीय स्तर पर दिखाएगा दम

सुनहरा संसार



रहीम शेरानी झाबुआ राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में चार पदक जीतकर किया झाबुआ जिले का नाम रोशन, राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन Keshav International School के प्रतिभाशाली तीरंदाज विराट पूजा रवि डोडियार ने अपनी शानदार खेल प्रतिभा और उत्कृष्ट प्रदर्शन से झाबुआ को गौरवान्वित किया है।

इटारसी, नर्मदापुरम में आयोजित 70 वीं राज्य स्तरीय शालेय तीरंदाजी प्रतियोगिता में 14 वर्षीय विराट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल चार पदक अपने नाम किए। उनकी इस उपलब्धि के साथ अब झाबुआ का नाम राष्ट्रीय स्तर की तीरंदाजी प्रतियोगिता में गूंजेगा।

विराट ने प्रतियोगिता में अपनी सटीक निशानेबाजी का परिचय देते हुए निम्न उपलब्धियाँ हासिल कीं–

- 40 मीटर रिकर्व प्रथम राउंड - रजत पदक
- 40 मीटर रिकर्व द्वितीय राउंड - कांस्य पदक
- 40 मीटर राज्य स्तरीय स्पर्धा - कांस्य पदक
- राज्य स्तरीय इंडोर स्पर्धा - स्वर्ण पदक

विराट की इस शानदार सफलता का सबसे बड़ा गौरवपूर्ण पहलू यह है कि उनका चयन राष्ट्रीय स्तर की अंडर-14 बालक तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जहाँ वे मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह उपलब्धि न केवल विराट के लिए, बल्कि पूरे झाबुआ जिले के लिए गौरव का विषय है।

काव्यांश नीता निलेश पंचाल ने भी जीता कांस्य पदक

इसी प्रतियोगिता में विद्यालय के एक अन्य प्रतिभाशाली खिलाड़ी काव्यांश पंचाल ने भी अंडर-14 एवं अंडर-17 वर्ग की राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

विद्यालय संचालक ने दोनों खिलाड़ियों को उनकी शानदार उपलब्धियों पर बधाई दी तथा उनके प्रशिक्षकों और अभिभावकों के योगदान की सराहना की।

Keshav International School के लिए यह गर्व का क्षण है। विद्यालय को विश्वास है कि विराट राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का परचम लहराकर झाबुआ और मध्य प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

छोटी खबरें

छठ व्रती महिलाओं के संग नमो नमो मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष मीना मिश्रा ने मनाया लोक आस्था का महापर्व छठ

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व छठ के पावन अवसर पर 'नमो नमो मोर्चा' की प्रदेश अध्यक्ष मीना मिश्रा ने छठ व्रती महिलाओं के साथ मिलकर इस पर्व को अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया। इस दौरान पूरे क्षेत्र का वातावरण छठी मइया के पारंपरिक लोकगीतों और भक्तिमय जयकारों से गूंजायमान रहा।



कार्यक्रम के दौरान मीना मिश्रा ने स्वयं छठ व्रती महिलाओं के बीच पहुंचकर उनसे आशीर्वाद लिया और पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने की तैयारियों में सहयोग किया तथा व्रतियों के बीच पूजन सामग्री, फल और प्रसाद का वितरण भी किया। इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मीना मिश्रा ने कहा, "छठ पूजा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारी सनातन संस्कृति, स्वच्छता, प्रकृति प्रेम और अटूट आस्था का प्रतीक है। कठिन निर्जला व्रत रखकर छठ व्रती माताएं और बहनें पूरे समाज और राष्ट्र की सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। इनके बीच आकर मुझे असीम आध्यात्मिक शांति और ऊर्जा की अनुभूति हो रही है।"

छठ घाट पर मौजूद महिलाओं और स्थानीय नागरिकों ने मीना मिश्रा की इस पहल और सादगी की जमकर सराहना की। इस मौके पर मोर्चे के कई अन्य पदाधिकारी, महिला कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिन्होंने सामूहिक रूप से छठी मइया की आराधना कर देश और प्रदेश की खुशहाली की प्रार्थना की।

आईआईटीएफ 2026 में दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के रोड सेफ्टी पवेलियन का उद्घाटन, पुलिस आयुक्त ने बच्चों को दिया सुरक्षित सड़क व्यवहार का संदेश

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली नई दिल्ली। भारत मंडपम, प्रगति मैदान में चल रहे इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर (आईआईटीएफ) 2026 में दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के रोड सेफ्टी पवेलियन का उद्घाटन दिल्ली के पुलिस आयुक्त श. अनुराग कुमार, आईपीएस ने किया। यह पवेलियन हैंगर नंबर 7ए में लगाया गया है, जिसका उद्देश्य आम लोगों, विशेषकर युवाओं में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उद्घाटन समारोह में स्पेशल सीपी/एसपीयूडब्ल्यूएसी श. मनीष अग्रवाल, ज्वाइंट सीपी/ओएसडी श. संजय जैन, ज्वाइंट सीपी/ट्रैफिक श. संजय त्यागी, एडिशनल सीपी/ट्रैफिक श्रीमती विजयंता आर्य और एडिशनल सीपी/ट्रैफिक श. डी.के. गुप्ता सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान ग्रीन फील्ड स्कूल, सफदरजंग एन्क्लेव के विद्यार्थियों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने रंग-बिरंगी कलाकृतियों के माध्यम से सड़क सुरक्षा, जिम्मेदार सड़क व्यवहार और यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया। मौके पर रोड सेफ्टी एमई वैन भी प्रदर्शित की गई और विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों और जिम्मेदार व्यवहार पर आधारित लघु वीडियो दिखाए गए। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त ने विद्यार्थियों से बातचीत की और उन्हें कम उम्र से ही सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक बनने तथा अपने परिवार और समाज में इसका संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को जिम्मेदार सड़क उपयोगकर्ता और रोड सेफ्टी एंबेसडर बनने का आह्वान किया। पवेलियन को इंटरैक्टिव जन-जागरूकता पहल के रूप में तैयार किया गया है, जहां सूचनात्मक प्रदर्शनी, जागरूकता गतिविधियों और जन संवाद के माध्यम से सभी आयु वर्ग के लोगों को सुरक्षित सड़क प्रथाओं, यातायात नियमों, पैदल यात्री सुरक्षा और जिम्मेदार ड्राइविंग के बारे में शिक्षित किया जा रहा है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस का लक्ष्य आईआईटीएफ के दौरान अधिक से अधिक आगंतुकों तक पहुंचना और हर आगंतुक को एक सूचित व जिम्मेदार सड़क उपयोगकर्ता बनाना है, ताकि सड़कों को सुरक्षित बनाया जा सके और कीमती जानें बचाई जा सकें। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने सभी आगंतुकों से पवेलियन में आने और सड़क सुरक्षा की संस्कृति बनाने की इस पहल में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की है।

रामा हॉस्पिटल के चिकित्सक द्वारा मुरादनगर में नि: शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं वितरण शिविर आयोजित

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ मुरादनगर। मदरसा सादिया फि रदौस मस्जिद ईदगाह कॉलोनी मुरादनगर में अरमान पठान के नेतृत्व में रामा हॉस्पिटल द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इस दौरान रामा हॉस्पिटल के चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच की गई तथा जांच के बाद जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गईं।

इस अवसर पर कांग्रेस नेता समाजसेवी महताब पठान ने कहा कि गरीब एवं जरूरतमंद लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना बेहद जरूरी है। ऐसे चिकित्सा शिविरों से उन लोगों को काफी राहत मिलती है जो आर्थिक परेशानियों के कारण समय पर अपना इलाज नहीं करा पाते। उन्होंने रामा हॉस्पिटल की पूरी टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस तरह के जनहितकारी स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाने चाहिए,



ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। स्थानीय लोगों ने रामा हॉस्पिटल एवं अरमान पठान की इस पहल की सराहना की स्वास्थ्य सेवा ही मानव सेवा है।

वार्ड नंबर 32 के हिंदू रक्षा दल महिला विंग की नगर अध्यक्ष श्रीमती सुधा शर्मा जी एवं उनकी टीम छठ घाटों पर पहुँचकर छठ पूजा के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं के बीच सहभागिता की गई

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ लोनी। श्रद्धा और सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा के पावन अवसर पर हिंदू रक्षा दल महिला विंग की नगर अध्यक्ष सुधा शर्मा जी एवं उनकी टीम द्वारा लोनी के वार्ड संख्या 32 के विभिन्न घाटों पर पहुँचकर छठ महापर्व में सहभागिता की गई।इस अवसर पर सुधा शर्मा जी ने छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं से मुलाकात कर सभी को छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं तथा उनका उत्साहवर्धन किया।छठ महापर्व हमारी आस्था, पवित्रता, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और पारिवारिक सुख- समृद्धि का प्रतीक है। यह पर्व हमें भगवान सूर्य एवं छठी मैया की उपासना के साथ-साथ सेवा, समर्पण, अनुशासन और सामाजिक एकता का संदेश देता है।इस दौरान टीम की सदस्य शूर्जो देवी, कृष्णा देवी, रामा देवी, पूजा, पूनम सोनी, ममता, शोभा, चिंता देवी, सुनीता एवं अन्य सभी बहनों की सराहनीय सहभागिता रही।सुधा शर्मा जी ने सभी छठ व्रतियों के सुख,समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना करते हुए कहा कि ऐसे पावन पर्व हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवंत रखते हैं। हम सभी को मिलकर अपनी सनातन संस्कृति और धार्मिक परंपराओं का सम्मान एवं संरक्षण करना चाहिए।



सोनिया गांधी के संस्मरण बिलॉन्गिंग का हुआ औपचारिक विमोचन

बोलीं- परिवार के बारे में फैलाई गई झूठी कहानियों का सच सामने लाने की कोशिश

- राजीव गांधी की हत्या के बाद राहुल-प्रियंका ने मुश्किल दौर में माता-पिता की तरह संभाला- सोनिया गांधी

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



नई दिल्ली, 16 नवंबर कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा अपने जीवन पर लिखी गई पुस्तक बिलॉन्गिंग: ए जर्नी ऑफ लव का सोमवार को नई दिल्ली में औपचारिक विमोचन किया गया। इस अवसर पर बातचीत में सोनिया गांधी ने अपनी निजी जिंदगी, पति राजीव गांधी से पहली मुलाकात, सास इंदिरा गांधी के साथ रिश्ते, राजनीतिक सफर और परिवार के संघर्षों से जुड़े कई अनछुए पहलुओं को साझा किया।

सोनिया गांधी ने कहा कि वाह पुस्तक उनके परिवार के बारे में वर्षों से कही जाती रही झूठी और भ्रामक कहानियों की सच्चाई सामने रखने की एक कोशिश है।

इस दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, महासचिव प्रियंका गांधी, पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, केरलम के मुख्यमंत्री वीडी सतीशन, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला, एनसीपी (एसपी) से सुप्रिया सुले, तृणमूल कांग्रेस से अभिषेक बनर्जी, पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह समेत देशभर की राजनीति और सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी हस्तियां मौजूद थी।

इस पुस्तक के प्रकाशक हार्परकॉलिन्स की पौलोमी चटर्जी के साथ बातचीत में किताब लिखने के अनुभव को साझा करते हुए सोनिया गांधी ने कहा कि शुरूआत में उनके लिए काफी मुश्किल था। हालांकि, जवानी के दिनों और राजीव गांधी से पहली मुलाकात की यादें सहज रूप से सामने आती गईं। उन्होंने कहा कि सबसे दर्दनाक हिस्से इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की हत्याओं से जुड़े थे। उन घटनाओं को याद करते हुए उन्होंने कहा, "वे बहुत मुश्किल पल थे। जो हुआ उससे मैं स्तब्ध, हैरान और दुखी थी।"

पुस्तक के शीर्षक बिलॉन्गिंग यानी अपनत्व से जुड़े सवाल पर सोनिया गांधी ने कहा कि यह उनके व्यक्तिगत अनुभवों से जुड़ा है, लेकिन ऐसी चुनौतियां केवल उनके सामने ही नहीं आईं। भारत में शादी के बाद ससुराल आने वाली अनेक महिलाओं को नए परिवार और वहां की परंपराओं के अनुरूप खुद को ढालने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उनके मामले में यह चुनौती इसलिए और बड़ी थी, क्योंकि वह बिल्कुल अलग सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिवेश से आई थीं। भारत से जुड़ाव के सवाल पर सोनिया गांधी ने राजीव गांधी के निर्वाचन क्षेत्र के अपने शुरूआती दौरों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वहां के लोग बेहद सहज और स्पष्टवादी थे। उन्हें उनके विदेशी मूल या अलग उच्चारण से कोई परेशानी नहीं थी। उनके लिए यह मायने रखता था कि क्या वह उनसे मिलने, उनसे बात करने और उनकी समस्याओं को समझने को तैयार हैं। उन्होंने कहा," मुझे उनके साथ घर जैसा महसूस होने लगा।" उन्होंने 2004 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत को भी ऐसा महत्वपूर्ण अवसर बताया, जब उन्हें लगा कि देश ने उन्हें पूरी तरह अपना लिया है।

अपने जीवन में मिले संस्कारों और सीख का उल्लेख करते हुए सोनिया गांधी ने अनुशासन, समय की पाबंदी, साहस एवं दृढ़ संकल्प को महत्वपूर्ण गुण बताया। उन्होंने कहा कि ये मूल्य उन्होंने अपनी सास इंदिरा गांधी जी से सीखे।

राजीव गांधी के राजनीति में आने के फैसले का जिक्र करते हुए सोनिया गांधी ने बताया कि उन्होंने शुरूआत में इसका विरोध किया था। इसकी वजह यह थी कि उन्होंने इंदिरा गांधी को पूरी जिंदगी सार्वजनिक जीवन और राजनीतिक जिम्मेदारियों में समर्पित रहते देखा था। उन्हें आशंका थी कि राजनीति की कठिन परिस्थितियों में कहीं वह अपने पति को भी न खो दें। हालांकि, राजीव गांधी के राजनीति में आने के बाद उनका रिश्ता और मजबूत हुआ।

राजीव गांधी की हत्या को अपनी जिंदगी का सबसे बड़ा व्यक्तिगत आघात बताते हुए सोनिया गांधी ने कहा कि राहुल और प्रियंका ने उस कठिन समय में उन्हें संभालने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने भावुक होते हुए कहा, "मेरे बेटे और बेटी दोनों ने मेरी मदद की। मैं बच्ची बन गई और वे माता-पिता जैसे बन गए।"

बातचीत के दौरान उन्होंने राहुल और प्रियंका गांधी के बचपन के संघर्षों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी के प्रधानमंत्री रहने के दौरान परिवार पर कड़े सुरक्षा प्रतिबंध थे। बच्चों की जिंदगी लगभग कैद जैसी हो गई थी।

किताब को लेकर लोगों की प्रतिक्रिया पर सोनिया गांधी ने कहा कि उन्हें जनता से मिले प्यार और स्नेह ने अभिभूत कर दिया है। युवाओं को राजनीति में आने का संदेश देते हुए सोनिया गांधी ने कहा कि अधिक से अधिक युवाओं को राजनीति और सार्वजनिक जीवन में भागीदारी करनी चाहिए।

आरकेजीआईटी एलुमनाई एसोसिएशन द्वारा लखनऊ चैप्टर 1.0 का आयोजन

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ





गाजियाबाद। राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आरकेजीआईटी), गाजियाबाद की एलुमनाई एसोसिएशन द्वारा लखनऊ स्थित हिल्टन गार्डन इन में एलुमनाई मीट - लखनऊ चैप्टर 1.0 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के वर्ष 2004 के प्रथम बैच से लेकर वर्ष 2026 के नवीनतम बैच तक के पूर्व छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इसका उद्देश्य पूर्व छात्रों के बीच आपसी संपर्क एवं नेटवर्क को मजबूत करना तथा संस्थान के साथ उनके जुड़ाव को और प्रगाढ़ बनाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. रितु अग्रवाल,सचिव, आरकेजीआईटी एलुमनाई एसोसिएशन के स्वागत संबोधन से हुआ। संस्थान के निदेशक डॉ. बी.सी. शर्मा ने संस्थान की शैक्षणिक एवं तकनीकी प्रगति की जानकारी देते हुए रॉयल एनफील्ड, एप्पल एवं एलएंडटी इलेक्ट्रिक व्हीकल जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों के सहयोग से प्रस्तावित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के बारे में बताया। इस अवसर पर आरकेजी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर सभी पूर्व छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एलुमनाई एसोसिएशन की पहल की सराहना करते हुए पूर्व छात्रों से संस्थान की प्रगति में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। रितेश पाहुजा, एसोसिएट डायरेक्टर (CRC) ने संस्थान की प्लेसमेंट उपलब्धियों एवं उद्योग जगत के साथ विकसित हो रहे संबंधों पर प्रकाश डाला। वहीं, डॉ.डी.के. चौहान, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, आरकेजी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने अंतरराष्ट्रीय पहलों एवं दुबई स्थित किंग्स स्कूल ऑफ बिजनेस के साथ सहयोग के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए नए अवसर विकसित करने के प्रयासों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान पूर्व छात्रों ने अपने व्यावसायिक अनुभव, उपलब्धियों एवं कॉलेज जीवन से जुड़े यादगार संस्मरण साझा किए। सभी ने वर्षों बाद अपने सहपाठियों से मिलकर प्रसन्नता व्यक्त की तथा संस्थान प्रबंधन एवं एलुमनाई एसोसिएशन द्वारा इस पहल के लिए आभार जताया। पूर्व छात्रों ने विशेष रूप से इस बात की सराहना की कि संस्थान अपने पूर्व छात्रों से जुड़ने के लिए गाजियाबाद से लखनऊ तक पहुंचा। इस आयोजन से लखनऊ में कार्यरत पूर्व छात्रों के बीच नए संपर्क स्थापित हुए और पुराने संबंधों को नई मजबूती मिली।

कार्यक्रम में रजिस्ट्रार बलदेव, एलुमनाई एसोसिएशन के संयुक्त सचिव सौरभ सिंह एवं कार्यक्रम संयोजक सुश्री निशी पाठक उपस्थित रहे। अंत में डॉ. ललित सारस्वत, विभागाध्यक्ष,कंप्यूटर साइंस विभाग ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। यह आयोजन संस्थान एवं उसके पूर्व छात्रों के बीच आजीवन संबंधों, आपसी सहयोग और संस्थागत जुड़ाव को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

कार्यालय : स्थायी समिति अध्यक्ष, दिल्ली नगर निगम

- स्थायी समिति अध्यक्ष श्रीमती सत्या शर्मा ने निगम आयुक्त एवं जोनल उपायुक्तों के साथ की समीक्षा बैठक

वायु प्रदूषण की रोकथाम, करुणामूलक आधार पर नियुक्तियों एवं नियमितीकरण में तेजी, खतरनाक और जर्जर इमारतों के खिलाफ कार्रवाई सहित जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



दिनांक : 17 नवंबर, 2026 दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष श्रीमती सत्या शर्मा ने आज निगम आयुक्त, अतिरिक्त आयुक्तों तथा सभी जोन के उपायुक्तों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में निगम के विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया और जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

करुणामूलक आधार पर नियुक्ति एवं कर्मचारियों के नियमितीकरण, वायु प्रदूषण पर नियंत्रण, खतरनाक और जर्जर इमारतों के संबंध में कार्रवाई तथा उस्मानपुर एमसीडी स्टाफ क्वार्टर के पुनर्विकास से जुड़े मुद्दे प्रमुख रूप से शामिल रहे।

बैठक के दौरान श्रीमती सत्या शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निगम में करुणामूलक आधार पर नियुक्तियों की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, ताकि पात्र आश्रितों को अनावश्यक देरी का सामना न करना पड़े। उन्होंने ऐसे आधार पर नियुक्त कर्मचारियों के नियमितीकरण से संबंधित मामलों का भी प्राथमिकता के साथ निपटारा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया की प्रगति की निगरानी के लिए प्रत्येक माह में समीक्षा बैठक आयोजित की जाए, जिससे लंबित मामलों की स्थिति की नियमित समीक्षा हो सके और आवश्यक कार्रवाई समय पर सुनिश्चित की जा सके।

वायु प्रदूषण के मुद्दे पर चिंता व्यक्त करते हुए स्थायी समिति अध्यक्ष ने सभी जोन के उपायुक्तों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्रों के प्रमुख प्रदूषण हॉटस्पॉट पर विशेष निगरानी रखें। सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर जमा मलबे को समय पर हटाया जाए, ताकि धूल से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने सभी जोन में डीप क्लीनिंग अभियान को और तेज करने तथा निर्माण गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदूषण संबंधी नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और नियमानुसार चालान किए जाएं।

बैठक में खतरनाक एवं जर्जर इमारतों की पहचान और उनके संबंध में आवश्यक कार्रवाई के मुद्दे पर भी चर्चा की गई। श्रीमती शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसी इमारतों का नियमित निरीक्षण किया जाए और जहां भी सुरक्षा संबंधी खतरा पाया जाए, वहां नियमानुसार समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को कम किया जा सके।

इसके अतिरिक्त, उस्मानपुर एमसीडी स्टाफ क्वार्टर के पुनर्विकास से जुड़े मुद्दे पर भी अधिकारियों के साथ चर्चा की। श्रीमती शर्मा ने संबंधित अधिकारियों से पुनर्विकास कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक के श्रीमती सत्या शर्मा ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े प्रत्येक विषय पर गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि निगम के विभिन्न विभागों के कार्यों की नियमित समीक्षा होनी चाहिए, ताकि दिल्ली नगर निगम की सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बनाया जा सके।

विक्रमशिला: अतीत का गौरव, भविष्य की नई उम्मीद डॉ. विक्रम चौरसिया

सुनहरा संसार



एक समय था, जब भारत ज्ञान और शिक्षा का प्रमुख केंद्र हुआ करता था। विश्व के अनेक हिस्सों से विद्यार्थी यहाँ ज्ञान अर्जित करने आते थे। प्राचीन भारत की इसी गौरवशाली परंपरा का एक महत्वपूर्ण अध्याय था विक्रमशिला महाविहार।

नालंदा की तरह विक्रमशिला भी प्राचीन भारत की प्रसिद्ध बौद्ध शिक्षा परंपरा का प्रमुख केंद्र था। बिहार के भागलपुर जिले के कहलगाँव स्थित अंतिचक में इसके ऐतिहासिक अवशेष आज भी हमारे गौरवशाली अतीत की कहानी कहते हैं।

जब मैंने पहली बार यहाँ के खंडहरों को देखा, तो मन में कई भाव एक साथ उमड़ पड़े। लगा कि जिस धरती ने कभी ज्ञान की रोशनी दूर-दूर तक पहुँचाई थी, उसकी विरासत आज भी हमसे नई उम्मीदें रखती है।

पाल वंश के शासक धर्मपाल के संरक्षण में स्थापित विक्रमशिला महाविहार में दर्शन, व्याकरण, तर्कशास्त्र और बौद्ध अध्ययन जैसे विषयों की शिक्षा दी जाती थी। ऐतिहासिक विवरणों में यहाँ सौ से अधिक आचार्यों और लगभग एक हजार विद्यार्थियों का उल्लेख मिलता है। यहाँ के महान विद्वान आचार्य अतिश दीपंकर ने तिब्बत में बौद्ध दर्शन और ज्ञान-परंपरा के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इतिहास का यह गौरव हमें गर्व से भरता है, लेकिन साथ ही एक सवाल भी खड़ा करता है क्या हम इस ज्ञान-परंपरा को अपने वर्तमान से जोड़ पा रहे हैं? आज बेहतर शिक्षा और अवसरों की तलाश में बिहार के अनेक युवा देश के विभिन्न शहरों और विदेशों का रुख करते हैं। यह स्वाभाविक है कि हर विद्यार्थी अपने उज्ज्वल भविष्य का सपना देखता है। लेकिन यह भी जरूरी है कि बिहार में ही गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा और शोध के पर्याप्त अवसर विकसित हों, ताकि प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए अपने घर-प्रदेश से दूर जाने की मजबूरी न हो।

ऐसे समय में विक्रमशिला की ऐतिहासिक धरती पर प्रस्तावित केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना की पहल एक नई उम्मीद जगाती है। यह केवल एक शिक्षण संस्थान की स्थापना का विषय नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की शैक्षणिक, सामाजिक और बौद्धिक संभावनाओं को नई दिशा देने का अवसर है।

हालाँकि, किसी विश्वविद्यालय की सफलता केवल भव्य भवनों और विशाल परिसर से तय नहीं होती। उसकी वास्तविक पहचान योग्य शिक्षकों, गुणवत्तापूर्ण शोध, समावेशी शिक्षा और स्वतंत्र विचार-विमर्श की संस्कृति से बनती है।

विक्रमशिला की ऐतिहासिक पहचान हमें ज्ञान, संवाद, तर्क और बौद्धिक अनुशासन की प्रेरणा देती है। आज की पीढ़ी को भी ऐसी शिक्षा की आवश्यकता है, जो केवल डिग्री तक सीमित न रहे, बल्कि विद्यार्थियों में विवेक, संवेदनशीलता और समाज के प्रति जिम्मेदारी का भाव भी विकसित करे। मेरी अपेक्षा है कि प्रस्तावित विश्वविद्यालय में स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर मिलें। आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो, शोधार्थियों को बेहतर सुविधाएँ मिलें और देश-विदेश के विद्वानों के बीच ज्ञान का सार्थक संवाद स्थापित हो। साथ ही, इस संस्थान का विकास स्थानीय समाज और क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किया जाए।

मैंने दिल्ली विश्वविद्यालय से बौद्ध अध्ययन में स्नातकोत्तर की शिक्षा प्राप्त की है और वर्तमान में पीएच.डी. कर रहा हूँ। एक विद्यार्थी और शोधार्थी के रूप में विक्रमशिला की ऐतिहासिक विरासत मुझे विशेष रूप से प्रेरित करती है। मेरे लिए यह केवल इतिहास का एक अध्याय नहीं, बल्कि ज्ञान की उस परंपरा का प्रतीक है, जिसे फिर से जीवंत करने की आवश्यकता है।

मेरा विश्वास है कि यदि इस परियोजना को दूरदर्शिता, शैक्षणिक गुणवत्ता और सामाजिक समावेशिता के साथ आगे बढ़ाया गया, तो विक्रमशिला एक बार फिर ज्ञान, शिक्षा और शोध के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में अपनी पहचान बना सकती है।मैं चाहता हूँ कि आने वाली पीढ़ियाँ विक्रमशिला को केवल उसके गौरवशाली अतीत के लिए ही नहीं, बल्कि उसके उज्ज्वल शैक्षणिक भविष्य के लिए भी याद करें।

यही विक्रमशिला की ऐतिहासिक विरासत के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

मनीला के ऐतिहासिक खालसा दीवान गुरुद्वारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टेका माथा, पुनर्विकास की रखी आधारशिला, तरुण चुघ ने इसे सिख गुरुओं की परंपरा और वैश्विक सिख समुदाय के प्रति प्रधानमंत्री की गहरी आस्था का प्रतीक बताया

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



नई दिल्ली, 17 नवंबर 2026। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मुख्यालय प्रभारी एवं सांसद तरुण चुघ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा फिलीपींस की राजधानी मनीला स्थित ऐतिहासिक खालसा दीवान गुरुद्वारे में अरदास कर माथा टेकने और गुरुद्वारे के पुनर्विकास की आधारशिला रखने को सिख गुरुओं, सिख परंपराओं तथा विश्वभर में बसे पंजाबी-सिख समुदाय के प्रति उनकी गहरी आस्था का जीवंत प्रमाण बताया है। उन्होंने कहा कि विदेश की धरती पर ऐतिहासिक गुरुद्वारे में शीश नवाना और उसके पुनर्निर्माण की नींव रखना महज एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारत की सभ्यतागत विरासत को वैश्विक मंच पर आत्मविश्वास और गौरव के साथ प्रस्तुत करने के संकल्प का प्रतीक है।

तरुण चुघ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सिख समाज के साथ संबंध किसी एक अवसर या औपचारिकता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आस्था, सम्मान और कर्म की निरंतर यात्रा है। करतारपुर साहिब कॉरिडोर के माध्यम से संगत की भावनाओं को नया मार्ग मिला, वहीं वीर बाल दिवस के जरिए साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान को देश की चेतना में स्थायी स्थान दिलाया गया। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान में संकट के कठिन दौर के दौरान श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पावन स्वरूपों को पूरी मर्यादा और अदब के साथ सुरक्षित भारत लाया गया तथा वहां फंसे सिख परिवारों की सुरक्षित निकासी भी सुनिश्चित की गई। ये सभी निर्णय दर्शाते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के लिए सिख आस्था की रक्षा और सिख परिवारों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल रही है।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सिख परंपराओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवपूर्ण पहचान दिलाने के लिए लगातार प्रयास किए हैं। कनाडा में गुरुद्वारा खालसा दीवान की यात्रा हो या ईरान के गुरुद्वारे में माथा टेकना, थाईलैंड में श्री गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व के अवसर पर स्मारक सिक्कों का जारी होना अथवा प्रमुख गुरुपर्वों पर गुरु साहिबान का आशीर्वाद लेने की परंपरा, हर अवसर पर प्रधानमंत्री ने यह संदेश दिया है कि सिख गुरुओं की शिक्षाएं केवल भारत की धरोहर नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए अमूल्य निधि हैं। तरुण चुघ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया के विभिन्न देशों में बसे सिख समुदाय के साथ जीवंत संवाद बनाए रखा है और इतिहास में सिखों के योगदान को उचित मान्यता दिलाने का काम किया है। इटली में विश्व युद्धों के दौरान लड़ने वाले भारतीय सिख सैनिकों की स्मृतियों को संजोने वाली संस्थाओं के साथ प्रधानमंत्री का जुड़ाव उन वीर सपूतों के शौर्य और बलिदान को नमन है, जिन्हें महाद्वीपों के पार आज भी याद किया जाता है। वहीं अमेरिका और न्यूजीलैंड में सिख समुदाय के साथ उनकी आत्मीय मुलाकातों ने प्रवासी सिखों के मन में यह विश्वास और मजबूत किया है कि भारत हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा है।

उन्होंने मनीला स्थित खालसा दीवान गुरुद्वारे के पुनर्विकास को मोदी सरकार के मूल मंत्र 'विकास भी, विरासत भी' का सफल उदाहरण बताया। चुघ ने कहा कि आधुनिक विकास के साथ धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों को सहेजने का प्रयास यह दर्शाता है कि भारत प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते हुए अपनी जड़ों और आध्यात्मिक परंपराओं से दूर नहीं होता, बल्कि उन्हें और मजबूत करता है। इस ऐतिहासिक गुरुद्वारे का नवीनीकरण आने वाली पीढ़ियों के लिए आस्था, सेवा और संगत का एक जीवंत केंद्र तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। तरुण चुघ ने कहा कि पंजाबी और सिख समुदाय ने अपनी मेहनत, ईमानदारी, सेवा भावना और कुर्बानी के बल पर दुनिया के हर कोने में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। सिख समुदाय जहां भी गया, वहां अपने साथ 'सरबत दा भला' यानी सभी के कल्याण की भावना लेकर गया।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत @2047 के विजन को साकार करने की दिशा में NDMC के बड़े कदम; नई दिल्ली को स्वच्छ, हरित और आधुनिक बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं को मंजूरी - कुलजीत सिंह चहल

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

प्रमुख निर्णयः

• नई दिल्ली के प्रमुख पार्कों में 5 प्रकृति कैफे विकसित होंगे।
• आम जनता के लिए विश्वस्तरीय स्मार्ट शौचालयों का निर्माण।
• सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए रूफटॉप सोलर परियोजना को मंजूरी।
• जलभराव रोकने के लिए प्रमुख नालों की सफाई पर 106 करोड़ खर्च होंगे।

Date :- 17 नवम्बर, 2026

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के ह्यविकसित भारत @2047 के विजन को साकार करने और नई दिल्ली को स्वच्छ, हरित एवं आधुनिक राजधानी बनाने के संकल्प के साथ, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (NDMC) की परिषद बैठक आज पालिका केंद्र, नई दिल्ली में आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता दिल्ली सरकार के माननीय मंत्री श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने की। बैठक शुरू होने से पहले श्री वर्मा ने परिषद सदस्य श्री विकास आनंद को भारत के संविधान के प्रति निष्ठा और विश्वास की शपथ दिलाई।

बैठक में नई दिल्ली की माननीय सांसद सुश्री बांसुरी स्वराज, NDMC अध्यक्ष श्री मनोज कुमार द्विवेदी, उपाध्यक्ष श्री कुलजीत सिंह चहल, विधायक एवं सदस्य श्री वीरेंद्र सिंह कादियान, परिषद सदस्य श्री दिनेश प्रताप सिंह, श्री अनिल वाल्मीकि



और श्रीमती सरिता तोमर तथा NDMC सचिव श्री राहुल सिंह उपस्थित रहे।

परिषद की बैठक सुबह NDMCपरिषद कक्ष, तीसरी मंजिल पर आयोजित हुई। बैठक के बाद दोपहर में NDMC कन्वेंशन सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई, जिसमें उपाध्यक्ष श्री कुलजीत सिंह चहल के साथ परिषद् सचिव सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी भी मौजूद रहे।

मीडिया को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष श्री कुलजीत सिंह चहल ने जानकारी दी कि आज NDMC प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ा रहा है। इसी सोच के साथ NDMC क्षेत्र में आधुनिक विकास, बेहतर जनसुविधाएं और मजबूत बुनियादी ढांचे से जुड़ी कई महत्वपूर्ण योजनाओं को मंजूरी दी गई है।

1. लोधी गार्डन, नेहरू पार्क और BRICS गार्डन में पांच प्रकृति कैफे विकसित किए जाएंगे

श्री चहल ने कहा कि NDMC अपने प्रमुख पार्कों में लोगों को बेहतर सुविधाएं देने के साथ-साथ पार्कों की प्राकृतिक सुंदरता को बनाए रखने पर भी ध्यान दे रहा है। प्रकृति से प्यार करने वाले लोग, विदेशी पर्यटक, सैलानी और विभिन्न देशों के दूतावासों के अधिकारी NDMC के पार्कों में नियमित रूप से आते हैं। ऐसे लोगों के लिए यह प्रकृति कैफे एक बेहतर सुविधा साबित होगा। यहां लोग पार्क की सुंदरता और हरियाली के बीच बैठकर आराम कर सकेंगे और खाने-पीने की सुविधाओं का आनंद ले सकेंगे।

उन्होंने बताया की दिल्ली के माननीय उपराज्यपाल ने 12 नवम्बर 2026 को लोधी गार्डन का दौरा किया था। इस दौरान वहां प्रस्तावित प्रकृति कैफे (Prakriti Café½f) के स्थान को दिखाया गया। इसके बाद नेहरू पार्क और शांति पथ स्थित इफ्तार गार्डन में भी ऐसे कैफे बनाने की संभावना तलाशने के निर्देश दिए गए। इन कैफे को BOT (Build, Operate and Transfer) मॉडल पर विकसित किया जाएगा। इसका मतलब है कि चयनित एजेंसी अपने खर्च पर कैफे बनाएगी, उनका संचालन और रखरखाव करेगी तथा तय शर्तों के अनुसार बाद में NDMC को सौंपेगी। कैफे की डिजाइन ऐसी होगी कि पार्कों की हरियाली, सुंदरता और प्राकृतिक वातावरण पर कोई बुरा असर न पड़े। एजेंसी को सभी जरूरी सरकारी अनुमतियां और मंजूरियां भी स्वयं लेनी होंगी।

आज की बैठक में परिषद में परिषद लोधी गार्डन में 2, नेहरू पार्क में 2 और BRICS गार्डन में 1 प्रकृति कैफे विकसित करने की संभावना तलाशने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है।

2. NDMC क्षेत्र में छतों पर सोलर पैनल लगाने की योजना

श्री चहल ने कहा किNDMC नई दिल्ली को स्वच्छ, हरित और ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए सौर ऊर्जा को बढ़ावा दे रहा है। अब तक NDMC क्षेत्र में अलग-अलग इमारतों पर कुल 18.1 मेगावाट क्षमता के सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं (निजी भवन - 5.5 मेगावाट, अन्य सरकारी भवन-9.1 मेगावाट और NDMC के भवन-3.5 मेगावाट)।

• NDMC क्षेत्र में जहां अभी सोलर पैनल लगाने की संभावना बाकी है, उसकी पहचान करने के लिए TERI से सर्वे कराया गया। TERI ने सर्वे के बाद NDMC और अन्य सरकारी तथा गैर-सरकारी भवनों पर सोलर पैनल लगाने की अतिरिक्त संभावना बताई है।

NDMC की अपनी इमारतों में सोलर पैनल लगाने की संभावना:

श्री चहल ने जानकारी दी कि कुल 244 भवनों का सर्वे किया गया। इन भवनों में लगभग 6,914 किलोवाट (6.914 मेगावाट) क्षमता के सोलर पैनल लगाए जा सकते हैं। इनमें 40 भवनों के लिए RESCO मॉडल और 204 भवनों के लिए CAPE मॉडल की सिफारिश की गई है।

अन्य भवनों में सोलर पैनल लगाने की संभावना:

उन्होंने जानकारी दी कि 124 गैर-ठ्ठट्ठ भवनों का सर्वे किया गया। इनमें लगभग 8,250 किलोवाट (8.25 मेगावाट) क्षमता के सोलर पैनल लगाने की संभावना बताई गई है। इस योजना को आगे बढ़ाने के लिए ठ्ठट्ठ और SECI (Solar Energy Corporation of India) के बीच समझौता (MoU) किया गया है। रएठ्क NDMC की ओर से टेंडर जारी कर योग्य एजेंसी का चयन करेगा।

आज की बैठक में परिषद ने NDMC की इमारतों पर RESCO मॉडल के तहत सोलर पावर प्रोजेक्ट लगाने की प्रशासनिक मंजूरी दे दी है। इस पूरे प्रोजेक्ट पर लगभग 54 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है और इसकी अवधि 25 वर्ष होगी।

3. सार्वजनिक शौचालयों की मरम्मत, रखरखाव और बेहतर व्यवस्था

श्री चहल ने कहा की NDMC क्षेत्र के सभी सार्वजनिक शौचालयों का सर्वे कराया गया, जिसमें 30 शौचालयों की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। इन पुराने और खराब स्थिति वाले शौचालयों को तोड़कर नए सिरे से 30 शौचालयों को विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ बनाया जाएगा जिनमे 3 पूरी तरह से महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट (Pink Toilets) बनाए जाएंगे। इनमें आधुनिक सुविधाएं, बेहतर साफ-सफाई और आम जनता की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, बिना हाथ लगाए खुलने और बंद होने वाले दरवाजे, सेंसर से चलने वाले नल और फ्लश सिस्टम, लाइट और हवा आने-जाने की ऑटोमैटिक व्यवस्था आदि । इनके आलावा खान मार्केट, जनपथ, मालचा मार्ग, मंडी हाउस, कनॉट प्लेस (CP) और हनुमान मंदिर में स्मार्ट शौचालय बनाए जायेंगे ।

उन्होंने कहा कि NDMC का उद्देश्य नई दिल्ली क्षेत्र में लोगों को साफ-सुथरे और अच्छी सुविधाओं वाले सार्वजनिक शौचालय उपलब्ध कराना है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई और रखरखाव को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि NDMC क्षेत्र में कुल 364 सार्वजनिक शौचालय और अन्य संबंधित सुविधाएं हैं। इनमें 291 PTU, 40 CTU और 33 PU शामिल हैं। इनमें से कुछ शौचालयों का रखरखाव निजी एजेंसियों द्वारा किया जा रहा है, जबकि कुछ का रखरखाव NDMC स्वयं कर रहा है। वर्तमान में 132 ऐसी सुविधाएं हैं, जिनके रखरखाव की जिम्मेदारी NDMC के पास है। इसके अलावा 4 रोल कॉल सेंटर भी इस योजना में शामिल किए गए हैं। पहले निजी एजेंसियों को शौचालयों के निर्माण और रखरखाव का काम विज्ञापन के अधिकार देकर दिया गया था। उनका पुराना समझौता मई 2025 में समाप्त हो गया था। अब इन शौचालयों की मरम्मत, दोबारा निर्माण और नियमित रखरखाव के लिए नई एजेंसी का चयन किया जाएगा।

आज की बैठक में परिषद ने Group-E के तहत इन सार्वजनिक शौचालयों और रोल कॉल सेंटरों के निर्माण, मरम्मत और रखरखाव के लिए नई एजेंसी चुनने हेतु RFP (निविदा प्रक्रिया) जारी करने की मंजूरी दी है। इसके तहत विज्ञापन के अधिकार के बदले NDMC को लाइसेंस फीस भी प्राप्त होगी।

4. NDMC की संपत्तियों और परिसरों में सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगभग 40 करोड़ रुपये की मंजूरी

श्री चहल ने कहा कि NDMC अपने कार्यालयों, बाजारों, अस्पतालों, बिजली सब-स्टेशनों, पार्कों और अन्य परिसरों में सुरक्षा की व्यवस्था करता है। इन सभी स्थानों पर सुरक्षा के लिए आउटसोर्स एजेंसियों के माध्यम से सुरक्षा कर्मचारी तैनात किए जाते हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लगातार बनाए रखने के लिए वर्ष 2026-27 का वार्षिक बजट तैयार किया गया है। आज की बैठक में परिषद ने वर्ष 2026-27 के लिए NDMC के विभिन्न परिसरों में सुरक्षा सेवाओं और व्यवस्थाओं पर लगभग 40 करोड़ रुपये खर्च करने की प्रशासनिक मंजूरी और स्वीकृति दे दी है। इससे NDMC के कार्यालयों, बाजारों, अस्पतालों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था जारी रखने में मदद मिलेगी।

5. नई दिल्ली में जलभराव रोकने के लिए नालों की सफाई पर लगभग 106 करोड़ रुपये खर्च होंगे

श्री चहल ने कहा की अगले मानसून की अभी से तैयारी करते हुए बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या को रोकने के लिए NDMC अपने क्षेत्र के बड़े नालों की सफाई और उनमें जमा गाद (सिल्ट) निकालने का काम करेगा।

NDMC क्षेत्र से बारिश के पानी की निकासी के लिए कुल 14 बड़े ड्रेनेज सिस्टम हैं। पिछले साल भारी बारिश के दौरान कुछ निचले इलाकों में पानी भरने की समस्या सामने आई थी। नालों में लंबे समय से जमा गाद के कारण पानी निकलने की क्षमता कम हो सकती है। बड़े नालों की पूरी तरह सफाई कराई जाएगी, ताकि बारिश का पानी तेजी से और आसानी से निकल सके।

उन्होंने कह कि16 दिसम्बर 2025 को माननीय मुख्यमंत्री ने DTC डिपो में चल रहे सुनहरी पुल्ला नाले की सफाई के काम का निरीक्षण किया था। उस दौरान नाले की सफाई से पानी निकालने की क्षमता में सुधार देखा गया। इस नाले के कुछ हिस्सों की सफाई DMRC द्वारा की गई थी। इसके लिए NDMC ने लगभग 56.26 करोड़ रुपये जारी किए थे। अब NDMC पूरे ड्रेनेज सिस्टम की सफाई कराने की योजना बना रहा है, ताकि साफ किए गए हिस्सों में दोबारा गाद जमा होने की समस्या न हो। इस काम से नालों की पानी ले जाने और कुछ समय के लिए पानी रोकने की क्षमता भी बेहतर होगी।

ग्रीन एनर्जी एवं पर्यावरण टेक्नोलॉजी विषय पर राष्ट्रीय कांफ्रेंस

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ गाजियाबाद। राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गाजियाबाद में ग्रीन एनर्जी एवं पर्यावरण टेक्नोलॉजी विषय पर राष्ट्रीय कांफ्रेंस (जीईएस ईटी-2026) का आयोजन किया गया। कांफ्रेंस का उद्देश्य ग्रीन ऊर्जा, सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी और जलवायु संबंधी कार्यों के माध्यम से ओजोन परत की रक्षा करने के लिए विस्तृत चर्चा करना रहा। कांफ्रेंस का आयोजन आरकेजीआईटी कॉलेज गाजियाबाद, दामोदर एकेडमी ऑफ साइंटिफिक एंड एजुकेशनल रिसर्च (डीऐएसईआर) नई दिल्ली और सेव द एनवायरनमेंट (एसटीई) कोलकाता द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के वैज्ञानिक (ऋडॉ. निलॉय खरे मुख्य अतिथि थे,



जिन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में जलवायु परिवर्तन और मानव जीवन पर इसके प्रतिकूल प्रभावों के बारे में जानकारी दी और प्रकृति के अनावश्यक और अत्यधिक दोहन के बारे सचेत भी किया। डीऐएसईआर के अध्यक्ष और आरकेजी ग्रुप के एडवाइजर प्रोफेसर लक्ष्मण प्रसाद, एवजीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. डी. के. चौहान, डायरेक्टर डॉ. बी. सी. शर्मा ने सभी गेस्ट स्पीकर्स, शोधकताओं एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। कांफ्रेंस कन्वीनर प्रोफेसर ममता गोयल ने कॉन्फ्रेंस के उद्देश्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रोफेसर अरुणभा मजूमदार, संरक्षक- एसटीई, कनाडा से आई हुई मुख्य वक्ता प्रोफेसर सतिंदर कौर बराड़, , एसएसपीएल डीआरडीओ के वैज्ञानिक (G) डॉ. सुशील कुमार सिंह, बेनेट विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा के प्रोफेसर सौरभ ज्योति सर्मा और डाइकी एक्सिस इंडिया के डॉ. के.सी. पांडे ने अपने व्याख्यान द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी दी और चर्चा को सार्थक बनाया। कांफ्रेंस में ओरल प्रेजेंटेशन सत्र में कई शोधकताओं द्वारा महत्वपूर्ण शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।ओरल प्रेजेंटेशन सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर संजीव गोयल एवं प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने की। समस्त फैकल्टी व छात्र ने फीडबैक के दौरान बताया कि इस कॉन्फ्रेंस से उन्हें महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई है एवं विषय पर शोध करने के लिए प्रेरणा मिली है।आयोजकों, सत्र अध्यक्षों, वक्ताओं, प्रस्तुतकताओं और प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कांफ्रेंस का संचालन डा. मेघा टोंक ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष(बी.टेक.) डॉ. राजेश मिश्र ने दिया। कांफ्रेंस के सफल आयोजन में एसईटी गुरूग्राम से आये श्री ज्ञान जी, आरकेजी आईटी कॉलेज से डॉ. प्रतिमा शर्मा, डा. पूनम खुराना, डा. नीतिका, मांगलिक, मिस आरती कालरा, डा. विकास कटोच, डॉ. संजय सिंह, डा. अमित शर्मा, मि. उमाशंकर प्रजापति, मि. लोकेश शर्मा, मि.अंकुश कटारिया, मि .धर्मेंद्र आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

लखनऊ में कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की उत्तर प्रदेश कार्यकारणी समीक्षा बैठक संपन्न;एडवोकेट चन्द्रपाल नीम ने रखे विचार

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ गाजियाबाद। लखनऊः उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय, लखनऊ में अनुसूचित जाति विभाग की उत्तर प्रदेश कार्यकारणी समीक्षा बैठक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में प्रदेशभर से पहुंचे सैकड़ों पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में दलित समाज के सम्मान, अधिकारों और हितों की रक्षा के साथ-साथ कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने की रणनीति तैयार की गई। उत्तर प्रदेश कार्यकारणी समीक्षा बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अनुसूचित जाति विभाग के



राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम, अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद श्री तनुज पुनिया तथा कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना' उपस्थित रहीं। शीर्ष नेतृत्व ने पदाधिकारियों को संगठन विस्तार करने और पार्टी की जनहितैषी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।नेताओं ने कहा कि कांग्रेस में दलित समाज का योगदान हमेशा महत्वपूर्ण रहा है और उनके हितों की आवाज बुलंद करने के लिए प्रभावी रूपरेखा तैयार की जा रही है। इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में गाजियाबाद से एडवोकेट चन्द्रपाल नीम (प्रदेश सचिव एवं प्रभारी जिला हापुड़ व बागपत, तथा सीनियर को-कोऑर्डिनेटर, लीगल एंड एडवोकेसी टीम, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग) ने सक्रिय रूप से भाग लिया और संगठन की मजबूती के लिए अपने विचार रखे। उत्तर प्रदेश कार्यकारणी समीक्षा बैठक के दौरान एडवोकेट चन्द्रपाल नीम ने कहा कि प्रभारी जिलों (हापुड़ और बागपत) में संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त किया जा रहा है। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि लीगल एंड एडवोकेसी टीम के माध्यम से दलित समाज के लोगों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा और उन्हें त्वरित न्याय दिलाने के लिए हर संभव कानूनी सहायता प्रदान की जाएगी।

बैठक में गाजियाबाद से प्रदेश सचिव एवं संभल प्रभारी रवि शंकर सूर्या तथा जिला अध्यक्ष अरविंद गौतम इस्माइल खां महानगर उपाध्यक्ष सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। द्वारा- एडवोकेट चन्द्रपाल नीम प्रदेश सचिव (प्रभारी जिला हापुड़ एवं जिला बागपत) सीनियर को-कोऑर्डिनेटर, लीगल एंड एडवोकेसी टीम उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (अनुसूचित विभाग)

दिल्ली नगर निगम द्वारा सभी 12 जोनों के छठ घाटों पर विशेष स्वच्छता अभियान संचालित; पर्व के दौरान एवं समापन के बाद स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए विशेष टीमें तैनात

निगम आयुक्त ने सांध्य अर्घ्य एवं प्रातःकालीन उषा अर्घ्य के बाद घाटों की व्यापक सफाई सुनिश्चित करने के दिए निर्देश; कचरा निस्तारण, स्वच्छता, धूल नियंत्रण एवं अस्थायी जलाशयों से पानी निकासी के लिए किए गए विशेष प्रबंध

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

नई दिल्ली, 17 नवंबर 2026: दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा छठ पूजा के अवसर पर दिल्ली के सभी 12 जोनों के अंतर्गत आने वाले छठ घाटों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसका उद्देश्य पर्व के दौरान एवं उसके समापन के बाद घाटों और उनके आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता, साफ-सफाई एवं स्वास्थ्यकर वातावरण सुनिश्चित करना था। इसके लिए विभिन्न घाटों पर विशेष स्वच्छता दलों के साथ अतिरिक्त कर्मचारियों एवं मशीनरी की तैनाती की गई, ताकि नियमित सफाई, कचरा संग्रहण एवं अन्य स्वच्छता संबंधी कार्य प्रभावी ढंग से किए जा सकें।



विशेष रूप से सांध्य अर्घ्य एवं प्रातःकालीन उषा अर्घ्य के बाद घाटों की सफाई पर विशेष जोर दिया गया, क्योंकि इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु घाटों पर एकत्रित होते हैं। निगम आयुक्त ने सभी जोनल उपायुक्तों (डीसी) को निर्देश दिए कि दोनों अर्घ्यों के पश्चात घाटों एवं उनके आसपास के क्षेत्रों की तत्काल एवं व्यापक सफाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, नगर निगम के ठोस कचरे तथा निर्धारित खंडित मूर्ति संग्रहण पात्रों में एकत्रित सामग्री का उचित संग्रहण एवं निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। सभी जोनल उपायुक्त एवं संबंधित अधिकारी स्वच्छता व्यवस्था की निगरानी के लिए सक्रिय रूप से क्षेत्र में मौजूद रहे, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

पूर्वी जोन में ह्यस्वच्छ एवं हरित छठ पूजाह्ल पहल के अंतर्गत पूजा सामग्री एवं अन्य कचरे के पृथक संग्रहण के लिए ट्विन-बिन ई-रिक्शा रणनीतिक रूप से तैनात किए गए। पर्व से पहले, पर्व के दौरान एवं उसके बाद स्वच्छता बनाए रखने के लिए तीन पालियों में सफाई कर्मचारियों की तैनाती की गई। इसके अतिरिक्त, घाटों के आसपास धूल प्रदूषण को कम करने के लिए वाटर स्प्रिंकलर एवं पानी के टैंकर भी लगाए गए।

पश्चिमी जोन में सभी छठ घाटों पर विशेष स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों की तैनाती की गई तथा अधिकतम संख्या में कर्मचारियों को इस कार्य में लगाया गया। घाटों से ठोस कचरा हटाया गया। इसके साथ ही छठ पूजा आयोजकों के समन्वय से पर्व के लिए बनाए गए अस्थायी ढांचों को भी हटाया गया।

दक्षिणी जोन में 23 वार्डों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें संबंधित सभी वार्डों के सफाई कर्मचारियों ने भाग लिया। कचरे के समयबद्ध संग्रहण एवं परिवहन तथा घाटों की प्रभावी सफाई सुनिश्चित करने के लिए लगभग 150 अतिरिक्त कर्मचारियों और 23 टिप्परों को तैनात किया गया।

सभी जोनों में पर्व के अवसर पर बनाए गए कृत्रिम छठ घाटों की सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया गया। पूजा संपन्न होने के बाद इन अस्थायी घाटों में भरे पानी की निकासी की गई, ताकि जलभराव न हो और मच्छरों के प्रजनन की संभावना को कम किया जा सके। अन्य जोनों में भी इसी प्रकार के विशेष प्रबंध किए गए।

निगम आयुक्त श्री संजीव खिरवार ने दोहराया कि दिल्ली नगर निगम राजधानी में स्वच्छता, साफ-सफाई एवं स्वास्थ्यकर वातावरण बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। विशेष रूप से ऐसे स्थानों पर, जहां बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होते हैं और धार्मिक आयोजन होते हैं, स्वच्छता व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि छठ पूजा संपन्न होने के बाद भी सफाई व्यवस्था लगातार जारी रखी जाए तथा सभी घाटों एवं उनके आसपास के क्षेत्रों को प्राथमिकता के आधार पर पूरी तरह स्वच्छ एवं साफ-सुथरा बनाया जाए।

शाहदरा जिले में वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार और एक नाबालिग पकड़ा गया, चोरी की सात मोटरसाइकिलें व स्कूटी बरामद

सुनहरा संसार

दिल्ली के शाहदरा जिले में कृष्णा नगर थाना पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक नाबालिग को भी पकड़ा गया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की सात मोटरसाइकिलें और स्कूटी बरामद की हैं। इस कार्रवाई से शाहदरा, उत्तर-पूर्वी और उत्तरी जिले में दर्ज वाहन चोरी के नौ मामलों का खुलासा हुआ है।

पुलिस के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से कृष्णा नगर थाना क्षेत्र में लगातार मोटरसाइकिल और स्कूटी चोरी की



घटनाएं सामने आ रही थीं। इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए थाना पुलिस की विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थलों और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तथा तकनीकी निगरानी और गुप्त सूचना के आधार पर संदिग्धों की पहचान की। जांच के दौरान मोहम्मद अमजद और उसके नाबालिग भाई की संलिप्तता सामने आई। पुलिस ने जाल बिछाकर दोनों को पकड़ लिया।

पूछताछ में आरोपियों ने कई वाहन चोरी की वारदातों में शामिल होने की बात स्वीकार की। उन्होंने बताया कि चोरी किए गए वाहन लोनी, उत्तर प्रदेश निवासी समीर को बेच दिए जाते थे। इसके बाद पुलिस ने समीर को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर सात चोरी के दोपहिया वाहन बरामद किए गए।

पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों भाई अपने शौक और महंगी जीवनशैली की चाहत पूरी करने के लिए नई मोटरसाइकिल और स्कूटी चोरी करते थे। वे अलग-अलग दोपहिया वाहनों पर घूमने और स्टंट करने के शौकीन थे। उनका सपना एक महंगी स्पोर्ट्स बाइक खरीदने का भी था। मुख्य आरोपी मोहम्मद अमजद ने पूछताछ में अपनी निजी जरूरतों और नई प्रेमिका को प्रभावित करने के लिए पैसे जुटाने की बात भी बताई।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद अमजद (22), निवासी जगजीत नगर, उस्मानपुर, दिल्ली और समीर (22), निवासी कुशल पार्क, लोनी, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पकड़े गए नाबालिग की उम्र 17 वर्ष है। पुलिस के मुताबिक, मुख्य आरोपी अमजद पहले भी कृष्णा नगर थाने में वाहन चोरी के चार अन्य मामलों में शामिल रहा है।

इस कार्रवाई में कृष्णा नगर थाना पुलिस की टीम ने जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल सुनील, हेड कांस्टेबल संदीप बलियान, हेड कांस्टेबल सचिन चिकारा, हेड कांस्टेबल अरुण, हेड कांस्टेबल नीरज और हेड कांस्टेबल नवीन के साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूरी कार्रवाई थाना प्रभारी के नेतृत्व में एसीपी गांधी नगर की निगरानी तथा शाहदरा जिले के डीसीपी राजेंद्र प्रसाद मीणा के मार्गदर्शन में की गई।

पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की जांच जारी है। आरोपियों के अन्य वाहन चोरी के मामलों में शामिल होने और चोरी के वाहनों की खरीद-फरोख्त करने वाले नेटवर्क का पता लगाया जा रहा है। साथ ही अन्य चोरी की संपत्ति बरामद करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

आगरा जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मनीष बंसल जी ने डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर (DCC) दीप प्रज्ज्वलित व फीता काट कर किया शुभारंभ

सुनहरा संसार आगरा अंजना कुलकर्णी कैलाश वर्मा

आगरा.17.11.2026.आज जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मनीष बंसल जी ने मतदाताओं की सुविधा एवं निर्वाचन संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कलेक्ट्रेट स्थित सिविल डिफेंस कार्यालय में डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर (DCC), का दीप प्रज्ज्वलित व फीता काट कर शुभारंभ किया गया।

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद हेतु डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर (DCC),

सक्रिय किया जा रहा है। इसके माध्यम से नागरिक निर्वाचन एवं मतदाता सूची से मतदाताओं की सुविधा एवं निर्वाचन संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने हेतु कलेक्ट्रेट स्थित सिविल डिफेंस कार्यालय में डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर (DCC) किया गया है स्थापित, जिसका टोल फ्री नंबर 1950 एवं टेलीफोन नंबर 0562-2250170, 0562-2971483, 0562-2971983 किया गया जारी









संबंधित विभिन्न जानकारियां प्राप्त करने के साथ-साथ सुझाव,आवश्यक सूचनाएं एवं शिकायतें भी दर्ज करा सकेंगे। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विधानसभा निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण - 2027 के अंतर्गत आलेख्य निर्वाचक नामावली (ड्राफ्ट इलेक्ट्रोरल रोल) का प्रकाशन आज 17 नवम्बर 2026 को किया गया है तथा अंतिम प्रकाशन दिनांक 04 जनवरी 2027 को किया जाना निर्धारित है।

इस संबंध में डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेन्टर (DCC) को क्रियाशील किया जा रहा है।

डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर के टोल फ्री नंबर 1950 एवं लैंडलाइन टेलीफोन नंबर 0562-2250170, 0562-2971483, 0562-2971983 को जारी किया गया है। उक्त नंबरों पर कॉल करके नागरिक निम्नलिखित विषयों पर जानकारी प्राप्त कर सकते है

1. मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने संबंधी जानकारी।
2. मतदाता सूची से नाम विलोपन कराने संबंधी जानकारी।
3. मतदाता सूची में नाम एवं अन्य विवरण में संशोधन संबंधी जानकारी।
4. अपने क्षेत्र के बूथ लेवल ऑफिसर (इछड) के संबंध में जानकारी।
5. मतदान केंद्र/मतदेय स्थल संबंधी जानकारी।
6. मतदाता पहचान पत्र (EPIC) संबंधी जानकारी।
7. निर्वाचन से संबंधित अन्य आवश्यक जानकारी एवं शिकायतों का समाधान।

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर की सुविधा 247 उपलब्ध रहेगी।* इसके माध्यम से मतदाता किसी भी समय कॉल करके निर्वाचन संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं तथा निर्वाचन से जुड़ी कोई भी सूचना, शिकायत अथवा सुझाव भी दे सकते हैं।

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी, ने जनपद के समस्त पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान-2027 के अंतर्गत निर्धारित विशेष कैंप दिवसों 21 नवंबर, ,22 नवंबर, 28 नवंबर और 29 नवंबर 2026 (शनिवार और रविवार) को अपने नजदीकी मतदेय स्थल पर फॉर्म-6 भरकर वोटर लिस्ट में अपना नाम सम्मिलित करा सकते हैं तथा मतदाता सूची में दर्ज अपने विवरणों में आवश्यकतानुसार संशोधन हेतु फॉर्म-8 भर सकते हैं।

इसी तरह अपात्र मतदाताओं का नाम विलोपित करने संबंधी फॉर्म-7 भर सकते हैं लोकतांत्रिक व्यवस्था में नागरिकों की सहभागिता को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में पंजीकरण सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है, इसमें सभी नागरिक अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

गोविंदपुरम में मतदाता सूची के निरीक्षण के दौरान बूथ से नदारद मिले बीएलओ, सपा नेताओं ने जताई नाराजगी



राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ

गाजियाबाद। गोविंदपुरम क्षेत्र में मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष मोहम्मद असलम कुरैशी और श्रीमती तमन्ना डबास चौधरी ने विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहुंचकर वोटर लिस्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोविंदपुरम सेक्टर के सभी बूथ केंद्रों पर जाकर मतदाता सूची में नामों की जांच की।

निरीक्षण के क्रम में जब वे प्राथमिक विद्यालय सी ब्लॉक, गोविंदपुरम स्थित मतदान केंद्र पर पहुंचे, तो वहां तैनात तीनों बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) अपनी ड्यूटी से नदारद मिले। मौके पर जानकारी करने पर पता चला कि कथित तौर पर भाजपा के कुछ नेता उन तीनों बीएलओ को अपने कार्यालय में बैठाकर काम ले रहे हैं। इस मामले पर कड़ी नाराजगी जताते हुए सपा लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष मोहम्मद असलम कुरैशी ने चुनाव आयोग और जिले के निर्वाचन प्रभारी से इन तीनों बीएलओ के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने मांग की कि प्रशासन इन कर्मचारियों को आदेशित करे कि वे अपने निर्धारित बूथ पर बैठकर ही कार्य करें और केवल घर-घर जाकर सत्यापन करने की ड्यूटी लगाए जाने पर ही क्षेत्र में जाएं।

गाजियाबाद के लोनी में पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़, एक बदमाश घायल

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ गाजियाबाद। के लोनी में चेन स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगी है, जबकि उसका दूसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दरअसल, 16 नवंबर को लोनी पुलिस चिरोड़ी चौकी बैरियर के पास संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि चिरोड़ी बाजार में महिला से चेन छीनने की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश मोटर साइकिल से बागपत की तरफ से आ रहे हैं। पुलिस ने बाइक सवार दो संदिग्धों को रुकने का इशारा किया, लेकिन दोनों ने बाइक दौड़ा दी। पुलिस ने पीछा किया तो नेवला भट्ठी गांव के पास नहर की पटरी पर उनकी बाइक फिसल गई। इसके बाद बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दीपक नाम के बदमाश के पैर में गोली लग गई, जबकि उसका साथी हरि प्रकाश फरार हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश के कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस, चोरी की मोटरसाइकिल और महिला से छीनी गई चेन बरामद की है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी दीपक शामली के झिंझाना का रहने वाला है। उसने अपने साथी हरिप्रकाश के साथ मिलकर चिरोड़ी बाजार में महिला से चेन छीनने की वारदात कबूल की है। फिल हाल पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की।



लोनी विधानसभा क्षेत्र की भाजपा किसान मोर्चा का परिचय सम्मेलन सुरेश देवी इंटर कॉलेज में आयोजित जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा देवेन्द्र चौधरी डायमंड ने दिये संगठनात्मक सूझाव

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ लोनी। विधानसभा क्षेत्र के सुरेशदेवी इंटर कॉलेज शांति नगर बेहटा में लोनी विधानसभा किसान मोर्चा भाजपा का परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष गाजियाबाद चौधरी देवेन्द्र डायमंड जी ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर संगठनात्मक सूझाव ओर दिशा निर्देश दिए ओर नवनियुक्त कार्यकारिणी को हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त की कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष चौधरी चयन पाल सिंह ने करते हुए अपने उद्बोधन में कार्यकताओं को आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी ओर सभी से मिलजुलकर पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया ओर पार्टी के सभी आयामों में किसान मोर्चा की भूमिका सुनिश्चित की परिचय बैठक का संचालन भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजेन्द्र त्यागी बजरंगी ने किया बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष चौधरी चयन पाल सिंह,जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा चौधरी देवेन्द्र डायमंड, जिला उपाध्यक्ष भाजपा राजकुमार चौधरी, मंच संचालक जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा विजेन्द्र त्यागी बजरंगी, जिला महामंत्री राहुल बेसला,विरेन्द्र निठोरा , गजब पाभी, दीपक चौधरी ,जिला मंत्री देवेश दीक्षित, रणबीर बंसल, सुरेश देवी इंटर कॉलेज के प्रबंधक ओर भाजपा किसान मोर्चा जिला सहसंयोजक मीडिया विश्वजीत धामा, सुभाष कसाना,सतीश भाटी, बाबा गुर्जर समेत समस्त किसान मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



नामित पार्षद की पहल पर जागृति विहार की तीन गलियों का निर्माण शुरू

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ गाजियाबाद। वार्ड-46 के फ्रीहोल्ड जागृति विहार में नामित पार्षद कोटे से तीन गलियों की पॉकेट के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ नामित पार्षद प्रदीप चौधरी के माध्यम से किया गया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी, पूर्व पार्षद मोहन सिंह रावत, मोर्चा महामंत्री मोनू त्यागी, समाज सेवी रविन्द्र सिंह राणा, एनपीएस स्कूल डायरेक्टर राजीव त्यागी, मंडल महामंत्री जगत ठाकुर, मंडल मंत्री अंजू पुंडीर, हरीश राजौरा, अंजू गिरी, सतीश गिरी, इशांक चौधरी, महेश गिरी एवं अजय गोस्वामी सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। लंबे समय से लंबित समस्या के समाधान की दिशा में निर्माण कार्य शुरू होने पर क्षेत्रवासियों ने खुशी जताते हुए पार्षद प्रदीप चौधरी और उपस्थित भाजपा नेताओं का फूल- मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदीप चौधरी ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान और वार्ड का विकास उनकी प्राथमिकता है। जनसेवा के कार्यों को धरातल पर उतारना उनके लिए सेवा संकल्प की शुरूआत है। उन्होंने महापौर श्रीमती सुनीता दयाल का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास संबंधी उनके अनुरोध को प्राथमिकता देकर निर्माण कार्य शुरू कराने में सहयोग के लिए वह हृदय से आभारी हैं। महापौर का स्नेह और मार्गदर्शन उन्हें निरंतर प्रेरित करता है। उन्होंने मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी का भी आभार जताते हुए कहा कि विकास के प्रति उनकी कार्यशैली और जनसेवा का समर्पण प्रेरणादायी है। उनके मार्गदर्शन और सानिध्य में क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करना उनके लिए गौरव की बात है।प्रदीप चौधरी ने नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, निर्माण विभाग के चीफ एन.के. चौधरी एवं कविनगर जोन की अभियंता प्रीति बंसल का भी सहयोग के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों का विश्वास और सहयोग ही विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की सबसे बड़ी प्रेरणा है।



त्योहारी सीजन के दौरान उत्तर रेलवे ने यात्री क्षमता में दर्ज की बड़ी वृद्धि; लगभग 1.82 करोड़ यात्रियों को प्रदान की सुगम यात्रा सुविधा

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

नई दिल्ली, 17 नवंबर 2026

उत्तर रेलवे ने 2026 के पूजा और त्योहारी सीजन के दौरान यात्रियों की भारी भीड़ का सफलतापूर्वक प्रबंधन करते हुए लगभग 1.82 करोड़ यात्रियों की सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक आवाजाही सुनिश्चित की है। रणनीतिक क्षमता वृद्धि, विशेष रेलगाड़ियों के विस्तारित फेरे , अतिरिक्त कोचों के संयोजन (ऑगमेंटेशन) और यात्री मांग की निरंतर निगरानी के माध्यम से, इस जोन ने पिछले वर्ष के अपने परिचालन मानदंडों से कहीं बेहतर प्रदर्शन किया है।



अन्य क्षेत्रीय रेलों (जोनल रेलवे) के साथ समन्वय करते हुए, उत्तर रेलवे ने 2025 की त्योहारी अवधि की तुलना में अपनी सेवाओं में इस वर्ष उल्लेखनीय विस्तार किया है।

प्रमुख परिचालन उपलब्धियां (2026 त्योहारी सीजन बनाम 2025 त्योहारी सीजन):

विशेष रेलगाड़ियों के परिचालन में उल्लेखनीय वृद्धिः उत्तर रेलवे और समन्वयक क्षेत्रीय रेलों ने 2026 के त्योहारी सीजन के दौरान विशेष रेलगाड़ियों के 7,085 फेरे (ट्रिप) संचालित किए, जो पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान संचालित 4,666 फेरों की तुलना में एक बड़ी वृद्धि है। त्योहारी भीड़ को कम करने के लिए प्रतिदिन औसतन लगभग 54 अतिरिक्त विशेष ट्रेन फेरे संचालित किए गए।

लगभग 1.82 करोड़ यात्रियों को यात्रा सुविधाः नियमित और विशेष सेवाओं के माध्यम से कुल यात्री संख्या लगभग 1.82 करोड़ तक पहुंच गई, जो पिछले वर्ष के 1.72 करोड़ की तुलना में लगभग 10 लाख यात्रियों की समग्र वृद्धि दशार्ती है।

दैनिक यात्री प्रबंधन लगभग 3.91 लाख से बढ़कर 4.14 लाख यात्री प्रतिदिन हो गया, जिससे प्रतिदिन लगभग 22,700 अतिरिक्त यात्रियों को सुविधा मिली।

कुल यात्रियों में से, लगभग 1.66 करोड़ यात्रियों ने नियमित रेल सेवाओं के माध्यम से यात्रा की, जबकि 12.83 लाख यात्रियों को विशेष 'ट्रेन ऑन डिमांड' (ळडऊ) सेवाओं के माध्यम से गंतव्य तक पहुंचाया गया।

कोच संयोजन (ऑगमेंटेशन) में 372% की वृद्धिः अधिक मांग वाले मार्गों पर क्षमता को अधिकतम करने के लिए, उत्तर रेलवे ने त्योहारी अवधि के दौरान नियमित रेलगाड़ियों में 581 अतिरिक्त कोच जोड़े, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान 123 कोच जोड़े गए थे–जो लगभग 372% की वृद्धि दर्ज करता है।

विशेष सेवाओं के माध्यम से और भीड़ तथा मांग की वास्तविक समय (रियल-टाइम) निगरानी के संयोजन से, उत्तर रेलवे ने अपने पूरे नेटवर्क में लाखों त्योहारी यात्रियों के लिए विश्वसनीय संपर्क और बेहतर यात्रा सुनिश्चित की है।

गोपाष्टमी पर गोकन गौशाला में गौपूजन और वैदिक हवन, विकास कार्यो का हुआ लोकार्पण;गौशाला को मॉडल बनाने का संकल्प

करन राठौर पत्रकार सुनहरा संसार ब्लॉक मोहम्मदी

मोहम्मदी लखीमपुर खीरी गोपाष्टमी के पावन अवसर पर गोकन अस्थाई गौशाला में गौपूजन,वैदिक मंत्रोच्चार एवं हवन के साथ धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।इस अवसर पर गौशाला में नवनिर्मित इंटरलॉक मार्ग,सेल्फी प्वाइंट का तथा गौ लिफ्टर मशीन का उद्घाटन किया गया।कार्यक्रम में गौसंवर्धन,प्राकृतिक खेती और गौशालाओं को आत्मनिर्भर एवं सुविधायुक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकभारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बृजेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि प्राकृतिक खेती और गौ आधारित कृषि को अपनाकर अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। गांवों की समृद्धि का रास्ता गौपालन से होकर गुजरता है। प्रत्येक घर में गाय के पालन की परंपरा को प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने गौसंवर्धन के लिए अच्छी नस्ल के नंदी की



व्यवस्था करने पर भी जोर दिया।

कार्यक्रम अध्यक्ष विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि गोकन गौशाला विकसित मोहम्मदी की परिकल्पना का सशक्त उदाहरण बन सकती है। मोहम्मदी में गोमती श्रमदान मूवमेंट सहित अनेक युवा और सामाजिक संगठन जनभागीदारी से क्षेत्र के विकास में योगदान दे रहे हैं। गौशाला भी इसी सामूहिक प्रयास का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मोहम्मदी क्षेत्र की लगभग पांच गौशालाओं के लिए आर्थिक सहयोग दिया गया है। कान्हा गौशाला, दिलावरपुर सहित अन्य गौशालाओं में व्यवस्थाएं विकसित की जा रही हैं। सरकार का उद्देश्य निराश्रित गोवंश को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराना है। उन्होंने लोगों से अपील की कि गायों को निराश्रित न छोड़ें, उनका पालन और संरक्षण करें। विधायक ने आश्वस्त किया कि गौशाला में भविष्य में भी जिन व्यवस्थाओं की आवश्यकता होगी, उन्हें पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा। ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई ने गौशाला में दो टीनशेड लगवाने में सहयोग दिया, वहीं विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह की ओर से भी एक टीनशेड उपलब्ध कराया गया। गौशाला संस्था ने हवादार पंखे,विद्युत व्यवस्था, जनरेटर, बछड़ा केंद्र और आईसीयू वार्ड जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं,जिससे गोवंश की देखभाल और उपचार को बेहतर बनाया जा सके।

गौशाला में सीसी मार्ग, सेल्फी प्वाइंट और लिफ्टर मशीन की शुरूआत को व्यवस्थाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। नगर पालिका परिषद मोहम्मदी के अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा 'कन्हैया' ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक अमित भसीन एवं सह कार्यवाहक कोविद वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। गौ मंगल ग्रामोदय मिशन के गौरव गुप्ता ने भी गौसंवर्धन और ग्राम विकास के विषय पर अपने विचार रखे। उल्लेखनीय है कि गोकन गौशाला का निर्माण कई वर्ष पूर्व हुआ था। पूर्व में इसका संचालन दूसरी संस्था द्वारा किया जा रहा था, जबकि वर्तमान में मां जानकी सेवा संस्थान के संचालक शिवम राठौर के नेतृत्व में गौशाला का संचालन एवं व्यवस्थाओं का विस्तार किया जा रहा है। उद्देश्य इसे बेहतर सुविधाओं से युक्त आदर्श गौशाला के रूप में विकसित करना है।

कार्यक्रम का संचालन अतुल रस्तोगी ने किया। वैदिक अनुष्ठान पंडित चंद्रभाल मिश्रा के मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर पत्रकार गोपाल तिवारी ,गोकन प्रधान नरवीर सिंह,मुल्लापुर की प्रधान सविता मिश्रा,प्रदीप दीक्षित,कमल सिंह,अमन राठौर सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गौसेवक उपस्थित रहे।

पार्थ-पथ महोत्सव का शुभारंभ





करन राठौर पत्रकार सुनहरा संसार ब्लॉक मोहम्मदी

श्री मनकामेश्वर मंदिर बेला छेदा में अपराह्न 1 गोपाष्टमी के पावन अवसर पर गौ पूजन,व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सन्त गणों,सज्जन वृन्दो, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ,

प्रथम दिवस 17 नवंबर2026 गोपाष्टमी अपराह्न 1बजे से श्री मनकामेश्वर मंदिर बेला छेदा से कार्यक्रम का शुभारंभ।

संयोजक संजय त्रिपाटी,सह संयोजक राम सहारे शुक्ला ,सह संयोजक कृष्ण कुमार वर्मा

श्री मनकामेश्वर नाथ मंदिर बेला छेदा, पुवायां शाहजहांपुर।

संयोजक सोहित त्रिपाठी सह संयोजक राजनरायन दीक्षित राजू,सह संयोजक विजय मण्डल

श्री प्रगटेश्वर नाथ मंदिर बडेरा,संयोजक चंदन सिंह ,सह संयोजक रानू सिंह ,सह संयोजक धनपाल वर्मा

श्री मंगलेश्वर नाथ मंदिर राजेपुर यात्रा विश्राम

भोजन व अतिथि सम्मान

संयोजक देवेश सिंह सह संयोजक रमा शंकर शुक्ला सह संयोजक रमन सिंह

अतिथि गणों में यह लोग उपस्थित रहे

विजय बहादुर सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष लोक भारती

बृजेन्द्र पाल सिंह राष्ट्रीय संगठन मंत्री लोक भारती

गोपाल मोहन उपाध्याय राष्ट्रीय संगठन सचिव संगठन

श्रीकृष्ण चौधरी राष्ट्रीय संगठन सचिव प्रसार

आचार्य रविन्द्र जी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लोक भारती,आर्यसमाज हमीरपुर

योगी हनुमंत नाथ जी पीलीभीत न्यूरॉन पुर मुड़िया

योगी वेदनाथ जी महाराज पीलीभीत

महामंडलेश्वर श्री स्वामी प्रवक्ता नंद जी महाराज मा0 विधायक बरखेड़ा पीलीभीत

पूज्य रुद्राचार्य महाराज महंत पन्न घाट पुवायां

विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह 144 मोहमदी

पवन कुमार सिंह(टछउ) अध्यक्ष लोक भारती अवध प्रांत

प्रबंधक रफ्क्ष ग्रूप ऑफ इंस्टीट्यूट्स

पूर्व विधायक शकुंतला देवी पुवायां

सौरभ सिंह चौहान राष्ट्रीय संपर्क प्रमुख लोक भारती

कृष्ण चन्द्र मिश्रा जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी शाहजहांपुर

चेतराम जी विधायक पुवाया

चंद्रशेखर जी जिला प्रचारक शाहजहांपुर

संजय गुप्ता नगर पालिका अध्यक्ष पुवायां

सुरजन लाल ब्लॉक प्रमुख पुवाया

सकुंतला देवी पूर्व विधायक पुवाया राज्य सभा सांसद पत्नी के के गुप्ता जिलाध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद शाहजहांपुर

महेन्द्र बाजपेयी ब्लॉक प्रमुख मोहमदी

संदीप मेहरोत्रा कन्हैया अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मोहमदी

रेंजर वीरेश जी पुवायां क्षेत्र

रेंजर निर्भय प्रताप सिंह मोहमदी क्षेत्र

अमित भसीन जिला संघचालक गोला फर्र

अतुल रस्तोगी सह संयोजक लोक भारती अवध प्रांत

पुजारी सदाशिव मिश्रा मनकामेश्वर

रामनिवास दीक्षित तहसील अध्यक्ष एज्जा मोहमदी

दादरी तहसील में भूमाफियाओं का आतंक फर्जी रजिस्ट्रियों के जरिए व्यापारियों से पांच करोड़ रुपये की ठगी, रजिस्ट्रार कार्यालय की भूमिका पर भी उठे गंभीर सवाल

मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी और पीड़ितों की रकम की शत- प्रतिशत रिकवरी को लेकर किसान नेता अमरीश चौहान ने प्रशासन को दी बड़े आंदोलन की चेतावनी

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ



दादरी। तहसील क्षेत्र के ग्राम प्यावली में जमीन की फर्जी रजिस्ट्रियों के माध्यम से वैश्य समाज से जुड़े व्यापारियों के साथ लगभग पांच करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि भूमाफियाओं ने रजिस्ट्रार कार्यालय के अधिकारियों की कथित मिलीभगत से सुनियोजित तरीके से फर्जी रजिस्ट्री कराकर व्यापारियों की जीवनभर की कमाई हड़प ली। पीड़ित व्यापारियों ने अपने मकान तक बेचकर जमीन में निवेश किया था। उन्हें बड़े-बड़े सपने और आकर्षक वादे दिखाकर जमीन का सौदा कराया गया, लेकिन बाद में फर्जी रजिस्ट्रियों और धोखाधड़ी का खुलासा हुआ। इस पूरे प्रकरण में रजिस्ट्रार कार्यालय के अधिकारियों की भूमिका और कथित मिलीभगत को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस मामले में कुल 29 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा चुका है, जिनमें से 10 अभियुक्त जेल जा चुके हैं मुख्य अभियुक्त श्रवण बादलपुर, रामपत (कुड़ीखेड़ा), प्रवीण राणा एवं कौशल राणा, जिन्होंने इस पूरी षड्यंत्रकारी योजना को अंजाम देने की साजिश रची, वे अभी तक प्रशासन की गिरफ्त से दूर हैं और फरार चत रहे हैं लगभग एक करोड़ रुपये की रिकवरी भी हुई है। इसके बावजूद करीब चार करोड़ रुपये की शेष धनराशि की रिकवरी और मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो पाई है। आरोप है कि मुख्य अभियुक्त पूर्व में भी जमीन संबंधी धोखाधड़ी, अवैध कब्जे और अन्य गंभीर आपराधिक मामलों में संलिप्त रहे हैं तथा उनके विरुद्ध कई मुकदमे और गैंगस्टर जैसी धाराएं भी दर्ज हैं। भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति ने लिया संज्ञान इस गंभीर प्रकरण को भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति के संज्ञान में आने पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं किसान नेता गौतमबुद्धनगर, जिला पंचायत वार्ड नंबर-03 दादरी के प्रत्याशी अमरीश चौहान ने तत्काल संज्ञान लेते हुए प्रशासन एवं शासन के समक्ष पीड़ित व्यापारियों की आवाज बुलंद की। अमरीश चौहान ने कहा कि यह केवल पांच करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला नहीं है, बल्कि उन परिवारों की जीवनभर की पूंजी और विश्वास से खिलवाड़ है, जिन्होंने अपना घर तक बेचकर जमीन में निवेश किया। यदि रजिस्ट्रार कार्यालय के किसी अधिकारी या कर्मचारी की मिलीभगत सामने आती है तो उसकी भी निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। मुख्य आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी, शेष धनराशि की रिकवरी और पूरे प्रकरण में संलिप्त अधिकारियों की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए।

अमरीश चौहान ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि प्रशासन ने समय रहते न्यायोचित कार्रवाई नहीं की, मुख्य अभियुक्तों को गिरफ्तार नहीं किया और पीड़ित व्यापारियों की रकम वापस कराने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए, तो भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति पीड़ितों के समर्थन में व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। उन्होंने कहा कि भूमाफियाओं और भ्रष्ट व्यवस्था के गठजोड़ को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गरीब किसान, मजदूर और व्यापारी की मेहनत की कमाई की रक्षा करना हमारी प्राथमिकता है।

कार्यकताओं के दम पर भाजपा 2027 में लगातार तीसरी बार हासिल करेगी ऐतिहासिक विजय: नितिन

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



*मथुरा। भारतीय जनता पार्टी की दो दिवसीय योजना बैठक मंगलवार को मथुरा के परखम स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय गो-विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र में संपन्न हुई। बैठक के दूसरे दिन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों का मंत्र दिया। बैठक में आगामी तीन महीनों की कार्ययोजना, संगठनात्मक गतिविधियों, सहयोगी दलों के साथ समन्वय और चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाया है। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं से व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने, सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने तथा बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास जताया कि पार्टी के समर्पित और मेहनती कार्यकताओं के दम पर भाजपा वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार ऐतिहासिक विजय हासिल करेगी।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विपक्षी दलों को आगामी विधानसभा चुनाव में सफलता नहीं मिलने वाली है और भाजपा ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश की चार प्रमुख श्रेणियों महिला, गरीब, युवा और किसान के सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी गई है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार इन वर्गों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही हैं। भाजपा इन्हीं उपलब्धियों और जनकल्याणकारी कार्यों को लेकर जनता के बीच जाएगी।

मथुरा पहुंचने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी तथा उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक ने स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय अशोक सिंघल की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का उत्तर प्रदेश का यह पांचवां प्रवास है। इससे पहले वह पश्चिम, अवध, काशी और गोरखपुर क्षेत्रों का दौरा कर चुके हैं। दो दिवसीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष, राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े, राष्ट्रीय महामंत्री स्मृति ईरानी, हरीश द्विवेदी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं बृजेश पाठक तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था सुर ताल संगम द्वारा बाल दिवस एवं दीपावली मिलन समारोह बाल उमंग - रोशनी के संग का आयोजन

सुनहरा संसार आदित्य बाजपेई



लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था सुर ताल संगम द्वारा बाल दिवस एवं दीपावली मिलन समारोह ह्यबाल उमंग झ्र रोशनी के संगह्व का आयोजन सुर ताल संगम म्यूज़िक इंस्टीट्यूट, ओमैक्स सिटी, शहीद पथ, लखनऊ में किया गया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सुर ताल संगम संगीत संस्थान के सभी प्रशिक्षुओं और उनके अभिभावकों को उनकी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान करना तथा उनमें रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रति रुचि विकसित करना रहा। सुर ताल संगम के लोकप्रिय संगीत प्रशिक्षक और अंतर्राष्ट्रीय लब्धप्रतिष्ठित गायक अविजित श्रीवास्तव द्वारा बाल दिवस एवं दीपावली के अवसर पर आयोजित इस विशेष समारोह में संगीत, कला और मनोरंजन के माध्यम से बच्चों के बचपन की खुशियों को उत्सव का रूप देने की सुंदर परिकल्पना की गई। दीपावली मिलन समारोह के साथ इस आयोजन ने आपसी प्रेम, सौहार्द और खुशियों के आदान-प्रदान का संदेश भी दिया, जहां सुर ताल संगम संस्था के प्रमुख पदाधिकारियों सहित मुंबई से पधारीं आद्या श्रीवास्तव ने अपनी सुमधुर गायकी से सबका दिल जीत लिया। वरिष्ठ कलाकार सीमा श्रीवास्तव तथा हिमांशु वर्मा समेत अव्युक्त, रूद्रांश, आद्या सिंह, युविका पांडेय, आद्या बाजपेई, अद्विका पांडेय, त्रिनभ साहू आदि बाल कलाकारों की प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। मनोरंजक गेम्स में बच्चों के साथ उनके अभिभावकों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। संस्था की डायरेक्टर डॉ. जया श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उनकी प्रतिभा को पहचानना, उन्हें प्रोत्साहित करना और अपनी कला को निखारने के लिए उचित मंच उपलब्ध कराना संस्था की प्राथमिकताओं में शामिल है। सुर ताल संगम निरंतर संगीत, कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से नई पीढ़ी को भारतीय सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का प्रयास कर रहा है।कार्यक्रम के अंत में संस्था के संस्थापक अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने इस मनमोहक आयोजन के लिए सभी को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए सभी बच्चों एवं गेम्स के प्रतिभागियों को गिफ्ट हैंपर आदि भेंट किए।

लोनापुर चौराहे पर बाइक सवार दो बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम, एक तोला सोने के मंगलसूत्र की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये

हिन्दी दैनिक सुनहरा संसार अमर नाथ सिंह जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ। राजधानी में बेखौफ बदमाशों ने दिनदहाड़े एक महिला को निशाना बनाते हुए उसके गले से सोने का मंगलसूत्र लूट लिया और मौके से फरार हो गए। घटना बीबीडी थाना क्षेत्र के लोनापुर चौराहे की है, जहां सब्जी लेकर घर लौट रही महिला के पास स्प्लेंडर मोटरसाइकिल सवार दो युवक पहुंचे। दोनों ने पहले महिला के बच्चों से लोनापुर का रास्ता पूछने के बहाने बातचीत की और मौका मिलते ही महिला के गले पर झपट्टा मारकर मंगलसूत्र तोड़ लिया। लोनापुर आबादी निवासी सपना देवी पत्नी नरेंद्र सिंह ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि बीते 5 नवंबर 2026 की शाम करीब 7:25 बजे वह सब्जी लेकर घर जा रही थीं। इसी दौरान लोनापुर चौराहे पर स्थित शिव मंदिर के पास स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से सवार होकर दो अज्ञात युवक उनके पास आए। दोनों युवकों ने उनके बच्चों से लोनापुर कहां पड़ता है, इसकी जानकारी पूछी। इसी बीच अचानक एक युवक ने झपट्टा मारकर उनके गले से सोने का मंगलसूत्र तोड़ लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी मोटरसाइकिल से भागने लगे। महिला और उनके बच्चों ने शोर मचाकर बदमाशों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन आसपास मौजूद कोई भी व्यक्ति मदद के लिए आगे नहीं आया और दोनों बदमाश फरार हो गए। पीड़िता के मुताबिक लूटा गया मंगलसूत्र करीब एक तोले का था, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये है। घटना से महिला और उनका परिवार सहमा हुआ है। पीड़िता ने बीबीडी थाने में प्रार्थना पत्र देकर अज्ञात बाइक सवार दोनों बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की। पुलिस अभिलेख के अनुसार 16 नवंबर 2026 को प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कंप्यूटर पर आवश्यक फीडिंग की गई है। फिलहाल अज्ञात आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के संबंध में पुलिस की कार्रवाई का इंतजार है।

चोरी के मोबाइल के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार

सुनहरा संसार राजेश कुमार



उन्नाव। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गंगाघाट पुलिस द्वारा चोरी के मोबाइल के साथ 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। प्र0नि0 अजय कुमार सिंह, उ0नि0 अरुण कुमार त्रिपाठी मय हमराह पुलिस बल द्वारा थाना गंगाघाट पर पंजीकृत मु0अ0सं0 652/26 धारा 317(2)/317(4) बीएनएस से सम्बन्धित 02 वांछित अभियुक्त 01.साजिद उर्फ मुन्ना पुत्र मुस्ताक उम्र करीब 23 वर्ष निवासी 05 पीर मजार के पास मिश्रा कालोनी गोताखोर(गुलफाम मकान में किरायेदार) गंगाघाट जनपद उन्नाव 02. साहिल उर्फ जिलानी पुत्र जावेद उर्फ साकिर उम्र करीब 23 वर्ष निवासी 85/55 तलउआ मण्डी कोपरगंज थाना रायपुरवा कानपुर नगर हालपता सुन्दरबगिया थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव को कब्जे से मय चोरी के 02 मोबाइलों के साथ गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-1.साजिद उर्फ मुन्ना पुत्र मुस्ताक उम्र करीब 23 वर्ष निवासी 05 पीर मजार के पास मिश्रा कालोनी गोताखोर(गुलफाम मकान में किरायेदार) गंगाघाट जनपद उन्नाव 2.साहिल उर्फ जिलानी पुत्र जावेद उर्फ साकिर उम्र करीब 23 वर्ष निवासी 85/55 तलउआ मण्डी कोपरगंज थाना रायपुरवा कानपुर नगर हालपता सुन्दरबगिया थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव

हत्या का आरोपी गिरफ्तार

सुनहरा संसार राजेश कुमार



उन्नाव। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अचलगंज पुलिस द्वारा हत्या के आरोपी को गिरफ्तार किया गया। को वादी मुकदमा छोटेलाल पुत्र छेदीलाल निषाद निवासी ग्राम टिघरा (घस्सिलपुरवा) थाना अचलगंज जनपद उन्नाव द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना अचलगंज पर मु0अ0सं0 382/2026 धारा 3(5)/109(1)/352 बीएनएस पंजीकृत कराया गया था। मजरुब की मृत्यु के बाद मुकदमा उपरोक्त में धारा 109(1) का लोप कर धारा 103(1) की बढोत्तरी की गयी है। आज दिनांक 17.11.26 को थाना अचलगंज पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सुनील कुमार निषाद पुत्र स्व0 पप्पू निषाद निवासी ग्राम बद्दलपुरवा कटरी थाना अचलगंज जनपद उन्नाव उम्र करीब 30 वर्ष को थाना कोतवाली सदर क्षेत्रान्तर्गत गांधी नगर तिराहे के पास से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। सुनील कुमार निषाद पुत्र स्व0 पप्पू निषाद निवासी ग्राम बद्दलपुरवा कटरी थाना अचलगंज जनपद उन्नाव स्थायी पता ग्राम गजियाखेड़ा थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव उम्र करीब 30 वर्ष ।

सन अपार्टमेंट के बाहर से बजाज पल्सर 220 चोरी, दोपहर में वारदात को अंजाम देकर फरार हुआ चोर

हिंदी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ। राजधानी में दोपहिया वाहनों की चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला विकासनगर थाना क्षेत्र के सेक्टर-2 स्थित सन अपार्टमेंट का है, जहां निजी कार्य से आए एक युवक की बजाज पल्सर 220 मोटरसाइकिल अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पीड़ित ने काफी देर तक आसपास अपनी बाइक की तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पीड़ित ने विकासनगर थाने में प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज करने और वाहन बरामद करने की मांग की है। मड़ियांव थाना क्षेत्र के हरिओम नगर निवासी शिवम वाल्मीकि (21) पुत्र रामजीवन वाल्मीकि के मुताबिक, 15 अक्टूबर 2026 को दोपहर करीब 1:50 बजे वह अपनी लाल और काले रंग की बजाज पल्सर 220 मोटरसाइकिल (यूपी-32-क्यूक्यू-3851) से विकासनगर के सेक्टर-2 स्थित सन अपार्टमेंट में निजी काम से पहुंचे थे। उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल वहां खड़ी की थी। आरोप है कि दोपहर करीब दो बजे के आसपास किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी बाइक चोरी कर ली। कुछ देर बाद जब शिवम वापस लौटे तो मौके से मोटरसाइकिल गायब मिली। उन्होंने आसपास के इलाकों और संभावित स्थानों पर काफी खोजबीन की, लेकिन बाइक का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर अज्ञात चोर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। अब पुलिस से वाहन की तलाश और चोरी की घटना का खुलासा करने की अपेक्षा है।

गोपाष्टमी पर किया गया गौ माता का पूजन, मांगा विश्व शांति का आशीर्वाद

ब्यूरो एच सिद्दीकी



झांसी। गोपाष्टमी पर गौ माता का पूजन किया गया। गाय मां की पूजा कर विश्व शांति बनाए रखने की कामना की गई। कथा में माता गौ की महिमा विस्तार से बताई गई। सुरभि गौशाला के पावन प्रांगण में गोपाष्टमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भक्त पियूष रावत ने गौ माता की महिमा बताइ। भगवान ने स्वयं अपने मुख से बोला है कलयुग में गौ माता की भक्ति ही बैकुंठ का मार्ग दिखा सकती है और बैकुंठ ले जा सकती है। गौ माता यदि किसी का भाग्य यदि बदल सकती है तो गौ माता ही एक ऐसी शक्ति है जो सबके भाग बदल सकती है और आओ हम सब मिलकर गौ सेवा करें गोपालन करें। हम सभी गौ माता से विश्व शांति का आशीर्वाद मांगा। सुरभि गौशाला में सुबह मंगला आरती हुई। प्रात:काल गाय माता का अभिषेक किया गया। नए परिधान धारण कराए गए। उनका श्रृंगार किया गया। गौ माता के अंग में मेहंदी, हल्दी, रंग के छापे लगाए गए दीपदान किया। धूप-दीप, अक्षत, रोली, गुड़ आदि वस्त्र तथा जल से गाय का पूजन किया गया। धूप-दीप से आरती उतारी गई। प्रसाद भोग लगाया गया। गाय की परिक्रमा भी की गई। गौकथा को कहते हुये महंत श्री अनिरुद्ध दास जी महाराज एवं पूज्य महंतश्री रसराज दास जी महाराज एवं जगतगुरु द्वाराचार्य अभिराम देवाचार्य जी महाराज एवं पंडित कृष्णकांत शास्त्री जी ने बताया कि दीपावली के बाद आने वाली कार्तिक शुक्ल अष्टमी को गोपाष्टमी पर्व के रुप में मनाया जाता है। इस दिन गौ, ग्वाल और भगवान श्रीकृष्ण का पूजन करने से विशेष लाभ मिलता है। गाय को माता का स्थान दिया गया है। अत: गाय को गौ माता (गौमाता) भी कहा जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने गौ चारण लीला शुरू की थी। कार्तिक शुक्ल अष्टमी के दिन मां यशोदा ने भगवान कृष्ण को गौ चराने के लिए जंगल भेजा था। गाय की पूजा करने से लोगों के कष्ट खत्म हो जाते हैं। मनुष्य को धर्मलाभ प्राप्त होता हैं। गौशाला में विराजे भगवान राधा-कृष्ण जू की विशेष पूजा अर्चना गोपाष्टमी पर की गई। जल्द सुबह से शुरू हुआ कार्यक्रम देर रात्रि तक चलता रहा। सुरभि गौशाला के मुकेश दीक्षित ने सभी को गोपाल अष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी! इस अवसर पर गौशाला के प्रमुख सहयोगी प्रिय गोविन्द दास , प्रभात शर्मा,विनोदअवस्थी ,विकास अवस्थी,अशोक गुप्ता, व्रज जन दामोदर बंधू दास, आदि उपस्थित रहे। संयोजक संचालन व आभार पीयूष रावत ने व्यक्त किया।

517 जनजातीय गांवों की बदलेगी तस्वीर, योगी सरकार ने 18 विभागों को सौंपी जिम्मेदारी

हिंदी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ । उत्तर प्रदेश में जनजातीय समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए योगी सरकार ने बहुआयामी कार्ययोजना तैयार की है। प्रदेश के जनजातीय बहुल गांवों में अब विकास की योजनाएं अलग-अलग विभागों के दायरे में सिमटने के बजाय साझा प्रयासों के साथ जमीन पर उतारी जा रही हैं। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत प्रदेश के 26 जिलों के 47 ब्लॉक के 517 गांवों को चिह्नित किया गया है। इन गांवों में आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पेयजल और रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करने के लिए 18 विभाग मिलकर काम कर रहे हैं। अभियान के तहत निर्धारित 25 प्रमुख हस्तक्षेपों के जरिए गांवों को विकास योजनाओं से संतृप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। चिह्नित गांवों में सोनभद्र सबसे आगे है, जहां सर्वाधिक 176 गांव इस अभियान में शामिल किए गए हैं। इसके अलावा बलिया के 61, ललितपुर के 38, देवरिया, कुशीनगर और लखीमपुर खीरी के 34-34 तथा गाजीपुर के 26 गांव चिह्नित किए गए हैं। मिजार्पुर के 20, गोरखपुर के 18, चंदौली के 17 और बिजनौर के पांच गांव भी अभियान का हिस्सा हैं। जनजाति विकास विभाग के निदेशक प्रवीण मिश्र के अनुसार, इन गांवों में स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों को गति देने और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र परिवारों तक पहुंचाने पर जोर दिया जा रहा है। योगी सरकार की इस पहल में बुनियादी सुविधाओं के साथ जनजातीय परिवारों की आर्थिक आत्मनिर्भरता को भी प्राथमिकता दी गई है। गांवों में सड़क और पुल निर्माण, नाली व्यवस्था,

स्वच्छ पेयजल, निर्बाध बिजली आपूर्ति, बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा की उपलब्धता बढ़ाने के साथ कृषि, पशुपालन, कौशल विकास और रोजगार के अवसरों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके लिए ग्राम्य विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, जलापूर्ति, विद्युत ऊर्जा, कृषि, पशुपालन, कौशल विकास, पंचायती राज और पर्यटन समेत 18 विभागों को आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारी सौंपी गई है। उद्देश्य है कि जनजातीय बहुल गांवों में विकास का लाभ एक साथ पहुंचे और बुनियादी सुविधाओं की कमी दूर हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 अक्टूबर 2024 को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरूआत की थी। उत्तर प्रदेश में जनजाति विकास विभाग के समन्वय से इसे व्यापक स्तर पर लागू किया जा रहा है। निर्धारित 25 हस्तक्षेपों के माध्यम से योजनाओं के क्रियान्वयन और विभागीय समन्वय पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सरकार का प्रयास है कि जनजातीय समाज को शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत सुविधाओं और आजीविका के बेहतर अवसर उपलब्ध कराकर विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाए।

चाय के भुगतान को लेकर विवाद में युवक पर ताबड़तोड़ फायरिंग, स्कॉर्पियो सवार चार लोगों ने किया जानलेवा हमला

हिंदी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ। गोमतीनगर विस्तार थाना क्षेत्र में चाय के भुगतान को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते जानलेवा हमले में बदल गया। ग्रीनवुड चौराहे के पास एक चाय की दुकान पर पहुंचे युवक पर काले रंग की स्कॉर्पियो सवार चार लोगों ने कथित तौर पर पिस्टल से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि युवक ने हमलावर का हाथ पकड़कर नीचे कर दिया, जिससे उसकी जान बच गई। आरोप है कि हमलावरों ने उसे निशाना बनाकर तीन बार गोली चलाई, लेकिन गोलियां जमीन में जा लगीं। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और आरोपी वाहन लेकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित उपेंद्र प्रताप सिंह पुत्र बच्चा सिंह निवासी ग्राम सहतवार, जिला बलिया ने गोमतीनगर विस्तार थाने में दी गई तहरीर में बताया कि वह वर्तमान में सुलभ आवास-06 में रहते हैं। 16 नवंबर 2026 की शाम करीब पांच से साढ़े पांच बजे के बीच वह सेक्टर-1 स्थित ग्रीनवुड चौराहे के पास सड़क किनारे लगी चाय की दुकान पर चाय पीने गए थे। इसी दौरान चाय के भुगतान को लेकर दुकानदार से उनकी बातचीत हो रही थी। तभी काले रंग की स्कॉर्पियो (नंबर यूपी-32 आरएच-3132) से चार लोग वहां पहुंचे और दुकानदार को भुगतान करने की बात को लेकर उनसे विवाद करने लगे। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर चारों लोगों ने एक साथ आवाज लगाई कि गाड़ी से पिस्टल निकालो और इसे जान से मार दो। इसके बाद स्कॉर्पियो से एक व्यक्ति पिस्टल निकालकर आया और उपेंद्र प्रताप सिंह पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। अचानक हुए हमले में पीड़ित ने साहस दिखाते हुए फायर करने वाले व्यक्ति का हाथ पकड़कर नीचे कर दिया। इसके बावजूद आरोपी ने दोबारा दो फायर किए, जो जमीन में जा लगे। वहीं, स्कॉर्पियो से आए अन्य तीन लोग भी उन्हें पकड़ने लगे। पीड़ित के मुताबिक, मौके पर मौजूद उनके दोस्त अमित और आसपास के लोग उन्हें बचाने के लिए आगे बढ़े तो हमलावरों ने उन्हें धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया और गाली-गलौज करते हुए स्कॉर्पियो से फरार हो गए। घटना के बाद आसपास के दुकानदारों और लोगों से पूछताछ करने पर जानकारी मिली कि आरोपी पहले भी वहां चाय पीने आते थे। पीड़ित ने तहरीर में फायरिंग करने वाले व्यक्ति की पहचान शेखर कौशल के रूप में बताई है। साथ ही स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के आधार पर उसके खिलाफ चिनहट थाने में कई मुकदमे दर्ज होने की बात भी कही है। पीड़ित ने घटनास्थल से फायरिंग में इस्तेमाल हुआ एक खाली कारतूस का खोखा बरामद होने की बात कहते हुए उसे पुलिस को सौंप दिया और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस के अभिलेखीय नोट के मुताबिक, प्राप्त तहरीर के आधार पर हेड कांस्टेबल सूर्य प्रताप शुक्ला ने कायमी की तथा कांस्टेबल रितेश कुमार ने कंप्यूटर पर विवरण दर्ज किया। मामले में पुलिस की जांच और आरोपों की आधिकारिक पुष्टि की प्रतीक्षा है।

यूपी के 5 लाख घरों की छतों पर लगेंगे सोलर पैनल, योगी सरकार ने केंद्र को भेजा 3750 करोड़ का प्रस्ताव

हिन्दी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने और घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को बिजली बिल से राहत दिलाने के लिए योगी सरकार ने बड़ी पहल की है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत प्रदेश के पांच लाख घरों की छतों पर रूफटॉप सोलर संयंत्र लगाने की तैयारी की गई है। इसके लिए उपयोगिता आधारित एकत्रीकरण (यूएलए) मॉडल के तहत केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने पर प्रदेश में करीब 750 मेगावाट अतिरिक्त सौर ऊर्जा क्षमता विकसित होगी। इस पूरी परियोजना पर लगभग 3,750 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है, जिसमें केंद्र और राज्य सरकार की वित्तीय सहायता प्रस्तावित है। प्रस्तावित योजना के तहत पांच लाख घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं के घरों को सौर ऊर्जा से जोड़ने की कार्ययोजना तैयार की गई है। इसमें 50 प्रतिशत यानी ढाई लाख घरों पर एक किलोवाट क्षमता के सोलर संयंत्र लगाए जाएंगे, जबकि शेष ढाई लाख घरों पर दो किलोवाट क्षमता के संयंत्र स्थापित करने की योजना है। इस तरह बड़े स्तर पर एकीकृत रूप से सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना की जाएगी। योजना को धरातल पर उतारने के लिए उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल), विभिन्न विद्युत वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) और उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) के बीच समन्वय स्थापित किया जाएगा। इस पहल से बड़ी संख्या में घरेलू उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा अपनाने का अवसर मिलेगा। साथ ही बिजली बिल में कमी आने के साथ स्वच्छ और हरित ऊर्जा के उत्पादन को भी बढ़ावा मिलेगा। उपयोगिता आधारित एकत्रीकरण मॉडल के जरिए बड़े पैमाने पर सोलर संयंत्रों की स्थापना की प्रक्रिया को व्यवस्थित और प्रभावी बनाने की तैयारी है। घरेलू रूफटॉप सोलर संयंत्रों की स्थापना के मामले में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर पहुंच चुका है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत प्रदेश में अब तक 9,62,866 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। यह आंकड़ा प्रदेश में सौर ऊर्जा के प्रति बढ़ती जागरूकता और घरेलू उपभोक्ताओं की भागीदारी को दर्शाता है। सरकार का प्रयास है कि अधिक से अधिक परिवारों को सौर ऊर्जा से जोड़कर पारंपरिक बिजली पर निर्भरता कम की जाए और ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों को प्रोत्साहित किया जाए। सरकार की ओर से विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए 31 मार्च 2027 से पहले आधिकारिक पोर्टल पर आवेदन करें।

पात्र उपभोक्ताओं को केंद्रीय और राज्य सरकार की ओर से अधिकतम 1.08 लाख रुपये तक की सब्सिडी का लाभ मिल सकता है। इससे घरों की छतों पर सोलर संयंत्र लगवाने की लागत का बोझ कम होगा और उपभोक्ता लंबे समय तक बिजली बिल में बचत कर सकेंगे।

आत्महत्या के दुष्प्रेरण के 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

सुनहरा संसार आदित्य बाजपेई



उन्नाव। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना फतेहपुर चौरासी पुलिस द्वारा आत्महत्या के दुष्प्रेरण के 02 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। उ0नि0 दिनेश सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा थाना फतेहपुर चौरासी पर पंजीकृत मु0अ0सं0-355/26 धारा 108/3(5) बीएनएस से सम्बन्धित 02 नफर वांछित अभियुक्तगण 1.दुलारे पुत्र स्व0 कल्लू उम्र करीब 65 वर्ष 2. हुकुमचन्द्र पुत्र दुलारे उम्र करीब 39 वर्ष निवासीगण ग्राम उत्मानपुर थाना फतेहपुर चौरासी जनपद उन्नाव को उन्नाव-बांगरमऊ मार्ग पर गाजीखेड़ा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

चाय के भुगतान को लेकर विवाद, स्कॉर्पियो सवार चार युवकों ने की फायरिंग

हिंदी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो लखनऊ


आदेश

निम्नलिखित उपनिरीक्षकगण को उनके वर्तमान नियुक्ति स्थल से तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर किया जाता है:-

क्र.सं.	नाम व पद	पीएनओ	कहां से	कहां को
1	उ0नि0 श्री भगत राम	234222168	हल्का प्रभारी एलडीसी थाना बीबीडी	रिजर्व पुलिस लाइन
2	उ0नि0 श्री रविंदर अवाना	155062784	थाना इंदिरानगर	रिजर्व पुलिस लाइन
3	उ0नि0 श्री अर्जुन सिंह	204073805	हल्का प्रभारी सुल्तानपुर थाना इंदिरानगर	रिजर्व पुलिस लाइन

उपरोक्त निरीक्षक बीबीडी व इंदिरानगर, लखनऊ उपरोक्तेक उपनिरीक्षकगण को तत्काल स्थाना कर अनुपालन आख्या प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

लखनऊ। गोमतीनगर विस्तार थाना क्षेत्र में रविवार शाम चाय की दुकान पर भुगतान को लेकर हुए विवाद के बाद चार अज्ञात लोगों ने फायरिंग कर दी। घटना ग्रीनवुड अपार्टमेंट चौराहे के पास की है। काले रंग की स्कॉर्पियो से पहुंचे आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी।पुलिस के मुताबिक, बलिया जिले के सहतवार थाना क्षेत्र के निवासी उपेन्द्र प्रताप सिंह (41) निर्माण कार्य करते हैं। रविवार शाम करीब 5:30 बजे उनकी ग्रीनवुड अपार्टमेंट चौराहे के पास स्थित एक चाय की दुकान पर चार अज्ञात व्यक्तियों से भुगतान को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर स्कॉर्पियो सवार लोगों ने फायरिंग कर दी और मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर गोमतीनगर विस्तार पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में पुलिस को मामला चाय की दुकान पर भुगतान को लेकर हुए विवाद के बाद फायरिंग का प्रतीत हो रहा है। घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम को बुलाकर भौतिक एवं वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए गए हैं। वहीं, आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें गठित कर रवाना कर दी गई हैं। पीड़ित की ओर से प्रार्थना पत्र दिए जाने की प्रक्रिया चल रही है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल घटनास्थल पर शांति एवं कानून व्यवस्था कायम है।

पड़ोसियों पर मारपीट और गाली-गलौज का आरोप, विरोध करने पर परिवार को जान से मारने की धमकी; पीड़ित पिता ने पुलिस से लगाई गुहार

हिन्दी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ। गुडंबा थाना क्षेत्र के आदिल नगर में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले दो युवकों ने अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर युवक को बेरहमी से पीटा और उसके साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए गाली-गलौज की। हमले में युवक के सिर पर गंभीर चोट आई है। शोर सुनकर जब परिवार के लोग उसे बचाने के लिए बाहर निकले तो आरोपितों ने उन्हें भी जान से मारने की धमकी दी। आदिल नगर निवासी नजमुल हसन पुत्र हमरुल हसन ने गुडंबा थाने में दी गई तहरीर में बताया कि 16 नवंबर 2026 की रात करीब नौ बजे पुरानी रंजिश को लेकर उनके बेटे मोहम्मद फैसल के साथ पड़ोस में रहने वाले फराज और फरहान पुत्र खुर्शीद ने अपने घर के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर मारपीट की। इस दौरान आरोपितों ने बेटे को जमकर पीटा, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लग गई। बेटे की चीख-पुकार सुनकर जब वह और परिवार के अन्य सदस्य घर से बाहर आए तो आरोपित धमकी देते हुए कहने लगे कि आज तो बच गए, किसी दिन जान से मार देंगे। पीड़ित पिता के मुताबिक घटना की सूचना तत्काल पुलिस की आपातकालीन सेवा 112 पर दी गई। इसके बाद वह घायल बेटे को लेकर थाने पहुंचे और आरोपितों के खिलाफ लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमे की कार्रवाई की है। मामले में आरोपों की विस्तृत जानकारी और पुलिस की अग्रिम कार्रवाई का विवरण सामने आना बाकी है।

रजि. नंबर RNI N0. UPHIN/2005/24731, प्रकाशक उमा सिंह व प्रधान संपादक राघवेन्द्र सिंह जादौन, उमा प्रिंटिंग प्रेस पंजीकृत कार्यालय इंदिरा नगर टूंडला चौराहा टूंडला फिरोजाबाद से प्रकाशित।
प्रधान कार्यालय एसबी/64 सेक्टर 70 नोयडा उत्तर प्रदेश- 9412162614। Email- sunharasansar@gmail.com, सभीवाद -विवादों का निपटारा आगरा न्यायालय में होगा।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य शुद्ध,निष्पक्ष, त्रुटिहीन, पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करना:- जिला निर्वाचन अधिकारी



झांसी आज जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में प्रदेश में हो रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर मंगलवार को जनपद के राष्ट्रीय/राज्जीय मान्यताप्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को आलेख मतदाता सूची उपलब्ध कराते हुए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 की प्रक्रिया एवं उससे संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रफको लेकर दिए गए दिशा-निर्देशों, कार्यक्रमों और इसकी प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न होने पाए। सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित हो, उन्होंने राजनैतिक दलों के साथ बैठक कर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (SSR) की प्रक्रिया और आयोग के निदेशों की जानकारी देते हुए उपस्थित सभी राजनैतिक दलों से बूथ लेबल एजेंट (BLA) नियुक्त करने का अनुरोध किया, जो पुनरीक्षण कार्यों में बीएलओ का सहायोग करेंगे। उन्होंने कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान में ऐसे परिवार जिनके सदस्यों का अलग अलग बूथ पर मतदाता सूची में नाम शामिल है, वो जानकारी दें ताकि परिवार के सभी सदस्यों का एक ही बूथ पर नाम शामिल किया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान काशीराम कॉलोनी,मलिन बस्ती एवं कुष्ठ आश्रम में भी कैंप आयोजित कर पात्र मतदाताओं को मतदान सूची में शामिल कराए जाने हेतु अभियान संचालित किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि पुनरीक्षण अवधि में ऐसे मतदाता जो अर्हता तिथि 01/01/2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे युवा मतदाता व छूटे हुए महिला मतदाता फॉर्म-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में पंजीकरण करा सकते हैं,जो मतदाता मृतक/स्थानांतरित हो गए हैं वह फार्म-7 भरकर अपमार्जन की कार्यवाही करा सकते हैं तथा जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में अशुद्ध रूप से दर्ज हैं अथवा अपना पता बदलवाना चाहते हैं तो वह फार्म- 8 भरकर दे सकते हैं,उक्त सभी फार्म अपने बूथ के बीएलओ/ विधानसभा क्षेत्र के ईआरओ के पास जमा करा सकते हैं।उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रों पर पदाभिहित अधिकारी की नियुक्ति की गई है, जहां पर मतदाता सूची को भी देखा जा सकता है और दावे आपत्तियां प्राप्त कराई जा सकती हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की जानकारी देते हुए बताया कि आज एकीकृत निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन किया गया जिसकी विधानसभा बार सूची राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्राप्त कराई गई। दावे और आपत्तियां दाखिल किये जाने की अवधि 11 नवम्बर 2026 से 16 दिसम्बर 2026 तक होगी। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार विशेष अभियान की तिथियाँ 21 नवम्बर/ 22 नवम्बर 2026 एवं 28 नवम्बर/29 नवम्बर 2026 हैं, दावे और आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसम्बर 2026 तक होगी। 07 जनवरी, 2027 को निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन किया जाएगा।

चार महीना पहले एक बच्ची को बनाया था निवाला फिर से ऊशी ग्राम सभा में बाघ ने 20 वर्षीय रोहित को बनाया निवाला, ग्रामीणों में वन विभाग के खिलाफ आक्रोश, रेंजर बोले- लगातार की जा रही कांबिंग

मोहम्मद सईद तहसील प्रभारी गोला सुनहरा संसार दैनिक समाचार पत्र

पलियाकलां-खीरी। पलिया क्षेत्र में हिंसक वन्यजीवों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आवारा हिंसक जंगली पशु बाघ, हाथी और जंगली सुअरों के हमलों से ग्रामीण लंबे समय से दहशत के साये में जीने को मजबूर हैं। आज सोमवार को दिन में करीब चार बजे ग्राम खुशीपुर में एक बार फिर बाघ के हमले की दर्दनाक घटना सामने आई है, जिसमें खेत पर चारा लेने गये राजकुमार के 20 वर्षीय पुत्र रोहित की जान चली गई। बाघ ने युवक को अपना निवाला बना लिया। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है, वहीं पूरे गांव में शोक और दहशत का माहौल बना हुआ है। वही एक तरफ अगर ग्रामीणों द्वारा पार्क में या फिर नॉर्थ खीरी जॉन में लकड़ी जलौनी बिनते भी पकड़ लेते हैं तो कई हजारों का जुमार्ना तत्काल लेने के बाद छोड़ते हैं और एक तरफ हिंसक आवारा टाइगर या लेपर्ड ग्रामीणों को अपना निवाला बनाता है तो बन प्रशासन हो जाती है मौन अगर ग्रामीणों द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाता है तो झूठा आश्वासन देकर मामला रफा-दफा कर दिया जाता है। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं को लेकर ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से बाघों की आवाजाही और हमलों का सिलसिला जारी है। बाघों के अलावा हाथियों और अन्य हिंसक वन्यजीवों से भी ग्रामीणों की जान-माल को खतरा बना हुआ है। इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वन्यजीवों के हमलों में लगातार हो रही मौतों के बाद भी उन्हें सुरक्षा का भरोसा नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का सवाल है कि आखिर कब तक निर्दोष लोग हिंसक वन्यजीवों का शिकार होते रहेंगे? वन विभाग को ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए केवल आश्वासन देने के बजाय धरातल पर प्रभावी कदम उठाने चाहिए। क्षेत्र में नियमित गश्त, संवेदनशील स्थानों पर निगरानी और हिंसक वन्यजीवों से बचाव के पुख्ता इंतजाम किए जाने की मांग उठ रही है। इस संबंध में पलिया रेंजर विनय कुमार ने बताया कि क्षेत्र में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गयी है और वो भी जल्द ही पहुंच रहे हैं। कहा कि टीम लगातार निगरानी कर रही है। हालांकि, खुशीपुर में 20 वर्षीय रोहित की मौत ने एक बार फिर वन्यजीवों के बढ़ते खतरे और ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह है कि वन विभाग के दावों के बीच ग्रामीणों को इस जानलेवा खतरे से कब तक राहत मिल पाती है।

कोटवारा रामकथा के समापन दिवस कथाव्यास ने सीताहरण, जटायु-रावण युद्ध, सुग्रीव मित्रता की कथा सुनाई

सुनहरा संसार,अनुराग मिश्र



गोला गोकर्णनाथ खीरी। कोटवारा स्थित मां दुर्गा मन्दिर पर श्रीरामकथा में मंगलवार को कथा का भव्य समापन हो गया। आयोजन समिति ने समापन के लिए विशेष व्यवस्था की।सोमवार देर शाम कथास्थल पर गोला नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू पहुंचे, जिन्हें कथावाचक पीयूष दीक्षित महाराज ने मां भगवती का प्रसाद व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।
कथाव्यास ने सीताहरण व पक्षीराज जटायु व रावण के बीच युद्ध व सुग्रीव मित्रता की कथा सुनायी। कथा सुन मौजूद श्रोता भावविभोर हो गए। मिथलेश मिश्रा, राहुल मिश्रा, शिव पूजन शर्मा, अर्पित दीक्षित, अनूप, रामप्रकाश सहित सैकड़ों श्रोतागण मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया आज मंगलवार को इस रामकथा की पूर्णाहुति होगी।

थाना सम्पूर्णानगर पुलिस द्वारा 01 नफर वांछित वारण्टी गिरफ्तार

सुनहरा संसार ब्यूरो प्रमुख जियाउल्ला खान



लखीमपुर खीरी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 ख्याति गर्ग के निर्देशन में वांछित / वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय (पश्चिमी) खीरी व क्षेत्राधिकारी पलिया महोदय के कुशल पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष सम्पूर्णानगर के कुशल नेतृत्व में दिनांक 16.11.2026 को सम्पूर्णानगर पुलिस द्वारा राजू उर्फ राजकुमार पुत्र जगदीश निवासी ग्राम भानपुरी खजुरिया थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी सम्बन्धित मा0 न्यायालय ए0सी0जे0एम कोर्ट न0- 05 द्वारा निर्गत सम्बन्धित एनबीडब्लू मु0सं0-1694-23 अ0सं0-116/23 सरकार बनाम राजू उर्फ राजकुमार धारा 323/504/506 भादवि थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी में गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

निजी फोटो-वीडियो वायरल कर महिला को ब्लैकमेल करने का आरोप, फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट बनाकर किया जा रहा मानसिक उत्पीड़न

हिंदी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ। राजधानी में एक महिला को निजी तस्वीरों और वीडियो के जरिए ब्लैकमेल करने तथा सोशल मीडिया पर उसकी पहचान का दुरुपयोग कर फर्जी अकाउंट बनाने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि अंबाला, हरियाणा का मूल निवासी और वर्तमान में इंग्लैंड में रह रहा दविंदर सिंह नाम का व्यक्ति लंबे समय से महिला को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। आरोपी पर महिला की निजी तस्वीरें और वीडियो उसकी अनुमति के बिना परिवार के सदस्यों, दोस्तों, रिश्तेदारों और कार्यालय के सहकर्मियों को भेजने का भी आरोप है। पीड़िता ने पुलिस से मामले में तत्काल कानूनी कार्रवाई करने और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। ट्रांसपोर्ट नगर स्थित सुलभ आवास योजना निवासी महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि आरोपी दविंदर सिंह उसकी निजी जिंदगी में दखल देकर लगातार परेशान और ब्लैकमेल कर रहा है। आरोप है कि उसने महिला के नाम और पहचान का दुरुपयोग करते हुए सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट बना रखा है। इन अकाउंटों के माध्यम से उसकी निजी तस्वीरें और वीडियो प्रसारित किए जा रहे हैं। इतना ही नहीं, आरोपी कथित तौर पर इन तस्वीरों और वीडियो को उसके परिवार, परिचितों और कार्यस्थल से जुड़े लोगों तक पहुंचाकर उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा और नौकरी को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहा है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी की लगातार हरकतों से उसका सामान्य जीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। वह भय, अपमान और मानसिक तनाव के दौर से गुजर रही है। शिकायत में महिला ने अपनी मानसिक स्थिति बेहद गंभीर बताते हुए कहा है कि उत्पीड़न के कारण उसके मन में आत्महत्या जैसे विचार भी आने लगे हैं। उसने अपनी सुरक्षा और जीवन को लेकर भी गंभीर चिंता जताई है। महिला ने पुलिस अधिकारियों से मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ तत्काल प्राथमिकी दर्ज करने, फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट और निजी सामग्री के प्रसार पर रोक लगाने तथा आरोपी के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

दीपावली पर परिवार गया गांव, पीछे से मकान का ताला तोड़कर चोरी, सीसीटीवी और डीवीआर भी उड़ा ले गए चोर

हिंदी दैनिक सुनहरा संसार।अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ। राजधानी में बंद मकानों को निशाना बनाने वाले चोरों के हौसले बुलंद हैं। बिजनौर थाना क्षेत्र के अयोध्यापुरी फेस-2 में दीपावली के अवसर पर परिवार सहित गांव गए एक व्यक्ति के मकान को चोरों ने निशाना बना लिया। अज्ञात चोर मकान का सेंट्रल लॉक तोड़कर अंदर घुसे और घर में लगा सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर तथा भारतीय वायुसेना से संबंधित सरकारी नेटवर्क उपकरण चोरी कर ले गए। पीड़ित को घटना की जानकारी घर लौटने पर हुई। इसके बाद उन्होंने बिजनौर थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। अयोध्यापुरी फेस-2 निवासी दिव्यांशु त्रिपाठी पुत्र शशिकांत त्रिपाठी के मुताबिक, वह आठ नवंबर 2026 को सुबह करीब आठ बजे परिवार सहित दीपावली का पर्व मनाने अपने गांव झींझक, कानपुर देहात गए थे। उनके मकान में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, जिन्हें वह मोबाइल के माध्यम से लगातार देखते रहते थे। 13 नवंबर की रात करीब 11 बजे के बाद मोबाइल पर कैमरे की तस्वीर स्पष्ट दिखाई देना बंद हो गई। इसके बाद 14 नवंबर को दोबारा कैमरे की स्थिति जांचने पर वह बंद मिले। इससे उन्हें मकान में चोरी होने की आशंका हुई। पीड़ित के अनुसार, वह 14 नवंबर को गांव से चलकर शाम करीब चार बजे अपने लखनऊ स्थित आवास पहुंचे तो मकान के मुख्य दरवाजे का सेंट्रल लॉक टूटा हुआ मिला। घर के अंदर जाकर जांच की तो सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर और उनका सरकारी एएफ सी ई एल नेटवर्क उपकरण गायब मिला, जो भारतीय वायुसेना से संबंधित बताया गया है। पीड़ित ने आशंका जताई है कि 13 और 14 नवंबर की मध्यरात्रि के दौरान अज्ञात चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित ने अपनी तहरीर में बताया है कि घर से सोने-चांदी के आभूषण और नकदी से संबंधित चोरी का विवरण वह अलग से उपलब्ध कराएंगे। फिलहाल उन्होंने पुलिस से अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने तथा चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है। पुलिस की जांच और चोरी गए अन्य सामान के संबंध में विस्तृत जानकारी सामने आने का इंतजार है।

मतदाता जागरूकता के तहत बुंदेलखंड महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन

ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झांसी आज दिनांक : 17 नवंबर 2026 को जिला मतदाता साक्षरता क्लब झांसी एवं बुंदेलखंड महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने वृहद स्तर पर प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी झांसी गौरांग राठी एवं विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी आर.एस. सब्बनवाड रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एस.के. राय ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने युवा मतदाताओं को लोकतंत्र में मतदान के महत्व के प्रति प्रेरित किया। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कहा कि युवा देश के भविष्य हैं और उनकी सक्रिय भागीदारी से ही लोकतंत्र सशक्त बनता है, वहीं मुख्य विकास अधिकारी आर.एस. सब्बनवाड ने सभी युवाओं से स्वयं मतदान करने के साथ-साथ अपने परिवार और समाज को भी निर्भीक होकर मतदान करने के लिए जागरूक करने का आह्वान किया। विभिन्न श्रेणियों में आयोजित प्रतियोगिताओं के परिणाम निम्नवत रहेः भाषण प्रतियोगिताः प्रथम स्थान प्रियांशु यादव, द्वितीय स्थान जयन्ती राजपूत और तृतीय स्थान आफरीन मंसूरी ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिताः प्रथम स्थान पियूष कुशवाहा, द्वितीय स्थान शारदा देवी और तृतीय स्थान जयन्ती राजपूत ने हासिल किया। निबंध प्रतियोगिताः प्रथम स्थान जयंती राजपूत, द्वितीय स्थान महक और तृतीय स्थान तनुष्का व्यास के नाम रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रोफेसर एल.सी. साहू द्वारा किया गया। आयोजन में चुनाव साक्षरता क्लब के समन्वयक डॉ. संजीव शेखर सिंह सहित महाविद्यालय के अन्य सम्मानित शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के समस्त कार्यक्रम अधिकारी एवं सभी स्वयं सेवक उपस्थित रहे। अंत में सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

सांसद अनुराग शर्मा का जन्मदिन,पर बालगृह, अनाथालय, वृद्धाश्रम, वनवासी कल्याण आश्रम और विभिन्न मंदिरों में समर्थकों ने किए सेवा कार्य, हवन-पूजन एवं सुंदरकांड के पाठ

ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झांसी/ललितपुर। झांसी-ललितपुर के लोकप्रिय सांसद अनुराग शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर उनके समर्थकों, शुभचिंतकों एवं पार्टी कार्यकताओं द्वारा पूरे संसदीय क्षेत्र में सेवा, समर्पण और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जन्मदिन को केवल उत्सव के रूप में मनाने के स्थान पर समाज के जरूरतमंद, असहाय, निराश्रित एवं वंचित वर्गों के बीच पहुंचकर सेवा कार्यों के माध्यम से मनाया गया। झांसी से लेकर ललितपुर तक बालगृह, अनाथालय, वृद्धाश्रम, शबरी आश्रम, वनवासी कल्याण आश्रम, विद्यालयों एवं विभिन्न धार्मिक स्थलों पर दिनभर सेवा और धार्मिक आयोजन निरंतर चलते रहे। इस अवसर पर सांसद अनुराग शर्मा के समर्थकों द्वारा उनकी दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं निरंतर जनसेवा के लिए विभिन्न मंदिरों में हवन-पूजन, सुंदरकांड पाठ एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में ललितपुर जनपद के तालबेहट स्थित शबरी मंदिर में सुंदरकांड पाठ, हवन एवं पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समर्थकों एवं श्रद्धालुओं ने सम्मिलित होकर सांसद श्री अनुराग शर्मा के दीर्घायु एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं वनवासी कल्याण आश्रम तालबेहट में आदिवासी बच्चों ने बड़े उत्साह और आत्मीयता के साथ केक काटकर सांसद अनुराग शर्मा का जन्मदिन मनाया तथा उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं। ललितपुर नगर स्थित अन्नपूर्णा भोजनालय में उनके समर्थकों द्वारा असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को नि:शुल्क भोजन कराया गया। इसके अतिरिक्त राजकीय बालगृह ललितपुर में बच्चों के बीच पुस्तकें एवं पठन-पाठन सामग्री वितरित की गई। विभिन्न विद्यालयों में भी विद्यार्थियों को कॉपियां, पुस्तकें एवं शैक्षणिक सामग्री प्रदान की गई। ललितपुर के वृद्धाश्रम में पहुंचकर समर्थकों ने वृद्धजनों के साथ समय बिताया तथा उन्हें फल एवं मिष्ठान वितरित कर आत्मीयता के साथ सांसद का जन्मदिन मनाया। इसी प्रकार झांसी में भी विभिन्न स्थानों पर वस्त्र वितरण, विद्यालयों में कॉपी एवं पठन-पाठन सामग्री का वितरण तथा जरूरतमंदों के बीच सेवा कार्य किए गए। झांसी स्थित वृद्धाश्रम में भजन मंडली के माध्यम से भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इसके पश्चात वृद्धजनों के साथ हर्षोल्लास के वातावरण में फल एवं मिष्ठान वितरित किए गए। वृद्धजनों ने भी सांसद अनुराग शर्मा के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। सांसद अनुराग शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक प्रभावी एवं आधुनिक बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल की गई। उनके द्वारा कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (CSR) के अंतर्गत मेडिकल कॉलेज ललितपुर को कई अत्याधुनिक चिकित्सा मशीनें समर्पित की गईं। साथ ही जिला अस्पताल झांसी को एक अत्याधुनिक एक्स-रे मशीन प्रदान की गई। दंत चिकित्सा सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं सुलभ बनाने के उद्देश्य से मेडिकल कॉलेज को एक आधुनिक डेंटल चेयर भी भेंट की गई,निम्नलिखित अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण समर्पित किए गए—
1. डिजिटल पोर्टेबल एक्स-रे मशीन
2. डिस्पोजेबल वीडियो असिस्टेड उपकरण
3. हाई फ्लो नेजल कैनुला
4. एबीजी मशीन
5. लैमिनार एयर फ्लो
6. बीईआरए मशीन
7. इलेक्ट्रॉनिक वेटिंग मशीन
8. नेबुलाइजर

इन चिकित्सा उपकरणों के माध्यम से संबंधित चिकित्सा संस्थानों में मरीजों को बेहतर जांच एवं उपचार की सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। जन्मदिन के अवसर पर स्वास्थ्य क्षेत्र को दिए गए इस योगदान को जनकल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के रूप में देखा जा रहा है।

भगवंतनगर और पुरवा विधानसभा में भाजपा की मतदाता जोड़ो अभियान कार्यशालाएं संपन्न,प्रत्येक पात्र का नाम जोड़ना संवैधानिक अधिकार और अपात्र का नाम हटवाना लोकतांत्रिक जिम्मेदारी: अनुराग अवस्थी

सुनहरा संसार आदित्य बाजपेई



उन्नाव। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे मतदाता जोड़ो अभियान - 2026 के अंतर्गत आज उन्नाव जिले की भगवंतनगर और पुरवा विधानसभाओं में वृहद कार्यशालाओं का आयोजन संपन्न हुआ। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आज 17 नवंबर 2026 को मतदाता सूची के ड्राफ्ट प्रकाशन के साथ ही 16 दिसंबर 2026 तक चलने वाले संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान (दावा-आपत्ति) को प्रत्येक बूथ पर शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों व कार्यकताओं को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए।भगवंतनगर विधानसभा कार्यशाला में बूथ स्तर पर मतदाता पंजीकरण की बनी ठोस रणनीति भगवंतनगर विधानसभा की कार्यशाला अत्यंत उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धीकरण केवल चुनावी प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने का संवैधानिक दायित्व है। प्रत्येक पात्र वयस्क नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना उसका अधिकार है, वहीं प्रत्येक अपात्र व्यक्ति का नाम सूची से हटवाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल मतदाता सूची की शुद्धीकरण प्रक्रिया को बाधित करने के लिए दुष्प्रचार कर भ्रम फैला रहे हैं, जिसका जवाब भाजपा कार्यकताओं को बूथ स्तर पर पूरी सक्रियता के साथ घर-घर संपर्क कर देना है।लोकप्रिय विधायक (बैसवारा सेवक) आशुतोष शुक्ला ने कार्यकताओं में ऊर्जा का संचार करते हुए कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव के लिए कोई भी पात्र नागरिक मतदाता बनने से वंचित न रहे। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के ऐसे हजारों लाभार्थी हैं या राशन कार्ड धारक हैं, जिनके नाम ग्राम पंचायत की सूची में तो हैं परंतु विधानसभा की मतदाता सूची में दर्ज नहीं हैं—कार्यकर्ता ऐसे सभी लोगों और प्रवासी श्रमिकों को चिन्हित कर उनका नाम प्राथमिकता से जुड़वाएं। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शकुन सिंह ने मातृशक्ति की भागीदारी पर बल देते हुए कहा कि आगामी 28, 29 और 30 नवंबर 2026 को विशेष रूप से ह्यमहिला मतदाता जोड़ो अभियानह्ल चलाया जाएगा। उन्होंने आह्वान किया कि महिला मोर्चा के साथ-साथ पार्टी के सभी पदाधिकारी घर-घर जाकर ऐसी नवविवाहित महिलाओं के नाम मतदाता सूची में जुड़वाएं जो शादी के बाद ससुराल आई हैं, तथा सामूहिक विवाह योजना की लाभार्थी महिलाओं को भी चिन्हित करें। इस कार्य में आंगनबाड़ी, आशा बहू, आजीविका मिशन, स्वयं सहायता समूह और बीसी सखी बहनों से भी संपर्क व सहयोग लिया जाए।अभियान जिला संयोजक आशीष बाजपेई 'अटल' का संबोधन: अभियान के जिला संयोजक एवं निवर्तमान जिला महामंत्री आशीष बाजपेई 'अटल' ने तकनीकी बारीकियों की जानकारी देते हुए बताया कि 22, 23 और 24 नवंबर को प्रत्येक बूथ पर विशेष अभियान चलेगा। इसी तरह 1 से 3 दिसंबर तक ह्ययुवा मतदाता जोड़ो अभियानह्ल चलाकर 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं को जोड़ा जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नए मतदाता जोड़ने के लिए फॉर्म-6, अपात्र या मृतक मतदाता का नाम कटवाने के लिए फॉर्म-7 तथा नाम, आयु, फोटो में संशोधन या स्थानांतरण के लिए फॉर्म-8 (ऑनलाइन या ऑफलाइन) भरवाया जाए। कार्यकर्ता कमल साथी ऐप और सरल ऐप का भी पूरा उपयोग करें।विधानसभा प्रभारी अनुभव कक्कड़ ने संगठनात्मक तैयारियों पर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि शक्ति केंद्र संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष और बीएलए-2 आपसी समन्वय से बूथ स्तर पर बैठक कर घर-घर संपर्क की योजना बनाएं। उन्होंने कहा कि 13 दिसंबर को अभियान की समीक्षा बैठक होगी, इसलिए प्रत्येक मंडल व शक्ति केंद्र पर प्रतिदिन के कार्यों की नियमित मॉनीटरिंग व रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जाए। कार्यशाला डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी और पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी के चित्रों पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन वंदे मातरम गायन के साथ विधिवत प्रारंभ हुई। संचालन विधानसभा अभियान संयोजक (मतदाता सूची प्रमुख) समीर शुक्ला ने किया। समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। पीपीटी के माध्यम से अभियान और कमलसाथी ऐप की जानकारी प्रस्तुत की गई।*भगवंतनगर की कार्यशाला में मंच पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शकुन सिंह, विधायक आशुतोष शुक्ला, विधानसभा प्रभारी अनुभव कक्कड़, अभियान जिला संयोजक आशीष बाजपेई 'अटल', जिला मीडिया प्रभारी व विधानसभा अभियान संयोजक (मतदाता सूची प्रमुख) समीर शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष आनंद अवस्थी, जिला मंत्री जितेंद्र प्रताप सिंह पटेल, जिला कार्यालय मंत्री रमेश तिवारी 'कल्लू', आईटी सहसंयोजक प्रदीप सिंह, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद नारायण शुक्ल, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष अजय बाजपेई सहित सभी मंडल अध्यक्ष—धीरज शुक्ला (बदरका), रमा गुप्ता (सिकन्दरपुर कर्ण), विवेक सैनी (बीघापुर), धीरेंद्र सिंह 'नीरज' (धानीखेड़ा) और आशीष बाबा लोधी (सुमेरपुर) आसीन रहे। सभागार में विधानसभा विस्तारक नित्यानंद तिवारी, सभी मंडल प्रभारी, मंडल महामंत्री, मंडल पदाधिकारी, शक्तिकेंद्र संयोजक एवं शक्तिकेंद्र प्रभारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

18वें गोपाष्टमी महोत्सव का भव्य समापन

मोहम्मद सईद तहसील प्रभारी गोला सुनहरा संसार दैनिक समाचार पत्र



गोला गोकर्णनाथ लखीमपुर खीरी 18वें गोपाष्टमी महोत्सव का समापन बड़े ही श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ हुआ। महोत्सव के अंतिम दिवस पर श्री धर्मार्द समिति गौशाला की ओर से गौशाला प्रांगण में हवन-पूजन एवं विशाल प्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में शामिल हुए संस्थानों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले 500 से अधिक स्कूली बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। भंडारे में हलवा, पूड़ी एवं सब्जी का भोग लगाकर सर्वप्रथम कन्याओं को प्रसाद वितरित किया गया। इसके पश्चात श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गोपाष्टमी महोत्सव के अंतिम दिवस पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम को सफल बनाया तथा प्रसाद ग्रहण कर गौ माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर छोटी काशी गोला नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' ने गोपाष्टमी महोत्सव के समापन समारोह में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने वाले गोला नगर एवं क्षेत्रवासियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए सभी को धन्यवाद दिया। महोत्सव का समापन भक्तिमय वातावरण, उत्साह एवं गौसेवा के संकल्प के साथ हुआ।

थाना खमरिया पुलिस द्वारा पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

सुनहरा संसार ब्यूरो प्रमुख जियाउल्ला खान



लखीमपुर खीरी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 ख्याति गर्ग द्वारा वान्छित/वारण्टी अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी महोदय के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी धौरहरा महोदय के कुशल मार्गदर्शन तथा थानाध्यक्ष खमरिया के नेतृत्व में थाना खमरिया पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 17.11.2026 को थाना खमरिया पर पंजिकृत अभियोग सम्बन्धित मु0अ0सं0 - 425/2026 धारा -75(2)/352/351(3)बीएनएस ,9(1)/10 पाक्सो एक्ट थाना खमरिया, खीरी से सम्बंधित 01 नफर वांछित अभि0 लक्ष्मी कान्त शुक्ला पुत्र बह

राष्ट्रीय स्तर पर चमका श्रीकरणपुर : यातायात पार्क के अनूठे नवाचार के लिए केंद्र सरकार ने किया सम्मानित

राम भरोसे शर्मा श्री करनपुर



श्रीकरणपुर। भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा के समीप बसे श्रीकरणपुर शहर ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अनूठी पहचान कायम की है। नगर पालिका श्रीकरणपुर द्वारा विकसित 'यातायात एवं सड़क सुरक्षा उद्यान' के नवाचार को केंद्र सरकार के प्रतिष्ठित पुरस्कार से नवाजा गया है। मंगलवार, 17 नवंबर को उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में आयोजित भव्य राष्ट्रीय सम्मान समारोह में भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने नगर पालिका श्रीकरणपुर को सम्मानित किया। नगर पालिका की ओर से यह गौरवशाली सम्मान पालिकाध्यक्ष विनय तनेजा और अधिशासी अधिकारी (ईओ) संदीप बिश्नोई ने ग्रहण किया। भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित 'राष्ट्रीय शहरी शिक्षण मंच' (एन.यू.एल.पी.) पर देशभर के नगरीय निकायों से नवाचार आमंत्रित किए गए थे। इस मंच पर मुंबई, दिल्ली और कोलकाता जैसे देश के बड़े महानगरों व नगर निगमों ने भी अपनी प्रविष्टियां भेजी थीं। इन सभी को पछाड़ते हुए लगभग 20 हजार की आबादी वाले सीमावर्ती कस्बे श्रीकरणपुर की नगर पालिका ने निर्णायक मंडल को खासा प्रभावित किया। देशभर से चुने गए 201 सर्वश्रेष्ठ नवाचारों में श्रीकरणपुर को अंतिम रूप से विजेता घोषित किया गया। विशेष गौरव की बात यह है कि पूरे राजस्थान प्रदेश से इस राष्ट्रीय सम्मान के लिए चयनित होने वाला श्रीकरणपुर एकमात्र नगरीय निकाय है। नगर पालिका प्रशासन ने इस यातायात उद्यान को इस उद्देश्य के साथ विकसित किया है कि यह स्थान केवल सुबह-शाम की सैर या मनोरंजन तक सीमित न रहे, बल्कि भावी पीढ़ी के लिए एक जीवंत पाठशाला भी बने। इस उद्यान में सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी प्रमुख नियमों, यातायात संकेतों, नियमों की अनदेखी पर लगने वाले जुर्माने के प्रावधानों और सड़क दुर्घटनाओं के मुख्य कारणों को बेहद सरल और आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया है। इसके माध्यम से बच्चों और आम नागरिकों में बचपन से ही यातायात अनुशासन के प्रति जागरूकता पैदा की जा रही है।

पालिका प्रशासन ने जताया आभार

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर नगर पालिका प्रशासन ने समस्त क्षेत्रवासियों, जनप्रतिनिधियों, पार्षद मंडल तथा नगर पालिका के उन समर्पित अधिकारियों व कर्मचारियों की पूरी टीम को बधाई दी है, जिन्होंने दिन-रात मेहनत कर यातायात उद्यान की इस परिकल्पना को धरातल पर उतारा और सीमावर्ती शहर श्रीकरणपुर को राष्ट्रीय मानचित्र पर प्रतिष्ठित किया।

श्री धमार्दा समिति गौशाला में सप्त दिवसीय 18वें गोपाष्टमी महोत्सव का हवन-पूजन, गौ-पूजन, सम्मान समारोह एवं भंडारे के साथ हुआ भव्य समापन

सुनहरा संसार,अनुराग मिश्र



गोला गोकर्णनाथ। कुम्हारन टोला स्थित श्री धमार्दा समिति गौशाला में आयोजित सात दिवसीय 18वें गोपाष्टमी महोत्सव का समापन हवन-पूजन, गौ-पूजन, सम्मान समारोह एवं विशाल भंडारे के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। महोत्सव के सातवें एवं अंतिम दिन कार्यक्रम का शुभारंभ आर्य समाज के आचार्य अवधेश मिश्रा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन के साथ किया गया। हवन के उपरांत मुख्य अतिथि जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी अंजनी कुमार सिंह, मुख्य वक्ता अयोध्या धाम से पधारे डॉ. जयराम दास वेदांती, विशिष्ट अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद मिश्रा, पूर्व चेयरमैन एलडीबी बैंक उत्तर प्रदेश सुर्जन लाल वर्मा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष विजय महेश्वरी, भाजपा नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार, वरिष्ठ नेता अशोक सक्सेना एवं कार्यक्रम अध्यक्ष तथा भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष शरद बाजपेयी ने गौ-पूजन कर सम्मान समारोह का शुभारंभ किया। गोपाष्टमी महोत्सव के अंतर्गत 14 एवं 15 नवंबर की शाम विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले लगभग 98 बच्चों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं, 13 नवंबर को आयोजित गौ-ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली समृद्धि, द्वितीय स्थान पर रहे ध्रुव त्रिपाठी, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली सुषमा देवी, चतुर्थ स्थान पर रहे कृष्णा मिश्र एवं पंचम स्थान प्राप्त करने वाले सरस को भी पुरस्कृत किया गया। महोत्सव के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान करने वाली संस्थाओं रोट्रेक्ट क्लब गोला यूथ, स्वर्गीय छोटेलाल दीक्षित स्मृति फाउंडेशन, सृजन फाउंडेशन, गोला कोचिंग एसोसिएशन, गोला टूरिज्म संगठन, विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य कल्याण समिति, लायंस क्लब, भारत विकास परिषद गोला, भारत विकास परिषद छोटी काशी गोला, रोट्रेक्ट क्लब छोटी काशी गोला, उन्नकिसेस कृषि संस्थान, पैरामाउंट कम्पटीशन क्लासेज एवं आर्य समाज के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि गौ-सेवा करना आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक, दोनों ही दृष्टियों से श्रेष्ठ कार्य है। उन्होंने गौ-सेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। मुख्य वक्ता डॉ. जयराम दास वेदांती ने कहा कि गौ-माता की हत्या पर प्रतिबंध लगाने की दिशा में जो भी कदम उठाएगा, संत समाज सदैव उसका समर्थन करेगा। महोत्सव के आयोजक एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पारिवारिक संस्कारों, गुरुजनों की दीक्षा और ईश्वर की कृपा से उन्हें गौ-माता की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि गौ-माता की सेवा के आशीर्वाद से ही आज उन्हें नगर के प्रथम सेवक के रूप में कार्य करने का अवसर मिला है।

भल्लिया बुजुर्ग बस अड्डे पर छुट्टा घोड़े बन रहे मुसीबत, नेशनल हाईवे पर हादसे का डर

सुनहरा संसार,अनुराग मिश्र



गोला गोकर्णनाथ खीरी। नेशनल हाईवे 730 पर भल्लिया बुजुर्ग मोड़ के आसपास छुट्टा घोड़े सड़क पर ही टहल रहे हैं,जिससे नेशनल हाईवे पर गुजरने वाले वाहन दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। बतादें कि क्षेत्र में कई ईंट भट्ठा संचालित है, जिन पर घोड़ागाड़ी से ईंटों की ढुलायी की जाती है, घोड़ा बूढ़ा या चोटिल होने पर घोड़ा मालिक उसे छुट्टा छोड़ देरहे हैं। जो अक्सर नेशनल हाईवे पर गुजरने वाले वाहनों से टकरा जाते हैं।घोड़ा से टकराकर कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं।लोगों का कहना है कि घोड़ा मालिक पर कार्यवाही की जानी चाहिए।

समेजा कोठी में राजविन्द्र कौर सरपंच बनी

सतवीर सिंह मेहरा



समेजा कोठी। पंचायत चुनाव सरपंच पद दिनांक 16 को व उपसरपंच चुनाव दिनांक 17 को सम्पन्न हुए।समेजा कोठी में 90 प्रतिशत मतदान हुआ। देर रात वार्ड पंच व सरपंच के नीतिजे घोषित किए गए।परिणाम में वार्ड 2 में दौलतराम विश्नोई पंच पद पर 36 मतो से रमेश शर्मा से विजय हुए।वही समेजा कोठी में महिला सरपंच राजविंद्र कौर उम्मीदवार किरण मेघवाल से 13 मतों से विजय हुई।समेजा कोठी में उपसरपंच दर्शना शर्मा बनी। ग्राम पंचायत 2 एलपीएम में उच्च शिक्षित महिला सरपंच आशा धीर उम्मीदवार भजन लाल से 15 वोटो से विजय हुई। ग्राम पंचायत लालपुरा में उच्च शिक्षित महिला सरपंच बनने से आमजन में खुशी की लहर है। ग्राम पंचायत 75 एनपी में सरपंच राजविन्द्र कौर उम्मीदवार लखवीर कौर से 208 वोटो से विजय हुई।

गढ़ गंगा मेले में हुड़दंग करने वालों पर हापुड़ पुलिस का शिकंजा, 10 रेसिंग बुग्गी सीज मॉडिफाइड साइलेंसर बुलेट पर ताबड़तोड़ कार्रवाई, मेला मार्गों पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस का पहरा

राष्ट्रीय सुनहरा संसार/दीपक कुमार ब्यूरो चीफ हापुड़



हापुड़ / गढ़मुक्तेश्वर, ऐतिहासिक गढ़ गंगा मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हापुड़ पुलिस ने सख्त रुख अपना लिया है। हुड़दंगियों और तेज रफ्तार व स्टंटबाजों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 रेसिंग बुग्गी को सीज किया है और मॉडिफाइड साइलेंसर लगी बुलेट मोटरसाइकिलों पर ताबड़तोड़ चालान व सीज की कार्रवाई की है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि मेले में शांति भंग करने वालों की अब खैर नहीं है। मेला मार्गों पर जगह-जगह बैरिकेडिंग लगाकर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। बिना नंबर प्लेट, तेज आवाज वाले साइलेंसर और रेसिंग करने वाले वाहनों को चिन्हित कर उनके खिलाफ MV एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। एसपी के निर्देश पर गढ़, बाबूगढ़ और आसपास के थाना क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिसकर्मी तैनात हैं और ड्रोन व CCTV से भी निगरानी की जा रही है। पुलिस ने युवाओं से अपील की है कि मेले की गरिमा बनाए रखें, अन्यथा सख्त कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

चार दिन लगेंगे विशेष अभियान, इछड सुबह 10 से शाम 4 बजे तक बूथों पर रहेंगे मौजूद - मतदाताओं से नाम चेक करने की अपील

राष्ट्रीय सुनहरा संसार/दीपक कुमार ब्यूरो चीफ हापुड़

हापुड़, जनपद हापुड़ में विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2027 की शुरूआत हो गई है। अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए दावा-आपत्ति दाखिल करने की प्रक्रिया 17 नवंबर 2026 से 16 दिसंबर 2026 तक चलेगी।प्रशासन द्वारा इस अवधि में चार विशेष अभियान की तिथियां भी निर्धारित की गई हैं - 1. 21 नवंबर 2026 (शनिवार)

2. 22 नवंबर 2026 (रविवार)

3. 28 नवंबर 2026 (शनिवार) 4. 29 नवंबर 2026 (रविवार) विशेष अभियान के दिनों में प्रत्येक मतदेय स्थल पर बूथ लेवल अधिकारी (इछड) प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक उपस्थित रहेंगे। इस दौरान मतदाता सूची में नया नाम जोड़ने के लिए फार्म-6, नाम विलोपन/अपमार्जन के लिए फार्म-7 और किसी प्रविष्टि में संशोधन के लिए फार्म-8 स्वीकार किए जाएंगे। इछड के पास पर्याप्त संख्या में फार्म 6, 7, 8 और 10 अप्रैल 2026 को प्रकाशित मूल निर्वाचक नामावली व उसके बाद की सभी पूरक सूचियां उपलब्ध रहेंगी।प्रशासन ने बताया कि विशेष कैंप में आने वाले मतदाता अपना नवीनतम फोटो, जन्मतिथि और निवास संबंधी अभिलेखों की स्व-प्रमाणित छायाप्रति साथ लाएं। यदि परिवार के किसी सदस्य का एडक्ट नंबर उपलब्ध है तो वह भी साथ लाना होगा। जिला प्रशासन ने जनपद के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे स्वयं और अपने परिवार के सदस्यों का नाम मतदाता सूची में अवश्य जांच लें। नाम की जांच इछड के पास उपलब्ध सूची, वेबसाइट तथा प्ले स्टोर से और डाउनलोड कर की जा सकती है।

यदि नाम सूची में नहीं है तो फार्म-6 और संशोधन के लिए फार्म-8 भरकर इछड को जमा कर रसीद प्राप्त कर लें। ये फार्म ऑनलाइन माध्यम से भी सबमिट किए जा सकते हैं। फार्म भरते समय नाम, मोबाइल नंबर और पिन कोड सहित पूरा पता सही-सही भरें और आवश्यक दस्तावेज व नवीनतम फोटो अपलोड करें।

भारत निर्वाचन आयोग Election Commission of India

आंवला जंगल आये तीन प्रवासी हाथी महेशपुर लौटे, वन विभाग निगरानी में जुटा,

सुनहरा संसार,अनुराग मिश्र



गोला गोकर्णनाथ खीरी। दक्षिण खीरी वन प्रभाग की महेशपुर रेंज पहुंचे प्रवासी तीनों हाथी सोमवार ककरहा बीट होते हुए आंवला बीट के जंगल में पहुंचे थे। जो सोमवार रात पुनः उसी मार्ग से महेशपुर के जंगलों में लौट गये हैं।वन विभाग की टीम हाथियों की निगरानी कर रही है। प्रवासी हाथियों के इलाके में पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत फैली हुई थी, वहीं वन विभाग की निगरानी टीमों ने हाथियों पर नजरें बनाये रखी हैं। जानकारी के अनुसार दो दिन पहले जंगल के रास्ते से आये नेपाली हाथियों ने शाहजहांपुर-गोला स्टेट हाइवे को पार किया था। इसके बाद वह ककरहा बीट होते हुए आंवला बीट तक पहुंचे थे। अब हाथी पश्चिम से निकलकर पूरब के इलाके में विचरण कर रहे हैं। दिन में वह जंगल के अंदर रहते हैं और रात होते ही जंगल से बाहर निकल आते हैं। इससे फसलों को नुकसान का खतरा बढ़ गया है।हाथी जंगल से निकलकर गन्ने और लाही की फसल को रौंदकर और खाकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। सबसे ज्यादा परेशानी उन किसानों को हो रही है, जो जंगली जानवरों और गोवंशीय पशुओं से फसल बचाने के लिए खेतों में बने मचानों पर रात गुजारते हैं। हाथियों के डर से ग्रामीण मचान छोड़ने को मजबूर हैं। इस संबंध में वन दरोगा माया प्रकाश वर्मा ने बताया कि तीनों हाथी आंवला जंगल इलाके से निकलकर सोमवार रात महेशपुर की ओर लौट गए हैं, जिनकी लगातार निगरानी की जा रही है। ग्रामीणों से भी अपील की गई है कि वह रात में जंगल की तरफ न जाएं और हाथियों को छेड़ने का प्रयास न करें।

थाना सिंगाही पुलिस द्वारा 01 नफर वांछित वारण्टी गिरफ्तार

सुनहरा संसार ब्यूरो प्रमुख जियाउल्ला खान



लखीमपुर खीरी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक , डॉ0 ख्याति गर्ग द्वारा सम्पूर्ण जनपद में चलाए जा रहे वांछित/वारण्टी अभियुक्त की गिरफ्तारी के अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी (पूर्वी) महोदय के सन्निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी निघासन महोदय के कुशल मार्गदर्शन व थानाध्यक्ष सिंगाही के कुशल नेतृत्व में थाना सिंगाही पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त लल्लू पुत्र परशुराम पासी निवासी ग्राम नौरंगाबाद थाना सिंगाही जनपद खीरी उम्र करीब 42 वर्ष सम्बन्धित मु0सं0-406/21 अन्तर्गत धारा 60 ए७ अउळ थाना सिंगाही तारीख पेशी 14.12.2026 न्यायालय मुख्य न्यायधिक दण्डाधिकारी लखीमपुर खीरी को उनके घर ग्राम नौरंगाबाद थाना सिंगाही जनपद खीरी से आज दिनांक 17.11.2026 को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारशुदा वारण्टी अभियुक्त उपरोक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा गया। गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्तगण का नाम व पताः-

1.लल्लू पुत्र परशुराम पासी निवासी ग्राम नौरंगाबाद थाना सिंगाही जनपद खीरी उम्र करीब 42 वर्ष ।

गिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 श्री गंगा सिंह यादव थाना सिंगाही जनपद खीरी ।

2.का0 मो० उमर थाना सिंगाही जनपद खीरी।

3.का० पुष्पेन्द्र कुमार थाना सिंगाही जनपद खीरी।

पीलीभीत की तहसील अमरिया मे कानूनगो एवं लेखपाल व ग्राम प्रशासक पति मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं

सुनहरा संसार क्राइम ब्यूरो चीफ आमिर मलिक की रिपोर्ट पीलीभीत



पीलीभीत की तहसील अमरिया क्षेत्र में ग्राम पंचायत जगत सरकारी भूमि पर कुछ भूमाफियाओं का कब्जा था जो के पूर्व में उप जिलाधिकारी ने जाकर दबंगों से सरकारी भूमि खाली कराकर उप जिलाधिकारी ने सरकारी भूमि दबंग से मुक्त कर ली गई थी जिसमें रेगिस्तान की भूमि 200एकड लगभग ज्यादा है जिसमें ग्राम पंचायत जगत प्रधान पति छोटा बख्स व प्रधान पुत्र उबैश अन्सारी ने बगैर मेंबरों के फर्जी हस्ताक्षर कर के एक फर्जी प्रस्ताव तैयार किया गया जिसमें रक्कगड़बड़ी करने वाले सस्पेंड उप जिलाधिकारी हेमंत कुमार चौधरी पूर्व तहसीलदार विदेय सिंह को प्रधान पति छोटा बख्स व उसका पुत्र उबैश ने मोटा पैसा देकर फर्जी 19 खतौनिया पट्टे धारकों के नाम बनवाई जिसमें ग्राम पंचायत जगत में सरकारी भूमि जो की रेगिस्तान में जमीन दर्ज है जिसमें फर्जी उप जिलाधिकारी तहसीलदार लेखपाल जोगिंदर गंगवार वह उसका प्राइवेट चेला पवन तिवारी , कानूनगो महेंद्र कुमार चकबंदी लेखपाल, जगत पंचायत प्रधान नजमा पति छोटा वख्स का पुत्र उबैश अन्सारी जो कि ग्राम पंचायत मे प्रधानी का सरकारी दस्तावेजों में खुलेआम कार्य कर रहा है जिसमें पूर्व तहसीलदार विदेय सिंह ने फर्जी राजस्व विभाग की टीम गठित की जिसमें ग्राम पंचायत जगत का लेखपाल जोगिंदर गंगवार जो की अपने प्राइवेट चले से सरकारी दस्तावेजों पर कार्य करवाता है और गरीब लोगों से सरकारी कार्य करने पर मोटा पैसा प्राप्त करता है जिसमें लेखपाल जोगेंद्र बाबू कानूनगो महेंद्र सिंह चकबंदी लेखपाल मुकेश राणा ग्राम प्रधान नजमा पति छोटा बख्स व उसका पुत्र उबैश सरकारी भूमि पर ग्राम पंचायत जगत के अमीर लोगों से हर पट्टों पर 120000 प्रति पट्टो धारकों से 19 पट्टेधारकों से मोटा पैसा लिया गया जिसमें प्रधान पति छोटा वख्स उसका पुत्र उबैश जो की अपने आप को बहुत बड़ा बदमाश बनता है लेखपाल जोगिंदर गंगवार एवं कानूनगो महेंद्र सिंह ने मोटा पैसा लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश में 99 साल के कोई पट्टे आवंटन करने के आदेश नहीं दिए गए हैं जब भी ग्राम पंचायत जगत का प्रधान पति छोटा बख्स व प्रधान पुत्र उबैश व लेखपाल जोगिंदर गंगवार कानूनगो महेंद्र कुमार चकबंदी लेखपाल की मिली भगत से भूमिधर पट्टों की नापत की गई जिसमें कुल पांच पट्टो धारको को जमीन नापी गई बाकी 15 लोगों को भूमिधर जमीन लेखपाल जोगिंदर गंगवार कानूनगो महेंद्र कुमार चकबंदी लेखपाल प्रधान पति ब उसका का पुत्र जमीन नपवाता तब यह बात पत्रकारों को मालूम होने पर अमरिया उपजिला अधिकारी मंधाता प्रताप सिंह को फर्जी पट्टों की बात संज्ञान में पहुंची उप जिलाधिकारी ने तत्काल फर्जी पट्टों पर नापने के लिए तत्काल लेखपाल जोगिंदर गंगवार से फोन पर कहा कि आप किसके आदेश पर भूमिधर पट्टे नापे जा रहे हैं उपजिलाधिकारी अमरिया ने नपत तत्काल बंद कराई इसमें साफ जाहिर हो रहा है लेखपाल जोगिंदर बाबू ब कानूनगो महेंद्र कुमार चकबंदी लेखपाल उप जिलाधिकारी के आदेश को नहीं मान रहे हैं जो की लेखपाल जोगिंदर गंगवार ने मोटा पैसा लेकर प्रधान पति पुत्र उबैश से लगातार कहा जा रहा है कि तहसील से उपजिलाधिकारी पीलीभीत निकल जाएंगे जब पट्टो धारकों को पट्टे नाप दिए जाएंगे जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का आदेश 5 वर्षीय हरियाली पट्टे करने का आदेश है जो की जिसमें हरे-भरे पेड़ों को लगाया जाए उसमें भी कोई फसल ना बोई जाये ग्राम पंचायत प्रधान नजमा पति छोटा बख्श व उसका पुत्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के आदेशों की खुलेआम राजस्व विभाग लेखपाल व कानूनगो जगत प्रधान मुख्यमंत्री जी के आदेश की धज्जियां उड़ाई जा रही है जिसमें भारतीय जनता पार्टी में सरकार में राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार जी के नाम पर ग्राम प्रधान नजमा बेगम पति छोटा बख्स व उसका पुत्र उबैश अन्सारी का कहना है कि राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार जी ने 99 साल भूमिधर पट्टे करवा रहे हैं जिसमें भारतीय जनता पार्टी की सरकार में राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार जी की छवि को खुलेआम धूमिल किया जा रहा है ।

घड़साना पंचायत समिति की नव सृजित ग्राम पंचायत 1 जीडी ए से निर्विरोध निर्वाचित वार्ड पंच वार्ड नंबर 3 से गोविंद राम राजपूत निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं

महेन्द्र पाल मेघवाल



पुरानी मंडी घड़साना घड़साना पंचायत समिति की नव सृजित ग्राम पंचायत 1 जीडी ए से निर्विरोध निर्वाचित वार्ड पंच वार्ड नंबर 3 से गोविंद राम राजपूत निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। उनके निर्विरोध निर्वाचन से समर्थकों एवं ग्रामीणों में खुशी की लहर है। ग्रामीणों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्वल कार्यकाल की कामना की। गोविंद राम राजपूत ने सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे वार्ड के विकास, जनसमस्याओं के समाधान और गांव की प्रगति के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

17 एमडी ग्राम पंचायत की नव निर्वाचित सरपंच बनीं वीरपाल कौर, समर्थकों में खुशी की लहर

महेन्द्र पाल मेघवाल



घड़साना। घड़साना पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 17 एमडी से वीरपाल कौर धर्मपत्नी हरजिंद्र सिंह संधू ने सरपंच पद का चुनाव जीतकर नव निर्वाचित सरपंच बनने का गौरव हासिल किया। उनकी जीत की खबर मिलते ही समर्थकों एवं ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों एवं समर्थकों ने वीरपाल कौर को जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। नव निर्वाचित सरपंच वीरपाल कौर ने सभी मतदाताओं और ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए ग्राम पंचायत के विकास, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करने का संकल्प जताया

22 एमडी ग्राम पंचायत की नव निर्वाचित सरपंच बनीं राधा मेघवाल, समर्थकों में खुशी की लहर

महेन्द्र पाल मेघवाल (घड़साना)



घड़साना। घड़साना पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 22 एमडी से राधा धर्मपत्नी लालचंद मेघवाल ने सरपंच पद का चुनाव जीतकर नव निर्वाचित सरपंच बनने का गौरव हासिल किया। उनकी जीत की खबर मिलते ही समर्थकों एवं ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों एवं समर्थकों ने राधा मेघवाल को जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। नव निर्वाचित सरपंच राधा मेघवाल ने सभी मतदाताओं और ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए ग्राम पंचायत के विकास, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प जताया

6 एसकेएम ग्राम पंचायत की नव निर्वाचित सरपंच बनीं रानी धर्म पत्नी सोहनलाल बाबरी, समर्थकों में खुशी की लहर

महेन्द्र पाल मेघवाल (घड़साना)



घड़साना। घड़साना पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 6 एसकेएम से रानी धर्मपत्नी सोहनलाल बाबरी ने सरपंच पद का चुनाव जीतकर नव निर्वाचित सरपंच बनने का गौरव हासिल किया। उनकी जीत की खबर मिलते ही समर्थकों एवं ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों एवं समर्थकों ने रानी बाबरी को जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। नव निर्वाचित सरपंच रानी धर्म पत्नी सोहनलाल बाबरी ने सभी मतदाताओं और ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए ग्राम पंचायत के विकास, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण से कार्य करने का संकल्प जताया

वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी रेलवे स्टेशन पर विशेष टिकट चेकिंग अभियान, 40 मामलों से 40,000 का जुमार्ना वसूल

ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झांसी मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा के निर्देशन में चलाया गया विशेष टिकट चेकिंग अभियान। रेल प्रशासन द्वारा यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने, बिना टिकट एवं अनियमित टिकट पर यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाने तथा रेलवे राजस्व में वृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दिनांक 17 नवम्बर 2026 को झांसी रेलवे स्टेशन पर विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ऊट पंकज त्रिपाठी के नेतृत्व में मुख्य टिकट निरीक्षक (CTI) मनोहर लाल मीणा, अशोक त्रिपाठी, के.पी. अर्नो, नवीन व्यास, संजय दीक्षित एवं पी.एन. सोनी सहित टिकट चेकिंग स्टाफ ने सक्रिय रूप से भाग लिया। अभियान के दौरान कुल 40 मामले पकड़े गए तथा उनसे ?40,000 का जुमार्ना वसूल किया गया। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों से अपील की जाती है कि वे उचित एवं वैध यात्रा टिकट लेकर ही रेल यात्रा करें तथा रेलवे के नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित और सुगम यात्रा में सहयोग प्रदान करें। इस प्रकार के टिकट चेकिंग अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

एनडीपीएस एक्ट के 04 आरोपी अभियुक्तों को जेल में बिताई गई अवधि प्रत्येक अभियुक्त को 10,000-10,000/- हजार रु0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया

ब्यूरो एएच सिद्दीकी

झांसी दिनाँक 08.04.2023 को वादी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना लहचूरा पर मु.अ.सं. 71/2023 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। उपरोक्त के संबंध में झाँसी पुलिस एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता द्वारा माननीय न्यायालय में प्रभावी पैरवी की जा रही थी, जिस क्रम में आज दिनाँक 17.11.2026 को मा0 न्यायालय एडीजे/एनडीपीएस कोर्ट झाँसी द्वारा अभियुक्तगण- 1. अरविन्द राजपूत पुत्र राजाराम निवासी खंदरका थाना-लहचूरा, जिला-झाँसी, 2. प्रवीन मिश्रा पुत्र मुरलीधर निवासी अयोध्यापुरा गनेश चौराहा थाना-सीपरी बाजार, झाँसी, 3. महादेव राय पुत्र नन्दराम राय निवासी सोनकपुरा थाना-लहचूरा, जनपद-झाँसी, 4. भारत सिंह यादव पुत्र स्व0 प्रताप सिंह निवासी पिछोर मेडिकल थाना-नवाबाद, झाँसी को जेल में बिताई गई अवधि की सजा व प्रत्येक अभियुक्त को 10,000/-10,000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। दण्डित कराने में विशेष लोक अभियोजक दीपक तिवारी, विवेचक उ0नि0 अजय कुमार, कोर्ट मोहरिर म0का0 सुधा, पैरोकार का0 राम मनोहर, थाना-लहचूरा, जनपद-झांसी का विशेष योगदान रहा।

2 जीडीबी ग्राम पंचायत की नव निर्वाचित सरपंच बनीं अतवीर कौर गिल, समर्थकों में खुशी की लहर

महेन्द्र पाल मेघवाल घड़साना



घड़साना। घड़साना पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 2 जीडीबी से अतवीर कौर धर्मपत्नी संदीप गिल ने सरपंच पद का चुनाव जीतकर नव निर्वाचित सरपंच बनने का गौरव हासिल किया। उनकी जीत की खबर मिलते ही समर्थकों एवं ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों एवं समर्थकों ने अतवीर कौर को जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। नव निर्वाचित सरपंच अतवीर कौर ने सभी मतदाताओं और ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए ग्राम पंचायत के विकास, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण से कार्य करने का संकल्प जताया

2 एमजीएमबी ग्राम पंचायत के सरपंच बने अब्दुल गनी, समर्थकों में खुशी की लहर

महेन्द्र पाल मेघवाल घड़साना



घड़साना पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 2 एमजीएमबी से अब्दुल गनी ने सरपंच पद का चुनाव जीतकर नव निर्वाचित सरपंच बनने का गौरव हासिल किया। उनकी जीत की खबर मिलते ही समर्थकों एवं ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों एवं समर्थकों ने अब्दुल गनी को जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। नव निर्वाचित सरपंच अब्दुल गनी ने सभी मतदाताओं और ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए ग्राम पंचायत के विकास, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण से कार्य करने का संकल्प जताया

3 डीडीए ग्राम पंचायत की सरपंच बनीं जमना देवी, श्री अर्जुन मेघवाल की माताजी ने चुनाव में हासिल की जीत

महेन्द्र पाल मेघवाल घड़साना



घड़साना पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 3 डीडीए से जमना देवी ने सरपंच पद का चुनाव जीतकर नव निर्वाचित सरपंच बनने का गौरव हासिल किया। जमना देवी, श्री अर्जुन मेघवाल की माताजी हैं। उनकी जीत की खबर मिलते ही समर्थकों एवं ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों एवं समर्थकों ने जमना देवी को जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। नव निर्वाचित सरपंच जमना देवी ने सभी मतदाताओं और ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए ग्राम पंचायत के विकास, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण से कार्य करने का संकल्प जताया

बंटाई के 15 हजार रुपये मांगने पर मारपीट, बीच-बचाव करने पहुंची महिला को भी पीटा

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक



अलीगंज/एटा। बंटाई पर ली गई जमीन के हिसाब में निकले 15 हजार रुपये मांगने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि बकाया रकम मांगने पहुंचे व्यक्ति के साथ आरोपियों ने मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर बीच-बचाव करने पहुंची महिला को भी नहीं बख्शा गया और उसके साथ भी मारपीट की गई। इतना ही नहीं, एक युवक पर अवैध तमंचा दिखाकर धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली अलीगंज पुलिस ने संबंधित आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मामला कोतवाली अलीगंज क्षेत्र के ग्राम कुंडेसा का है। गांव निवासी अशोक कुमार पुत्र लटूरी सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब चार वर्ष पूर्व उसने गांव के ही रामेश्वर दयाल की जमीन बंटाई पर ली थी। दीपावली से लगभग दस दिन पहले जमीन की उपज और हिसाब-किताब का निस्तारण 30 हजार रुपये में तय हुआ था। इसमें आधी धनराशि यानी 15 हजार रुपये अशोक कुमार को मिलने थे। गांव के कुछ संभ्रांत लोगों ने भी दीपावली पर उक्त धनराशि दिलाने का भरोसा दिलाया था।आरोप है कि 13 नवंबर की सुबह करीब आठ बजे अशोक कुमार अपने बकाया 15 हजार रुपये लेने के लिए रामेश्वर दयाल के घर पहुंचा। वहां रामेश्वर दयाल ने रुपये देने से इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और रामेश्वर दयाल का पुत्र अमित तथा उसका भाई अवनीश भी घर से बाहर आ गए। आरोप है कि तीनों ने मिलकर अशोक कुमार के साथ मारपीट शुरू कर दी।इस दौरान मारपीट होते देख अशोक कुमार के भाई की पत्नी वर्षा पत्नी महावीर उसे बचाने के लिए मौके पर पहुंच गई। आरोप है कि वहां मौजूद रामखिलाड़ी पुत्र मोतीलाल ने वर्षा को भी मारने के लिए उकसाया, जिसके बाद उसके साथ भी मारपीट की गई। तहरीर में पीड़ित ने अपने भतीजे के चोटिल होने की बात भी कही है। घटना के दौरान चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। इसी बीच आरोप है कि अमित अवैध तमंचे से धमकी देते हुए अपने घर चला गया। घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।पुलिस ने अशोक कुमार की तहरीर के आधार पर संबंधित आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। अब पुलिस मारपीट, महिला के साथ हुई कथित मारपीट तथा तमंचे से धमकी देने के आरोपों की जांच कर रही है।क्षेत्राधिकारी राजेश सिंह ने बताया कि मारपीट के मामले में पुलिस को तहरीर प्राप्त हुई थी। पीड़ित की शिकायत के आधार पर संबंधित आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। प्रकरण की निष्पक्षता से जांच की जा रही है। तमंचे से धमकी देने सहित लगाए गए अन्य आरोपों की भी जांच कराई जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

मंदिर परिसर से घंटियां चोरी, ग्रामीणों में आक्रोश; पीपल के पेड़ पर लगी घंटी भी ले उड़े चोर

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक



अलीगंज (एटा)। थाना जसरथपुर क्षेत्र के ग्राम हरिसिंहपुर में अज्ञात चोरों ने मंदिर परिसर को निशाना बनाते हुए धार्मिक आस्था से जुड़ी घंटियां चोरी कर लीं। चोर पीपल के पेड़ पर लगी एक बड़ी घंटी के साथ मंदिर परिसर में लगी कई छोटी घंटियां भी उतारकर ले गए। सुबह घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो गया। पीड़ित ने थाना जसरथपुर पहुंचकर पुलिस को लिखित शिकायत देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम हरिसिंहपुर निवासी सचिन पांडेय पुत्र नवीन चंद्र पांडेय के गांव स्थित बाबा गोविंद दास मंदिर परिसर में पीपल का एक पुराना पेड़ है, जिस पर श्रद्धालुओं की ओर से एक मध्यम आकार की घंटी लगाई गई थी। इसके अतिरिक्त मंदिर परिसर में भी कई छोटी-छोटी घंटियां लगी हुई थीं। आरोप है कि 16 नवंबर की रात अज्ञात चोरों ने मंदिर परिसर में प्रवेश कर पीपल के पेड़ पर लगी घंटी सहित मंदिर में लगी अन्य घंटियां चोरी कर लीं और मौके से फरार हो गए।अगली सुबह जब ग्रामीण मंदिर परिसर पहुंचे तो घंटियां गायब देखकर हैरान रह गए। देखते ही देखते घटना की जानकारी पूरे गांव में फैल गई और मंदिर परिसर में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। धार्मिक स्थल पर हुई इस चोरी की घटना को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिली। लोगों ने मंदिर परिसर में चोरी करने वाले अज्ञात चोरों का पता लगाकर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की।घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित के भतीजे अंबुज पांडेय ने तत्काल डायल 112 पर दूरभाष के माध्यम से पुलिस को सूचना दी। इसके बाद सचिन पांडेय थाना जसरथपुर पहुंचे और अज्ञात चोरों के विरुद्ध लिखित तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की।पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झांसी। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झांसी श्रीमती कमलेश कच्छल के कुशल मार्गदर्शन एवं मुन्नालाल सिविल जज सीनियर डिवीजन / प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झांसी के निदेर्शानुसार आज 17 नवंबर 2026 को 'सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन दिवस' के अवसर पर वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई राजकीय महिला महाविद्यालय, झांसी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तत्वावधान में एक दिवसीय स्वास्थ्य एवं विधिक जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक के रूप में उपस्थित स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. दीक्षा शर्मा तथा डॉ. अंशिका श्रीवास्तव ने महाविद्यालय की छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर के कारणों, प्रारंभिक लक्षणों, नियमित जांच एवं समय पर एचपीवी टीकाकरण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सही जानकारी, व्यक्तिगत स्वच्छता और समय पर चिकित्सकीय परामर्श अपनाकर इस गंभीर बीमारी की समय रहते रोकथाम संभव है। वहीं अमोघ फाउंडेशन की ओर से उपस्थित दंत चिकित्सक डॉ. कीर्ति बुंदेला ने छात्राओं को समग्र स्वास्थ्य, मुख स्वास्थ्य, संतुलित पोषण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, झांसी प्रतीक समाधिया ने छात्राओं को महिलाओं के संवैधानिक एवं विधिक अधिकारों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ, सुरक्षित एवं गरिमापूर्ण जीवन जीना प्रत्येक महिला का मौलिक अधिकार है। इसके साथ ही उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े प्रमुख कानूनों, निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) के हेल्पलाइन नंबर 15100 की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. डॉ. अनुराधा श्रीवास्तव ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की इस जनकल्याणकारी पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्राओं के शारीरिक, मानसिक एवं विधिक सशक्तीकरण में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं। शिविर के सफल आयोजन में प्राधिकरण के पराविधिक स्वयंसेवकों समीरा खान, नेहा ,

प्रीति शर्मा एवं शशि रायकवार की सक्रिय उपस्थिति व सहभागिता रही। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

जीआईसी क्रिकेट मैदान पर मिनेश प्रीमियर लीग का भव्य शुभारंभ, रोमांचक मुकाबलों में शिवपुरी, झांसी और दतिया की टीमों ने दर्ज की जीत

ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झांसी। जीआईसी क्रिकेट मैदान पर जिले की सबसे बड़ी टेनिस क्रिकेट लीग ऑल इंडिया ओपन मिनेश प्रीमियर लीग का 15 नवंबर से भव्य शुभारंभ हो चुका है। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न शहरों की कुल 16 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। इनमें दिल्ली, फिरोजाबाद, कौशांबी, नालंदा (बिहार), ग्वालियर, सागर, ललितपुर, शिवपुरी, मुरैना, दतिया सहित झांसी की कई टीमें शामिल हैं। 16 नवंबर को खेले गए मुकाबलों में पहला मैच डमरौन सरकार शिवपुरी और भाया-11 झांसी के बीच हुआ। मुख्य अतिथि बबीना विधायक राजीव सिंह परीक्षा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मुकाबले का शुभारंभ किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए डमरौन सरकार शिवपुरी ने निर्धारित 10 ओवर में 143 रन बनाए। हर्ष ने 42 और रक्षक ने 25 रनों का योगदान दिया। जवाब में भाया-11 झांसी की पूरी टीम 63 रनों पर सिमट गई। शिवपुरी ने 80 रनों से शानदार जीत दर्ज की। रक्षक को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में डॉक्टर कपिल-11 झांसी ने फौजी-11 झांसी को 27 रनों से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए डॉक्टर कपिल-11 ने 10 ओवर में 115 रन बनाए। छोटू मंडोर ने 42 और विवेक राज मिश्रा ने 32 रनों की उपयोगी पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी फौजी-11 की टीम निर्धारित ओवरों में 88 रन ही बना सकी। छोटू मंडोर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। तीसरे मुकाबले में जावेद टॉप स्टार क्लब ग्वालियर और द्वारकाधीश-11 झांसी आमने-सामने रहे। ग्वालियर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 89 रन बनाए। लवी संधू ने 24 रन बनाए। जवाब में द्वारकाधीश-11 झांसी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 8.3 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। अंकेश कुमार ने 47 रनों की बेहतरीन पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दिन का चौथा मुकाबला एएस एसोसिएट झांसी और शंकर-11 दतिया के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एएस एसोसिएट ने निर्धारित 10 ओवर में 109 रन बनाए। प्रभात यादव ने 41 और विवेक तिवारी ने 30 रनों का योगदान दिया। जवाब में शंकर-11 दतिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8.2 ओवर में पांच विकेट शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। किशन यादव ने 34 रन बनाए। जीतू कंजर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

प्रतियोगिता के सभी मुकाबलों में अंपायर की भूमिका जीतू मीणा और हंसराज मीणा ने निभाई, जबकि स्कोरर सनम, मैच रेफरी विवेक राज मिश्रा और कमेंटेटर सागर तिवारी रहे। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य आशू यादव, हफीज खान, मंगल यादव, शिवा यादव, घनश्याम मीणा, महेंद्र मीणा, प्रेम सिंह मीणा, जयकिशन मीणा, केदार मीणा, डॉक्टर कपिल शाक्य, रोहित यादव, फैलीराम मीणा, दशरथ मीणा, सुरेश मीणा, लेखराज मीणा, रतन मीणा, सीएल मीणा, भैया राम मीणा, कालूराम मीणा, मुनेश चंद मीणा और ओमप्रकाश मीणा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। टूर्नामेंट के आयोजक रामराज ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

कामाँ -जुरहरा : बादीपुर गोशाला में धूमधाम से मनाई गई गोपाष्टमी, गौ माता की हुई पूजा-अर्चना और आरती

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी



कामां - मंगलवार को भारतीय किसान संघ तहसील कामां एवं जुरहरा द्वारा गोपाल जी गौशाला बांदीपुर पर रूपी बाबा के सानिध्य में गोपाष्टमी पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में यतेंद्र गुलपाडिया द्वारा मंत्र उच्चारण करते हुए मंत्री गोपाल सिंह ने गौ माता की आरती उतारी। हुकम सिंह यादव ने गौ माता की पूजा-अर्चना कर माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने बताया कि भारतीय किसान संघ के चार बड़े पर्वों में गोपाष्टमी भी एक महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे आज भारतीय किसान संघ पूरे देश भर में हर्षोल्लास के साथ मना रहा है। गो आधारित खेती हमारे स्वास्थ्य के लिए आज बड़ी आवश्यकता है, इस पर भी प्रकाश डाला गया।

ज्ञान सिंह सतवास ने गौ माता के उद्घोष लगाए। राजेंद्र सिंह बाबूजी ने गौ माता के महत्व पर प्रकाश डाला। मोहनलाल शर्मा भगत जी, कामां द्वारा गौ माता का भजन सुनाया गया।

श्याम सिंह बांदीपुर ने गौ माता की सेवा करना परम धर्म बताया। हरिकिशन बांदीपुर, कलावटा, झमन सिंह, यादराम, अमर भाई, केसरी, चरणी आदि ने गौ माता को गुड़ खिलाकर पुण्य कार्य किया। रूपी बाबा ने कहा कि गौ सेवा करना मेरे जीवन का उद्देश्य है। उन्होंने कहा - मैं जीवन पर्यंत गौ माता की सेवा करता रहूंगा। मानव का यह परम धर्म है। गौ माता हमारी संस्कृति की पहचान और सबको सुख देने वाली है। इसी के साथ सभी पधारे हुए गौ भक्तों का आभार व्यक्त करते हुए सभी को धन्यवाद दिया।

भव्य देवी जागरण में रातभर गूंजे माता रानी के जयकारे, भजनों की मधुर धुन पर झूमे श्रद्धालु

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक



अलीगंज/एटा। क्षेत्र के ग्राम अमरोली रतनपुर में बीती रात श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के बीच भव्य देवी जागरण का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश पुलिस में कार्यरत उपदेश कुमार राजपूत की ओर से आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माता रानी के दरबार में हाजिरी लगाई। पूरे आयोजन के दौरान भक्ति और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। माता रानी के जयकारों तथा भजन-कीर्तन की मधुर स्वर लहरियों से संपूर्ण ग्राम का वातावरण देर रात तक भक्तिमय बना रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ कानपुर की सुप्रसिद्ध गायिका प्रिया जैन, अलीगढ़ की पायल जैन तथा कासगंज के प्रेम सिंह ने विधिवत गणेश वंदना प्रस्तुत कर किया। गणेश वंदना के उपरांत कलाकारों ने माता रानी के एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किए। गायकों की मधुर आवाज और भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। जैसे-जैसे भजनों का सिलसिला आगे बढ़ता गया, वैसे-वैसे श्रद्धालुओं का उत्साह भी बढ़ता गया। भक्त माता रानी के भजनों पर झूमते और जयकारे लगाते नजर आए।जागरण के दौरान धार्मिक प्रसंगों पर आधारित आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। मां काली की भव्य एवं मनोहारी झांकी ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं भगवान महादेव के रौद्र स्वरूप की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में विशेष प्रभाव छोड़ा। इसके साथ ही राधा-कृष्ण की मनमोहक भक्ति झांकियों ने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कलाकारों ने अपनी कला और शानदार प्रस्तुतियों के माध्यम से धार्मिक वातावरण को और अधिक आकर्षक बना दिया। झांकियों के मंच पर आते ही श्रद्धालु तालियों और जयकारों के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन करते दिखाई दिए।पूरी रात चले इस देवी जागरण में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से माता रानी के भजनों का श्रवण किया। कार्यक्रम में महिला, पुरुषों एवं युवाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। माता रानी के जयकारों से गुंजायमान वातावरण में श्रद्धालु देर रात तक भक्ति के रंग में रंगे रहे। आयोजन के माध्यम से ग्राम में धार्मिक उल्लास और आपसी सहभागिता का सुंदर दृश्य देखने को मिला।इस अवसर पर दिलीप वर्मा, कामिनी राजपूत, कदम सिंह फौजी, आरती राजपूत, उषा राजपूत, बृजमोहन राजपूत, अधिवक्ता संजीव, करण सिंह, विमल, शीला सहित ग्राम के बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

पंचायत चुनाव की मतगणना की तैयारियों में जुटा जिला प्रशासन, डीग में 10 कक्षों में होगी वोटों की गिनती,जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक मनीष ने किशन लाल जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पहुंचकर लिया व्यवस्थाओं का जायजा, मतपेटियों के सुरक्षित संग्रहण से लेकर बैरिकेडिंग और मीडिया व्यवस्था तक समय पर पूरी करने के दिए निर्देश

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ हिमांशु मोदी



डीग। पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के तहत मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के बाद अब जिला प्रशासन मतगणना की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गया है। मतगणना को निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर मयंक मनीष ने मंगलवार को डीग के किशन लाल जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पहुंचकर मतगणना स्थल एवं मतपेटियों के संग्रहण से जुड़ी व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतगणना कक्षों की तैयारियों, सुरक्षा इंतजामों और आवश्यक सुविधाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने विद्यालय परिसर में बनाए जा रहे सभी 10 मतगणना कक्षों का बारीकी से निरीक्षण किया। इन कक्षों में जिले की पांच पंचायत समितियों डीग, कुम्हेर, बृजनगर, कामां और पहाड़ी के जिला परिषद सदस्य एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के मतों की गणना की जाएगी। जिला परिषद सदस्य पद के लिए पांच अलग-अलग मतगणना कक्ष तथा पंचायत समिति सदस्य पद के लिए पांच मतगणना कक्ष निर्धारित किए गए हैं। इस प्रकार कुल 10 कक्षों में मतगणना की व्यवस्था प्रस्तावित है। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने प्रत्येक मतगणना कक्ष में उपलब्ध स्थान, मतगणना कार्मिकों की तैनाती, आवश्यक संसाधनों और अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतगणना स्थल पर ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे मतगणना प्रक्रिया बिना किसी बाधा के सुचारू रूप से संचालित हो सके। प्रत्येक कक्ष में आवश्यक स्थान, टेबल, कार्मिकों की सुविधा और निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को मतगणना स्थल पर काउंटिंग रूम तैयार करने, बैरिकेडिंग कराने, कंट्रोल रूम स्थापित करने तथा मीडिया कर्मियों के बैठने के लिए समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतगणना स्थल पर प्रवेश, आवागमन और अन्य व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहें, ताकि मतगणना के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था या असुविधा उत्पन्न नहीं हो। जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक मनीष ने मतपेटियों के संग्रहण एवं सुरक्षित रखरखाव से संबंधित व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतपेटियों की सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। मतगणना स्थल पर सुरक्षा, नियंत्रण और व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए सभी आवश्यक इंतजाम समय रहते पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया का अंतिम और महत्वपूर्ण चरण मतगणना है, इसलिए प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी पूरी गंभीरता और सतर्कता के साथ निभाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतगणना से पहले सभी तैयारियों का पुनः परीक्षण कर लिया जाए, ताकि निर्धारित समय पर मतगणना कार्य शुरू कराने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं आए। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य मतगणना प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराना है। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र परमार, उपखंड अधिकारी डीग अमित कुमार मीना सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए मतगणना संबंधी तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए।

खोहरी में श्री लाल जी महाराज मंदिर पर गौशाला का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया, गौ पूजन कर दिया गौ सेवा का संदेश,भजन संध्या में भजनों पर झूमे श्रद्धालु, गोपाष्टमी के महत्व पर बोले सिद्ध पीठ पीठाधीश्वर डॉ. स्वामी कौशल किशोर दास जी महाराज, अन्नकूट प्रसादी का हुआ वितरण

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ हिमांशु मोदी



डीग - जिले के खोहरी गांव स्थित सिद्ध पीठ श्री लाल जी महाराज मंदिर में गौशाला का वार्षिक उत्सव श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। उत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर में दिनभर धार्मिक आयोजनों की धूम रही। गौ पूजन, गौ भंडारा, भव्य भजन संध्या और अन्नकूट प्रसादी वितरण सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ अर्जित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गौ पूजन कर किया गया। श्रद्धालुओं ने गौ माता की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान गौ माता को तिलक लगाकर पूजा की गई तथा गौ सेवा और संरक्षण का संकल्प लिया गया। मंदिर परिसर में आयोजित गौ भंडारे में भी श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वार्षिक उत्सव के तहत मंदिर परिसर में लोक कलाकारों की ओर से भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन गायकों ने भगवान श्रीकृष्ण, गौ माता और श्री लाल जी महाराज की महिमा से जुड़े एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दीं। मधुर भजनों और भक्तिमय संगीत से पूरा मंदिर परिसर भक्तिरस से सराबोर हो गया। श्रद्धालु देर तक भजनों का आनंद लेते रहे और भक्ति भाव से झूमते नजर आए। इस अवसर पर सिद्ध पीठ पीठाधीश्वर डॉ. स्वामी कौशल किशोर दास जी महाराज ने गोपाष्टमी के धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गौ माता की सेवा, संरक्षण और संवर्धन करना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक एवं धार्मिक दायित्व है। भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा में गौ माता को विशेष स्थान प्राप्त है। गौ सेवा केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि समाज में सेवा, करुणा और संवेदनशीलता की भावना को मजबूत करने का माध्यम भी है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे गौ माता की सेवा को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं तथा गौशालाओं के संरक्षण और संचालन में यथासंभव सहयोग करें। उत्सव के समापन अवसर पर मंदिर परिसर में अन्नकूट प्रसादी का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की। पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता और गौ सेवा के प्रति समर्पण का वातावरण बना रहा। खोहरी गांव सहित आसपास के क्षेत्र में उत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

खुशखबरी : राजस्थान के 60,600 मेधावी विद्यार्थियों को मिलेंगे 20-20 हजार रुपए, टैबलेट-लैपटॉप के लिए सीधे खाते में आएगा पैसा

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी



जयपुर - राजस्थान के मेधावी विद्यार्थियों के लिए एक बड़ी और राहत भरी खबर सामने आई है। राज्य के शिक्षा विभाग ने 8वीं, 10वीं और 12वीं कक्षा के कुल 60,600 होनहार छात्रों को टैबलेट या लैपटॉप खरीदने के लिए 20-20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने की योजना बनाई है। प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त राशि को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से सीधे विद्यार्थियों के बैंक खातों में भेजा जाएगा। इसके लिए विभाग ने 121 करोड़ रुपए का बजट प्रस्ताव* तैयार कर अंतिम मंजूरी के लिए वित्त विभाग को भेज दिया है। शिक्षामंत्री मदन दिलावर के निर्णय के तहत पहले से प्रस्तावित 'ई-वाउचर' के विकल्प को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है। अब पूरा दारोमदार वित्त विभाग की स्वीकृति पर टिका है। वित्त विभाग से जब डीबीटी के इस प्रस्ताव को हरी झंडी मिल जाती है, तब छात्रों के जनआधार से लिंक बैंक खातों में जल्द ही यह राशि ट्रांसफर कर दी जाएगी। यदि डीबीटी को मंजूरी नहीं मिलती है और विभाग स्वयं टैबलेट खरीदकर वितरित करने का रास्ता चुनता है, तो टेंडर और खरीद की लंबी प्रशासनिक प्रक्रिया के कारण विद्यार्थियों को इसके लिए 4 से 6 महीने तक का लंबा इंतजार करना पड़ सकता है।

बिजलीकटौती : भरतपुर में आज 18 नवंबर को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक रहेगी बिजली कटौती, 6 फीडर और 2 जीएसएस प्रभावित

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी

भरतपुर - भरतपुर शहर में आज 18 नवंबर को विद्युत लाइनों और जीएसएस पर आवश्यक मेंटेनेंस व विकास कार्यों के चलते कई प्रमुख क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। भरतपुर इलेक्ट्रिसिटी सर्विसेज लिमिटेड (बीईएसएल) की ओर से जारी आधिकारिक शेड्यूल के अनुसार भरतपुर विकास प्राधिकरण (बीडीए) के पूर्वनियोजित कार्यों और हाई-टेंशन (एचटी) लाइनों के रखरखाव के कारण सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक अलग-अलग चरणों में बिजली कटौती की जाएगी। कंपनी के जनसंपर्क अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि तकनीकी सुधार और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह शटडाउन लिया जा रहा है, जिसके तहत शहर के कुल छह प्रमुख फीडरों और दो जीएसएस से जुड़े उपभोक्ताओं की बिजली सप्लाई प्रभावित रहेगी।

कब-कहां रहेगी कटौती - पूरा शेड्यूल

समय	प्रभावित क्षेत्र	कारण
सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक	मलाह और जेल फीडर से जुड़े समस्त इलाके	HT लाइनों की मरम्मत
दोपहर 2 से 3 बजे तक	OPH फीडर	BDA के विकास कार्य
दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक	जिला अस्पताल (District HospitÔl) फीडर	BDA के विकास कार्य
दोपहर 3 से शाम 4:30 बजे तक	रेडक्रॉस GSS और चौबुर्जा GSS के सभी फीडर	मेंटेनेंस कार्य

BESL की अपील

BESL प्रशासन ने सभी प्रभावित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह बिजली कटौती के इस समय को ध्यान में रखते हुए अपने पेयजल भंडारण और अन्य आवश्यक घरेलू व व्यावसायिक कार्य समय रहते पहले ही निपटा ल

राजकीय हाईस्कूल गुमाई में निबंध प्रतियोगिता आयोजित

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



जनपद के अस्तित्व फाउंडेशन द्वारा 'मेरा गांव' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय हाईस्कूल गुमाई में किया गया। कार्यक्रम में अस्तित्व फाउंडेशन ट्रस्ट के संस्थापक नीरज जी, सह संस्थापक डॉ. हेमंत कुमार यादव एवं दीनदयाल यादव, विद्यालय के प्राचार्य राम निहोर, नवल जी, आशीष जी एवं समस्त स्टाफ तथा संस्था सदस्य अजय कुमार मौजूद रहे। प्रतियोगिता में चांदनी ने प्रथम, प्रांशी ने द्वितीय तथा रोशनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रिया, काजल, मोहनी, मालती, आशीष सहित अन्य प्रतिभागियों ने भी सराहनीय प्रयास किया।

बबेरू धान मंडी में किसानों के शोषण का आरोप, बुंदेलखंड इंसाफ सेना ने उठाए सवाल

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



जनपद के बबेरू धान मंडी में धान खरीद व्यवस्था को लेकर किसानों के लगाए जा रहे आरोपों पर बुंदेलखंड इंसाफ सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ए.एस. नोमानी ने कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है। नोमानी ने कहा कि मंडी में कुछ व्यापारी धान खरीद के नाम पर मनमानी कर रहे हैं और किसानों की फसल का उचित मूल्य नहीं दे रहे हैं। आरोप है कि जो किसान खरीद प्रक्रिया पर सवाल उठाते हैं, उनके धान से भरे ट्रैक्टर वापस लौटा दिए जाते हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि बबेरू मंडी में धान खरीद व्यवस्था की निष्पक्ष जांच कराई जाए, तौल और खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। नोमानी ने चेतावनी दी कि यदि किसानों को न्याय नहीं मिला तो बुंदेलखंड इंसाफ सेना किसानों के हक में आवाज बुलंद करेगी।

हीरा मॉडल एवं हीरा इस्लामिया इंटर कॉलेज की 30वीं वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



जनपद के नरैनी रोड स्थित हीरा मॉडल एवं हीरा इस्लामिया इंटर कॉलेज में मंगलवार, 17 नवंबर 2026 को 30वीं वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं पूर्व हॉकी ओलंपियन सैयद अहमद मगरबी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर खेल भावना, उत्साह और उमंग से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के उपप्रधानाचार्य चांद बाबू ने मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों का बैज अलंकरण कर स्वागत एवं सम्मान किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने आकर्षक मार्च पास्ट (परेड) प्रस्तुत कर अतिथियों का झंडों के माध्यम से अभिनंदन किया। अनुशासन, एकता और खेल भावना से ओतप्रोत इस शानदार परेड ने सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि सैयद अहमद मगरबी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल को केवल समय व्यतीत करने के लिए नहीं खेलना चाहिए, बल्कि खेल के माध्यम से अपना नाम और पहचान बनाने का लक्ष्य रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। खिलाड़ी अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर इन योजनाओं का लाभ उठाकर बेहतर भविष्य बना सकते हैं। इसके बाद मुख्य अतिथि ने सिक्का उछालकर विद्यालय की खो-खो प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में येलो ग्रुप की बालिकाओं ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कड़े मुकाबले में ब्लू ग्रुप की बालिकाओं को फाइनल में पराजित कर जीत हासिल की। खिलाड़ियों के उत्साह और शानदार प्रदर्शन पर उपस्थित लोगों ने तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा विद्यालय के राज्य स्तरीय, मंडलीय एवं जनपद स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व हॉकी खिलाड़ी एवं शारीरिक शिक्षक खानकाह इंटर कॉलेज बांदा के शाहिद वली खान, मंडलीय सचिव एवं शारीरिक शिक्षक आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज के रमेशचंद्र, कबड्डी कोच बाबा फरीद, राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रद्युम्न सिंह, एनआईएस कोच सलमान हाश्मी एवं शुभम सिंह उपस्थित रहे। विशेष रूप से विद्यालय के शारीरिक शिक्षक अशोक कुमार को उनके खेल क्षेत्र में योगदान के लिए मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। खेल समारोह के साथ-साथ विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक विज्ञान प्रदर्शनी भी लगाई गई। विद्यालय के शिक्षक महेश पाल, शिक्षिका रफत बेगम एवं सोमी अली ने अतिथियों को प्रदर्शनी का अवलोकन कराया। विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न विज्ञान मॉडलों एवं नवाचारों को देखकर अतिथियों ने उनकी प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं ही आगे चलकर विद्यालय, जनपद, प्रदेश और देश का नाम रोशन करते हैं। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक अशोक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 30वीं वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन 21 नवंबर 2026 को होगा। प्रतियोगिता के आगामी दिनों में क्रिकेट, बैडमिंटन, कबड्डी, विभिन्न प्रकार की दौड़ एवं अन्य खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती मरयम खान ने मुख्य अतिथि एवं सभी विशिष्ट अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के शिक्षक राहुल रावत ने किया।

मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राजकीय राजनीतिक दलों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी की बैठक संपन्न

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



जिला निर्वाचन अधिकारी, बाँदा की अध्यक्षता में मंगलवार प्रातः 10.00 बजे समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय / राजकीय राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता दिनांक 01-01-2027 के आधार पर जारी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर मंगलवार दिनांक 17-11-2026 को मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन कर दिया गया है। दावे / आपत्तियाँ दिनांक 17-11-2026 से दिनांक 16-12-2026 तक प्राप्त की जायेंगी। विशेष अभियान तिथियाँ दिनांक 21 व 22 नवम्बर 2026 तथा 28 व 29 नवम्बर 2026 निर्धारित हैं। दावे / आपत्तियों का निस्तारण दिनांक 28-12-2026 तक किया जायेगा तथा निर्वाचक नामावली का अन्तिम प्रकाशन दिनांक 04-01-2027 को होगा। बैठक में अवगत कराया गया कि जनपद में कुल 1537 मतदेय स्थल हैं तथा आलेख्य प्रकाशन के समय कुल मतदाताओं की संख्या 12,40,375 है, जिसमें 232-तिन्दवारी में 3,12,416, 233-बबेरू में 3,18,433, 234-नरैनी (अ.जा.) में 3,25,368 तथा 235-बाँदा में 2,84,158 मतदाता हैं।आलेख्य प्रकाशन के दिन मतदाता सूची की एक-एक सैट हार्ड प्रति प्रत्येक विधान सभावार एवं साफ्ट कापी राजनीतिक दलों को निःशुल्क उपलब्ध करायी जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि पुनरीक्षण अवधि में बूथ लेवल एजेण्ट (बीएलए) नियुक्त कर उसकी बूथवार सूची संबंधित उप जिलाधिकारी / ईआरओ कार्यालय एवं जिला निर्वाचन कार्यालय में अपने हस्ताक्षरों से उपलब्ध कराने का कष्ट करें। पुनरीक्षण के दौरान साप्ताहिक रूप से विधान सभा स्तर पर एवं जिला स्तर पर बैठक आहूत की जायेगी। बैठक के अंत में सभी राजनीतिक दलों से विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी करते हुए अधिक से अधिक सहयोग प्रदान करने एवं बीएलए नियुक्त करने का अनुरोध किया गया।

जलेसर में चोरों का आतंक, तीन मकानों के ताले तोड़कर लाखों के जेवरात व नकदी चोरी

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक



जलेसर/एटा। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी की बढ़ती घटनाओं ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। चोर आए दिन मकानों को निशाना बनाकर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं। ताजा मामला नगर के रेलवे स्टेशन रोड का है, जहां सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने तीन मकानों के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर एक विधवा महिला के मकान से सोने-चांदी के आभूषण और नकदी सहित लाखों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी होने पर क्षेत्र में खलबली मच गई। पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोतवाली जलेसर क्षेत्र के रेलवे स्टेशन रोड निवासी ऊषादेवी पत्नी स्वर्गीय सतीश चंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार सुबह वह अपने मकान की साफ-सफाई करने पहुंचीं। इसी दौरान उन्होंने देखा कि उनके पड़ोसी अंकित उपाध्याय पुत्र शीलेंद्र उपाध्याय तथा कल्याण सिंह पुत्र रामवरन के मकानों के ताले टूटे हुए थे। यह देखकर उन्हें अपने मकान में भी चोरी होने की आशंका हुई। जब उन्होंने अपने घर के मुख्य दरवाजे का ताला खोलकर अंदर प्रवेश किया तो कमरे का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा मिला और वहां रखे बक्सों के ताले टूटे हुए थे।पीड़िता के अनुसार, चोर बक्सों में रखे सोने-चांदी के कीमती आभूषण और नकदी चोरी कर ले गए। चोरी हुए सामान में लगभग 10 ग्राम वजन की सोने की एक जोड़ी कान की झुमकी, करीब 10 ग्राम का सोने का गले का हार (मंगलसूत्र), लगभग 100 ग्राम वजन की चांदी की एक जोड़ी पायल, करीब 10 ग्राम वजन की सोने की दो अंगूठियां तथा पांच हजार रुपये की नकदी शामिल है।पीड़िता ने बताया कि जब उन्होंने मकान के ऊपरी हिस्से में जाकर देखा तो पता चला कि अज्ञात चोर पड़ोसी के मकान की ओर से होते हुए उनके घर की सीढ़ियों के दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए थे। इसके बाद चोरों ने कमरों में रखे बक्सों को खंगालकर कीमती आभूषण और नकदी पार कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद चोर मौके से फरार हो गए।घटना की जानकारी मिलते ही पीड़िता ने डायल 112 पर सूचना दी। सूचना पर कोतवाली पुलिस और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई। पीड़िता ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को लिखित तहरीर देकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने और अज्ञात चोरों का पता लगाकर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।एक ही रात में तीन मकानों के ताले टूटने की घटना से रेलवे स्टेशन रोड के निवासियों में भय का माहौल है। लगातार हो रही चोरी की वारदातों के चलते लोगों को अपने घरों की सुरक्षा की चिंता सताने लगी है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने तथा चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की है।इस संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अखिलेश दीक्षित ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर चोरी का अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है।

एटा में प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित, 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक दर्ज होंगी दावे-आपत्तियां

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक



एटा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के अंतर्गत अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इसी क्रम में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एम. अरुन्मोली की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के अध्यक्षों तथा प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक में जनपद की चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की आलेख्य मतदाता सूची का प्रकाशन करते हुए उसकी प्रतियां राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गईं।बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि आलेख्य मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है। 17 नवंबर से 16 दिसंबर 2026 तक मतदाता सूची के संबंध में दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों की मतदाता सूची का गंभीरता से अवलोकन करें तथा पात्र नागरिकों के नाम सूची में सम्मिलित कराने के लिए सक्रिय सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य नए पात्र मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने के साथ-साथ वर्तमान मतदाताओं को भी उनके मताधिकार का पूर्ण लाभ सुनिश्चित कराना है। प्रत्येक नागरिक समय रहते मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांच ले। यदि किसी पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल नहीं है अथवा विवरण में कोई त्रुटि है तो निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवश्यक आवेदन प्रस्तुत करें।जिलाधिकारी ने विशेष रूप से 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिन युवाओं की आयु 01 जनवरी 2027 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है, वे अपना पंजीकरण अवश्य कराएं, जिससे उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी का अवसर मिल सके। इसके साथ ही जनपद में महिलाओं का लिंगानुपात कम होने के दृष्टिगत महिलाओं एवं बालिकाओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र महिला एवं पुरुष का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए सामूहिक रूप से प्रयास किए जाएं, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता पंजीकरण से वंचित न रहे।मतदाता पुनरीक्षण अभियान को प्रभावी बनाने के लिए 21 नवंबर (शनिवार), 22 नवंबर (रविवार), 28 नवंबर (शनिवार) एवं 29 नवंबर (रविवार) को चार विशेष अभियान दिवस निर्धारित किए गए हैं। इन तिथियों पर सभी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहेंगे। इस दौरान नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए आवश्यक प्रपत्र उपलब्ध कराए जाएंगे तथा मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने, विवरण में संशोधन एवं अन्य आवश्यक जानकारियां दी जाएंगी। जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपने-अपने बूथों पर बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बीएलए एवं बीएलओ के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होने से मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में पारदर्शिता एवं सुगमता आएगी।

डीएवी इंटर कॉलेज और पीएमश्री विद्यालय में प्रकाशित हुई प्रारूप मतदाता सूची



सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक

अलीगंज/एटा। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत मंगलवार को डीएवी इंटर कॉलेज एवं पीएमश्री विद्यालय में प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन का आयोजन किया गया। इस दौरान दोनों विद्यालयों में मतदाता सूची का प्रारूप सार्वजनिक किया गया, जिससे नागरिक अपने नाम एवं संबंधित विवरणों का अवलोकन कर सकें।तहसीलदार संजय कुमार ने दोनों विद्यालयों में पहुंचकर मतदाता सूची के प्रकाशन की व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना आवश्यक है, ताकि वह निर्वाचन के समय अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके।उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे प्रारूप मतदाता सूची में अपना नाम, पिता अथवा पति का नाम, आयु, पता सहित अन्य विवरणों की सावधानीपूर्वक जांच करें। यदि किसी प्रकार की त्रुटि अथवा पात्र व्यक्ति का नाम सूची में सम्मिलित नहीं है, तो निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत दावा या आपत्ति प्रस्तुत कर आवश्यक संशोधन कराया जा सकता है।

गंगा,गाय,गीता,गायत्री व गोविंद ये पाँचो भारतीय संस्कृति की महान धरोहर है ,गौ माता को राष्ट्र माता का स्थान मिलना चाहिए- हरि चैतन्य पुरी

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोटी



कामवन - तीर्थराज विमल कुण्ड स्थित श्री हरि कृपा आश्रम के संस्थापक एंव श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर व विश्व विख्यात संत स्वामी हरि चैतन्य पुरी महाराज ने आज यहाँ श्री हरि कृपा आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि गंगा,गाय, गीता, गायत्री, गोविंद ये पांचों भारतीय संस्कृति की महान धरोहर है। अन्य देशों के विचारकों ने भी इसको स्वीकार किया है और वह उसे अपनाने का प्रयास कर रहे हैं, परंतु हम भारतवासी सहज में प्राप्त इन सभी का महत्व ना समझकर इनके लाभ से वंचित रह रहे हैं। यदि हम पाँच में से किसी एक की भी शरण ले लें तो मानव का कल्याण सुनिश्चित है। गाय सम्पूर्ण विश्व की माँ है । हमारे प्यारे भारतवर्ष में गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा प्राप्त होना चाहिए । परमात्मा श्री कृष्ण व श्री राम इत्यादिक अवतारों ने जिस गाय की पूजा, सेवा करके उसकी महिमा को प्रतिष्ठापित किया हो आज उसी हमारे प्यारे देश में गाय की दुर्दशा व गौ हत्या एक निन्दनीय व शर्मनाक अपराध है । जिस पर पूर्णतः प्रतिबंध लगना चाहिए। गौ माता की जय जय कार करें लेकिन दूध निकाल कर उसे गन्दगी व डन्डे खाने को छोड़ दे तो यह कैसी जय जय कार है। संकल्प लें कि गाय माता को आवारा पशु नहीं कहेंगे व नाहीं कहलायेंगे । उन्होंने कहा कि दूसरों को नुकसान पहुँचाने वालों का अपना ही नुकसान होता है यदि दूसरा हमें नुकसान पहुँचाए तो हम बचाव की स्थिति अपनाएं। आक्रमक दृष्टि न होने दें, क्षमाशील बने। क्षमा कायरों का नहीं अपितु वीरों का आभूषण है। मानव पर जगत व जगपति दोनों का अधिकार है लेकिन मानव का इन पर अधिकार मानना अज्ञानता है। ह्यजगत की चिंता करें जगत्पतिह्न जगत को सुधारने की चिंता यदि हम करें तो जगत सुधरेगा या नहीं पर हम जरूर बिगड़ जाएंगे। समाज सुधारक नहीं समाज सेवक बनने का प्रयास करें। उन्होंने अपने ओजस्वी प्रवचनों में कहा कि संत,गुरु, शास्त्र या ग्रंथ इनके पास क्या है यह इतना महत्वपूर्ण नहीं जितना यह कि श्रोता उनसे क्या ग्रहण करता है। बुद्धिमान वही कहलाता है जो व्यवहार करने से पूर्व विचार करता है। जबकि मूर्ख व्यक्ति व्यवहार के बाद विचार करता है उसे पश्चाताप, गिलानी व हास्य का पात्र बनना पड़ता है। अपने विवेक को कभी खोना नहीं चाहिए। स्वः सम्मान को कभी प्राप्ति का लक्ष्य नहीं बनाना चाहिए क्योंकि सम्मान को लक्ष्य बनाने पर यदि सम्मान नहीं मिला तो क्षुब्ध होना पड़ता है। विद्वान व्यक्ति अपनी संपूर्ण कामनाओं को संकुचित कर हर प्रकार के बंधनों से मुक्त हो जाता है। समस्त कामनाओं का परित्याग करके ही मनुष्य ब्रह्म भाव को प्राप्त करता है। सत्पुरुषों का आचरण व कार्य सदैव अनुकरणीय होता है। उन्होंने कहा कि भूतकाल से प्रेरणा लें, हो चुकी गलतियों को सुधारें, भविष्य के लिए योजनाएं चाहे बनाए लेकिन वर्तमान में जीना सीख ले। सर्वाधिक महत्वपूर्ण समय वर्तमान ही है। वर्तमान का ही उत्तम से उत्तम सदुपयोग करें। वर्तमान को छोड़कर मात्र भूत व भविष्य का चिंतन मूर्खता है।

विश्वविद्यालय की परीक्षाएं शुरू, पहले दिन 11 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित



सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक

जलेसर/एटा। राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय की परीक्षाएं मंगलवार से प्रारंभ हो गईं। परीक्षा के पहले दिन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जलेसर में तीन पालियों में विभिन्न विषयों की परीक्षाएं आयोजित की गईं। महाविद्यालय प्रशासन की सख्ती एवं निगरानी के बीच परीक्षा प्रक्रिया संपन्न हुई। पहले दिन कुल 177 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 11 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे।राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओंकार सिंह ने बताया कि मंगलवार को प्रथम पाली में बीए प्रथम सेमेस्टर के अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इसमें कुल 71 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से चार परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी क्रम में द्वितीय पाली में बीए तृतीय सेमेस्टर के संस्कृत विषय की परीक्षा संपन्न हुई। इस परीक्षा में कुल 16 परीक्षार्थियों में से चार परीक्षार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे। वहीं, तृतीय पाली में बीए पंचम सेमेस्टर के हिंदी विषय की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें पंजीकृत 90 परीक्षार्थियों में से तीन परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।प्राचार्य ने बताया कि विश्वविद्यालय की परीक्षाओं को व्यवस्थित एवं सुचारु ढंग से संपन्न कराने के लिए महाविद्यालय प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। परीक्षा के दौरान निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार परीक्षार्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि परीक्षाओं का क्रम आगामी दिनों में भी जारी रहेगा।डॉ. ओंकार सिंह ने बताया कि आगामी 25 नवंबर से महाविद्यालय में बीएड की परीक्षाएं भी प्रारंभ होनी हैं। इसके लिए अतिरिक्त कक्ष निरीक्षकों की आवश्यकता होगी।

भाजपा की जिला कार्यशाला में मतदाता जोड़ो अभियान-2026 का शंखनाद, हर बूथ पर नए मतदाता जोड़ने की बनेगी रणनीति

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक



एटा। आगामी विधानसभा चुनावों के दृष्टिगत भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक गतिविधियों को गति देते हुए मतदाता पुनरीक्षण अभियान की तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में भाजपा जिला कार्यालय एटा पर ह्यमतदाता जोड़ो अभियान-2026ह्न के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला एवं महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता ने की। कार्यशाला में आगामी संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में सम्मिलित कराने की रणनीति पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।बैठक में आगामी 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक चलने वाले मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निर्णय लिया गया कि अभियान के दौरान जनपद की सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्येक बूथ पर विशेष सक्रियता के साथ कार्य किया जाएगा। इसके लिए विधानसभा स्तर पर बैठकें आयोजित कर शक्ति केंद्रवार कार्ययोजना तैयार की जाएगी, जिससे अभियान को व्यापक स्तर पर गति मिल सके।कार्यशाला में विशेष रूप से नए एवं युवा मतदाताओं को मतदाता सूची से जोड़ने पर जोर दिया गया। कार्यकर्ताओं से कहा गया कि वे अपने-अपने बूथ क्षेत्रों में ऐसे युवाओं को चिह्नित करें, जो निर्धारित आयु पूर्ण कर चुके हैं और अभी तक मतदाता सूची में पंजीकृत नहीं हैं। ऐसे सभी पात्र युवाओं का नियमानुसार पंजीकरण कराने में सहयोग किया जाए, ताकि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें।इसके साथ ही मतदाता सूची को पारदर्शी, त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाने पर भी विशेष चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि वे मतदाता सूची का गहनता से अवलोकन करें तथा नियमानुसार मृत एवं अपात्र मतदाताओं के नाम हटवाने के लिए संबंधित निर्वाचन अधिकारियों के समक्ष आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराने में सहयोग करें। पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि मतदाता सूची में प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम दर्ज होना चाहिए तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि को निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से ठीक कराया जाना चाहिए।बैठक में संगठनात्मक मजबूती को अभियान की सफलता का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए बूथ स्तर तक समन्वय स्थापित करने पर बल दिया गया। आगामी दिनों में विधानसभा स्तर पर अलग-अलग बैठकें आयोजित कर शक्ति केंद्रों के अनुसार कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां निर्धारित की जाएंगी।

विधानसभा चुनाव-2027 की तैयारियां तेज, ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को कराया गया सुरक्षित स्थानांतरित

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक



एटा। आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं को गति देना शुरू कर दिया है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में मंगलवार को जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एम. अरुन्मोली तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. इलामारन ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम वेयरहाउस खुलवाया। इस दौरान निर्धारित ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों को निकलवाकर दूसरे सुरक्षित वेयरहाउस में रखवाने की प्रक्रिया नियमानुसार संपन्न कराई गई।इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। अधिकारियों ने वहां स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली, रिकॉर्डिंग व्यवस्था तथा सुरक्षा से संबंधित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने मौके पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। साथ ही वेयरहाउस की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी।जिलाधिकारी एम. अरुन्मोली ने निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के सुरक्षित रखरखाव तथा आगामी जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए निर्वाचन से संबंधित सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों एवं दिशा-निर्देशों के अनुसार पूरी की जाएं।उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में इन मशीनों के सार्वजनिक प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनके माध्यम से आम नागरिकों एवं मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) तथा वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) की कार्यप्रणाली की विस्तार से जानकारी दी जाएगी। इससे मतदाता मतदान प्रक्रिया को बेहतर ढंग से समझ सकेंगे तथा मशीनों को लेकर किसी भी प्रकार की भ्रांति दूर करने में सहायता मिलेगी। साथ ही मतदाताओं में निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जागरूकता और विश्वास बढ़ेगा।प्रशासन की ओर से निर्वाचन संबंधी तैयारियों के तहत मशीनों के सुरक्षित रखरखाव, सुरक्षा निगरानी एवं प्रशिक्षण गतिविधियों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संपन्न कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अजय नारायण सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विपिन कुमार मोरल सहित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के हाजी आशिक हुसैन भोले, भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री सुशील कुमार गुप्ता, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष परवेज जुबैरी एवं उपाध्यक्ष भूपेंद्र प्रजापति, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष सोनू कुमार तथा मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के ज्ञान सिंह सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

अवैध गांजे के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार, 1250 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा जनपद बांदा को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान ह्नऑपरेशन ईगलह्न के क्रम में थाना मरका पुलिस द्वारा अवैध सूखे गांजे के साथ 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया